CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

लखनऊ, रविवार 24 अगस्त 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 293 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 29 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



देश की प्रगति के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव जरूरी: चौहान पेज 2



भारत ने एयर राइफल में दो मिश्रित टीम स्वर्ण जीते खेल टाइम्स



सर्जियो भारत में अमेरिकी राजदूत बने पेज 11



पिता के खिलाफ जाकर एक्ट्रेस बनी वाणी कपूर बॉलीवुड

# उत्तराखंड में नहीं थम रहा आपदा की विभीषिका का दंश

## थराली आबादी क्षेत्र में टुनरी गदेरे ने मचाया गदर, एक की मौत, सीएम धामी कर रहे निगरानी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**चमोली /देहरादून।** उत्तराखंड में आपदा का दंश रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इस बार के मानसून में ही कुछ दिनों पहले धराली आपदा, फिर स्याना चट्टी की झील और अब थराली कस्बे में आपदा का दर्द सहना पड़ रहा है।

बीती रात तहसील थराली के अंतर्गत टुनरी गदेरे में पानी बढ़ने के कारण तहसील परिसर, चेपड़ो बाजार, कोटदीप बाजार और कुछ घरों में 1 से 2 फीट मलबा घुस गया और कुछ वाहन भी मलबे में दबे है। रा.उ.नि. थराली द्वारा बताया गया कि ग्राम संगवाड़ा में एक मकान में मलबा आने के कारण एक लड़की मलबे में दब गई थी जिसके शव को डीडीआरएफ थराली के जवानों के द्वारा रेस्क्यू किया गया। इसके अलावा अतिवृष्टि के कारण ग्राम चेपड़ो में एक व्यक्ति लापता है जिसकी खोजबीन प्रशासन द्वारा की जा रही है। जिला प्रशासन राहत व बचाव कार्य में जुटा है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर राहत-बचाव कार्यो का निरीक्षण कर रहे हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पुलिस बल की टीमें राहत बचाव का कार्य कर रही हैं। शनिवार को मौके पर जिला प्रशासन, तहसील प्रशासन, पुलिस विभाग, डीडीआरएफ के सात जवान, एनडीआरएफ के 27 जवान, एसडीआरएफ के 12 जवान, एसएसबी ग्वालदम के 12 जवान, बीआरओ, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है।

■ **तेजी से चल रहे राहत कार्य, प्रशासन के साथ एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी व एसएसबी की टीमें जुटीं**

### थराली आपदा : सीएम धामी ने दु:ख जताया

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जनपद के थराली क्षेत्र में शुक्रवार देर रात बादल फटने के कारण मलबे में दबने से एक युवती के निधन पर गहरा दु:ख प्रकट करते हुए एक व्यक्ति के लापता होने की सूचना पर उनके सुरक्षित व सकुशल होने की कामना की है। इस बीच मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस, आपदा प्रबंधन विभाग और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचकर बचाव और राहत कार्य में जुट गई हैं।

# मखाना किसानों की दुर्दशा के लिए सरकार दोषी: राहुल

पटना, वार्ता

**लोकसभा में** नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने सरकार पर हमला बोला और कहा कि दलित और पिछड़े किसानों, खासकर बिहार के मखाना उत्पादकों की दुर्दशा के लिए सरकार जिम्मेदार है।

श्री गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि वोट चोरी करने वाली सरकार अति पिछड़े, दलित मजदूरों और किसानों की न तो कद्र करती है और न ही उनकी परवाह करती है। वर्तमान सरकार बिहार की गरीब जनता को ना तो न्याय दे रही है और ना ही उनकी आय के साधन बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि वोट का अधिकार और आजीविका का अधिकार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और हमारा गठबंधन ध्यान रखेगा कि गरीब जनता इसे खो ना दे। श्री गांधी ने बिहार में चल रही वोटर अधिकार यात्रा के दौरान मखाना किसानों से उनके खेतों में मुलाकात की। और उनकी शिकायतें सुनीं।

■ **वोट चोरी करने वाली सरकार किसानों की कद्र नहीं करती**

### प्रियंका, अखिलेश, स्टालिन व सोरेन यात्रा में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** अध्यक्ष राहुल गांधी की वोट चोरी के खिलाफ बिहार में चल रही वोटर अधिकार यात्रा में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ ही इंडिया गठबंधन के अखिलेश यादव, एम के स्टालिन तथा हेमंत सोरेन जैसे प्रमुख नेता भी शामिल होंगे।

### पुलिस मुठभेड़ में एक लाख का इनामी बदमाश ढेर

**आजमगढ़।** उप्र पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने आजमगढ़ जिले के जहानागंज क्षेत्र में शनिवार तड़के एक सशस्त्र मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी बदमाश को मार गिराया। एसटीएफ वाराणसी इकाई को सूचना मिली थी कि लूट और हत्या के मामलों में वांछित एक लाख रुपये का इनामी अपराधी शंकर कनौजिया आजमगढ़ क्षेत्र में अपने गिरोह के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इस सूचना के आधार पर निरीक्षक पुनीत परिहार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक आलोक सिंह, मुख्य आरक्षी अनिल चौरसिया, सुमित सिंह और राजेंद्र पांडेय की टीम ने जहानागंज थाना क्षेत्र में कार्रवाई शुरू की। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी के दौरान शंकर कनौजिया ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाना शुरू कर दिया। पुलिस टीम के सदस्य बाल-बाल बच गए। जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से शंकर कनौजिया गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पूर्व जज का बयान अपमानजनक: एससीडब्ल्यूएलए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट महिला वकील संघ (एससीडब्ल्यूएलए) ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज मार्कंडेय काटजू की टिप्पणी को चौंकाने वाला और अपमानजनक बताया है। काटजू ने 20 अगस्त को सोशल मीडिया पर लिखा था कि जिन महिला वकीलों ने मुझे आंख मारी, मैंने उनके पक्ष में फैसला दिया। एससीडब्ल्यूएलए ने शनिवार को कहा कि यह बयान हर महिला वकील की गरिमा, ईमानदारी और पेशेवर पहचान पर सीधा हमला है। ऐसे शब्द महिलाओं की मेहनत और योग्यता को कमतर दिखाते हैं। एससीडब्ल्यूएलए ने कहा एक पूर्व जज, जिन्हें कभी संविधान की रक्षा और न्यायिक मूल्यों को बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उनसे ऐसी सोच की उम्मीद नहीं थी। ऐसे बयान न्यायपालिका की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हैं और समाज में गलत धारणाओं को बढ़ावा देते हैं।

# भारत ने की अमेरिकी पोस्टल सर्विस सस्पेंड

## अब अमेरिका जाने वाले सभी सामानों पर लगेगी ड्यूटी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ट्रम्प के टैरिफ के जवाब में भारतीय डाक विभाग 25 अगस्त से अमेरिका के लिए सभी तरह के डाक सामानों की बुकिंग सस्पेंड करने जा रहा है। फिलहाल ये फैसला अस्थायी रूप से लागू होगा। शनिवार को डाक विभाग ने एक प्रेस नोट जारी कर इसकी जानकारी दी।

पोस्टल डिपार्टमेंट ने कहा कि 29 अगस्त से अमेरिका जाने वाले सभी अंतर्राष्ट्रीय डाक सामानों पर देश-विशेष इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर एक्ट (आईईईपीए) टैरिफ स्ट्रक्चर के अनुसार कस्टम ड्यूटी देनी होगी। चाहे उनकी कीमत कितनी भी हो। हालांकि, 100 डॉलर (करीब 8,700 रुपये) तक की कीमत वाले गिफ्ट आइटम्स को ड्यूटी से छूट मिलती रहेगी। ये फैसला अमेरिकी प्रशासन के 30 जुलाई को जारी किए गए कार्यकारी आदेश के बाद लिया गया है, जिसमें 800 डॉलर (करीब 70 हजार रुपये) तक की कीमत वाले सामान पर दी जाने वाली ड्यूटी-फ्री छूट को खत्म कर दिया गया है। डाक सेवाओं का बंद होना उस समय हो रहा है जब भारत और अमेरिका के बीच बिजनेस टेंशन बढ़ रही है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। वहीं, रूस से तेल खरीदने की वजह से 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ पेनल्टी के रूप में लगाया है। इससे भारत पर टोटल अमेरिकी टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है।



■ **महज 100 डॉलर तक के गिफ्ट पर छूट मिलेगी**

### भारत-अमेरिका की कट्टी नहीं: जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि अभी भी भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड को लेकर बातचीत जारी है और उनके बीच कोई 'कट्टी (झगड़ा)' नहीं हुआ है। नई दिल्ली में आयोजित इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम 2025 में शनिवार को बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत किसानों और छोटे उत्पादकों के हितों को ध्यान में रखकर फैसले ले रहा है। रूसी तेल खरीद पर उन्होंने कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हित को देखते हुए ही फैसले लेगा।

### जयशंकर ने ट्रम्प को दिखाया आईना कहा: पाकिस्तान के मामले में कभी भी किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम कराने का दावा कर रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने आईना दिखाया। विदेश मंत्री ने साफ तौर पर कहा कि हमने पाकिस्तान के मामले में कभी भी किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। पाकिस्तान के साथ मध्यस्थता को लेकर भारत का रुख हमेशा स्पष्ट रहा है और आगे भी रहेगा। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष के मुद्दे पर हमने 1970 से लेकर अब तक 50 साल में कभी भी किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। भारत में हमेशा से राष्ट्रीय सहमति रही है कि हम पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों में मध्यस्थता स्वीकार नहीं करते हैं। जब व्यापार की बात आती है, किसानों के हितों की बात आती है, जब हमारी रणनीतिक स्वायत्तता की बात आती है, जब मध्यस्थता के विरोध की बात आती है, तो सरकार बहुत स्पष्ट है।



# रिलायंस कम्युनिकेशंस पर 2000 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी का केस दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने कथित बैंक धोखाधड़ी के सिलसिले में शनिवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसके परिसरों की तलाशी ली। इस धोखाधड़ी से भारतीय स्टेट बैंक को 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।

उन्होंने बताया कि एजेंसी आरकॉम और उसके प्रमोटर निदेशक अनिल अंबानी से जुड़े परिसरों की तलाशी ले रही है। सीबीआई ने यह कार्रवाई भारतीय स्टेट बैंक की शिकायत के आधार पर की है, जिसने 13 जून को इन संस्थाओं को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत किए जाने के बाद एजेंसी से संपर्क किया था। यह कार्रवाई आरबीआई के धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन पर मास्टर निर्देशों और बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित धोखाधड़ी के वर्गीकरण, रिपोर्टिंग और प्रबंधन नीति के अनुसार की गई थी। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पिछले महीने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा था कि 24 जून, 2025 को बैंक ने आरबीआई को धोखाधड़ी के वर्गीकरण की सूचना दी थी और अब वह सीबीआई में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया था कि आरकाम में एसबीआई के ऋण जोखिम में 26 अगस्त, 2016 से प्रभावी 2,227.64 करोड़ रुपये की निधि-आधारित मूल बकाया राशि (साथ ही अर्जित ब्याज और व्यय) और 786.52 करोड़ रुपये की गैर-निधि-आधारित बैंक गारंटी शामिल है। आरकॉम दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। समाधान योजना को लेनदारों की समिति की ओर से अनुमोदित किया गया था और 6 मार्च, 2020 को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी), मुंबई में दायर किया गया था।



■ **सीबीआई ने अनिल अंबानी से जुड़े परिसरों की तलाशी ली**

### भारतीय एयरस्पेस पाक के लिए 24 सितम्बर तक बंद

**नई दिल्ली।** भारत ने 24 सितम्बर तक पाकिस्तान के लिए अपना एयरस्पेस बंद रखने का फैसला किया है। भारत ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद एयरस्पेस बंद करने का फैसला लिया था।

# जापान-यूरोप भारतीय स्पेस मिशन को लेकर उत्साहित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इसरो ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के मौके पर भारत मंडपम में कार्यक्रम का आयोजन किया। द्वितीय अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह और इसरो अध्यक्ष वी नारायणन ने भाग लिया। अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम में भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि मैं बहुत उत्साहित हूं कि हम क्या करने की योजना बना रहे हैं।

दो साल पहले हमारे पास यह उत्साह नहीं था। एक साल के अंदर हम यह उत्साह कायम करने में कामयाब रहे हैं। हमारे पास आगे बढ़ने के लिए कई बड़ी महत्वाकांक्षाएं हैं। जैसे गगनयान मिशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और चंद्रमा पर उतरना। इसके लिए यहां बैठे सभी बच्चों को उत्साहित होना चाहिए। हमें आपकी जरूरत है। उन्होंने कहा कि बड़ी और साहसिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हमें पूरे देश के संसाधनों की आवश्यकता है। यह उत्साह जो मैं यहां देख रहा हूं, वह इस हाल तक सीमित नहीं है। भारत के लिए यह उत्साह पूरी दुनिया में मौजूद है। जापानी और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसियां हमारे मिशन को लेकर बहुत अधिक उत्साहित हैं। जहां तक अंतरिक्ष अन्वेषण का सवाल है, यह हमारे देश के लिए स्वर्णिम काल है। इससे पहले कार्यक्रम में इसरो अध्यक्ष वी नारायणन ने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के लिए कुछ लोगों को धन्यवाद देना चाहिए।



■ **अंतरिक्ष दिवस पर भारत मंडपम में कार्यक्रम में बोले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला**

### भारत अपना स्पेस स्टेशन भी बनाएगा: मोदी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में भारत मंडपम में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला के साथ गगनयान मिशन पर जाने वाले अन्य अंतरिक्षयात्री भी मौजूद रहे। साथ ही केंद्रीय विज्ञान और तकनीक मंत्री जितेंद्र सिंह और इसरो के चेयरमैन वी. नारायणन भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने देशवासियों को दूसरे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार के अंतरिक्ष दिवस की थीम आर्यभट्ट से गगनयान तक है। इसमें अतीत का आत्मविश्वास भी है और भविष्य का संकल्प भी। आज हम देख रहे हैं कि इतने कम समय में ही राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस हमारे युवाओं के बीच उत्साह और आकर्षण का विषय बन गया है। यह देश के लिए गौरव की बात है।

■ **अंतरिक्ष क्षेत्र में एक के बाद एक नई उपलब्धि हासिल कर रहा भारत**

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
• आंखे पथराना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना
• मुंह से झाग निकलना
• मुंह एक तरफ हो जाना
• जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• मुट्ठियां कसना
• गर्दन टेढ़ी पड़ना
• अचानक झटका-सा लगना
• घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव की गरिमा बनी रहे: विपक्ष के उपराष्ट्रपति कैंडिडेट

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव से पहल इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि वे चाहते हैं कि इस चुनाव की गरिमा बनी रहे और ये अब तक के सभ्य चुनावों में से एक हो। कोई किसी पर पर्सनल अटैक न करे। विपक्ष उम्मीदवार ने कहा- राधाकृष्णन और मेरे बीच कोई निजी लड़ाई नहीं है। हम कभी एक-दूसरे से मिले भी नहीं हैं। इसलिए मैं चाहता हूं कि मुकाबला व्यक्तियों के बीच नहीं बल्कि दो अलग-अलग विचारधाराओं के बीच हो। यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच है। एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन आरएसएस के सदस्य रहे हैं। मैं उनसे नहीं बल्कि उस विचारधारा से असहमत हूं, जिससे वे जुड़े हैं।

### देश की प्रगति को एक राष्ट्र, एक चुनाव जरूरी: चौहान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को यहां 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को देश की प्रगति के लिए जरूरी बताते हुए देशवासियों से इस अभियान के लिए लोगों में अलख जगाने की अपील की। राष्ट्रीय राजधानी के अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते चौहान ने कहा कि 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' को लेकर देशभर में अलग-अलग कार्यक्रम हो रहे हैं, लोग इस अभियान से जुड़ रहे हैं और देश में एक साथ चुनाव होना चाहिए इसके लिए लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने इसका समर्थन करते हुए इसे देश की प्रगति और विकास के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि बार-बार होने वाले चुनाव देश के संसाधनों, समय और ऊर्जा की बर्बादी के साथ ही इससे विकास कार्य बाधित होते हैं।

### उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के अधिवेशन में बोले सीएम योगी

# सुशासन के लिए सुगम व त्वरित न्याय जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सीएम ने संघ की स्मारिका का अनवारण भी किया

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन का लक्ष्य तभी प्राप्त हो सकता है, जब हमारी न्यायिक व्यवस्था सुगम, त्वरित और सुलभ हो। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए विकसित उत्तर प्रदेश का निर्माण आवश्यक है और इसके लिए एक मजबूत और त्वरित न्यायिक व्यवस्था अनिवार्य है।

योगी शनिवार को उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के 42वें अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होने न्यायिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए न्यायपालिका को सुशासन का रक्षक बताया और कहा कि इसके सुदृढ़ीकरण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उन्होने संघ की स्मारिका का अनावरण भी किया। योगी ने न्यायिक सेवा संघ के लिए 50 करोड़ रुपए का कॉर्पस फंड देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के 42वें अधिवेशन को 'न्यायिक अधिक. ारियों का महाकुंभ' बताते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल एकता और परस्पर सहयोग का प्रतीक है, बल्कि व्यावसायिक दक्षता और बेस्ट प्रैक्टिस को बढ़ावा देने का भी मंच है। उन्होंने इस अवसर पर सभी उपस्थित न्यायमूर्तियों, अवकाश प्राप्त न्यायमूर्तियों और प्रदेश भर से आए न्यायिक अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह अधिवेशन ऐसे समय में आयोजित हुआ, जब भारत अपने संविधान के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रवेश कर चुका है। सीएम ने कहा कि यह अधिवेशन न्यायिक अधिकारियों की एकता और उनकी पेशेवर दक्षता को प्रदर्शित करता है। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में देश का सबसे बड़ा उच्च न्यायालय मौजूद है। प्रयागराज में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ और लखनऊ में इसकी बेंच प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

### चंद्रयान-3 मिशन भारत के असीम सामर्थ्य का प्रतीक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चंद्रयान-3 अभियान को याद करते हुए देश के वैज्ञानिकों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह मिशन 'नए भारत' के असीम सामर्थ्य का प्रतीक है। दरअसल आज ही के दिन चंद्रयान 3 की सफलता पूर्वक लैंडिंग हुई थी। योगी ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि आज ही के दिन वर्ष 2023 में हमारे महान वैज्ञानिकों ने भारत के गौरव 'चंद्रयान-3' की चंद्रमा पर सॉफ्ट लंडिंग कराकर वैश्विक अंतरिक्ष इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी थी। यह मिशन 'नए भारत' के असीम सामर्थ्य का प्रतीक है। उन्होंने लिखा- राष्ट्र की इस अभूतपूर्व उपलब्धि के सम्मान में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 23 अगस्त को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया था, जो हमें भारत की वैज्ञानिक प्रतिभा पर गर्व का अनुभव कराता है। उन्होंने कहा है कि आज 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' पर उन महान भारतीय वैज्ञानिकों का अभिनंदन, जिनकी साधना, अनथक परिश्रम और अद्‌भुत प्रतिभा ने 'नए भारत' को अंतरिक्ष के शिखर पर स्थापित किया है।सभी को ढेरों बधाई और शुभकामनाएं।

# डिस्कॉम एसोसिएशन के खिलाफ कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ विद्युत समिति ने खट्टर को भेजा पत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विद्युत निजीकरण के खिलाफ आंदोलित अधिकारियों और कर्मचारियों ने शनिवार को भी प्रदेश व्यापी प्रदर्शन किया।

इस बीच विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर को पत्र भेजकर मांग की है कि विद्युत वितरण निगमों की डिस्कॉम एसोसिएशन द्वारा समानान्तर सरकार चलाए जाने के विरुद्ध प्रभावी और सख्त कार्रवाई करें। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि डिस्कॉम एसोसिएशन न केवल देश के विद्युत वितरण निगमों से चन्दे के रुप में भारी धनराशि की वसूली कर रहा है अपितु नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप कर समानान्तर सरकार चला रहा है। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने केंद्रीय विद्युत मंत्री से मांग की है कि ऑल इण्डिया डिस्कॉम एसोसिएशन के पदाधिकारियों को निर्देशित किया जाए कि वह या तो डिस्कॉम एसोसिएशन छोड़ दें अथवा प्रशासनिक पद छोड़ दें, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। संघर्ष समिति ने बताया कि भारत सरकार के पूर्व विद्युत सचिव सेवा निवृत्त आईएएस अधिकारी आलोक कुमार कथित ऑल इण्डिया डिस्कॉम एसोसिएशन के डायरेक्टर जनरल बने हुए हैं। आलोक कुमार ऑल इण्डिया डिस्कॉम एसोसिएशन के पैड पर पूर्व केंद्रीय विद्युत सचिव के नाते देश के विद्युत वितरण निगमों के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशकों को पत्र भेजकर चन्दा भी मांग रहे हैं।

# भाजपा-ईसी व अधिकारी की तिकड़ी डाल रही है वोटों की डकैती: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर चुनाव आयोग, भाजपा और अधिकारियों पर निशाना साधा है। उन्होंने शनिवार को कहा कि भाजपा-चुनाव आयोग-अधिक. ारी की 'घपला तिकड़ी' मिलकर 'वोट-डकैती' कर रहे हैं।

यादव ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि भाजपा-चुनाव आयोग-अधिक. ारी की 'घपला तिकड़ी' मिलकर 'वोट-डकैती' कर रही है। दरअसल ये वो तीन तिगाड़ा है, जिनकी साठगांठ ने देश का वर्तमान-भविष्य बिगाड़ा है। गौरतलब है कि अखिलेश यादव लगातार भाजपा और चुनाव आयोग पर हर दिन वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने अपने एक बयान में कहा था कि भाजपा ने सत्ता का दुरुपयोग कर वोटों की डकैती की है। उपचुनाव में भी वोटों की डकैती हुई है। भाजपा गरीबों का वोट कटवा रही है। समाजवादी पार्टी ने 2022 में गलत तरीके से काटे गए वोटों को लेकर आवाज उठाई, तो चुनाव आयोग ने नोटिस भेज दिया था। समा. जवादी पार्टी ने वोटर लिस्ट से डिलीट किए गए 18 हजार वोटरों की सूची शपथ पत्र के साथ चुनाव आयोग को भेजी थी, लेकिन चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की।



### अन्याय और उत्पीड़न भाजपा का एजेन्डा: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि वोट की चोरी कर लोगों का अधिकार छीन रही भारतीय जनता पार्टी का एजेंडा अन्याय और उत्पीड़न है। यादव ने यहां ण्विभिन्न जिलों से आए पीडीए समाज के 65 से अधिक कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होने कहा कि भाजपा लूट का गैंग हैं। इसने संस्थानों और संसाधनों पर कब्जा कर लिया है। भाजपा के झूठ की सीमा नहीं है। यह सबसे झूठी पार्टी है। लोगों के साथ अन्याय और उत्पीड़न भाजपा का एजेन्डा है। इस सरकार में किसी को भी न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा लोगों के अधिकार छीन रही है। चुनावी प्रक्रिया पर डकैती डाला है।

### उत्तर प्रदेश में कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में गंगा, यमुना, घाघरा और शारदा समेत कई प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। सरकार ने 43 जिलों को बाढ़ प्रभावित घोषित कर दिया है। यूपी राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के 43 जिलों में एक लाख 44 हजार 945 हेक्टेयर कृषि भूमि सहित दो हजार 505 गांव बाढ़ की चपेट में हैं, जिससे नौ लाख 29 हजार 828 लोग प्रभावित हुए हैं। राहत आयुक्त गोस्वामी ने कहा कि बाढ़ के कारण विभिन्न जिलों में 639 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं और 606 मकान मालिकों को मुआवजा दिया गया है। सरकार ने 1,376 बाढ आश्रय स्थल स्थापित किए हैं और 91,105 बाढ़ पीड़ितों को आश्रय स्थलों में स्थानांतरित किया गया है।

# देश की प्रतिभा को वापस लाने के लिए संरचनात्मक परिवर्तन करें वीसी: राजनाथ

**लखनऊ।** अमेरिका से टैरिफ को लेकर चल रही तनातनी के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, डीन से कहा है कि वे अपने यहां संरचनात्मक परिवर्तन कर प्रोत्साहन दें, जिससे दुनिया भर में फैली भारतीय प्रतिभा देश के लिए काम करने के लिए वापस आ जाए।



उन्होंने कहा कि इससे हमारे रिसर्च डेवलपमेंट तथा इनोवेशन इकोसिस्टम को जो बूस्ट मिलेगा, वह कहीं न कहीं हमे और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाएगा। राजनाथ ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा- हमारी भारतीय प्रतिभा जो विदेशों में काम कर रही है, उसे वहां असुविधा होने पर किसी दूसरे देश मे जाने के बजाय अपने देश में आए। चुनौतियों से चिंतित होने के बजाय हमे अवसर की ओर देखना चाहिए। जिससे आने वाले वर्षों में हम सब मिलकर भारत को सिर्फ टेक्नोलॉजी का कन्जयूमर नहीं बल्कि टेक्नोलॉजी क्रिएटर और ग्लोबल लीडर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थ व्यवस्था की जिस रैपिड रेल के हम सहयात्री हैं, उसके अगले दरवा. जे पर उन्नति, समृद्धि और खुशियां हैं। उन्होंने कहा कि यह समय भारत की अर्थव्यवस्था से जुड़ने का है। हमें अपनी यूनिवर्सिटी, आईआईटी, रिसर्च एंड डेवलपमेंट लैब, कम्पनी और विचारक में एकेडमिक फ्रीडम के अवसर उपलब्ध कराने होने, जिससे यह प्रतिभा भारत मे आकर काम कर सके। केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर आपकी रक्षा व्यवस्था मजबूत होगी, तो कोई भी शत्रु, कोई भी विरोधी, आपकी समृद्धि पर आंख उठाकर नहीं देखेगा। उसे टारगेट करने की कोशिश नहीं करेगा। इसलिए मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ, आप लोगों के सामने कहना चाहूंगा कि रक्षा पर होने वाला खर्च विकास पर होने वाले खर्च का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि जब देश की सुरक्षा व्यवस्था पर आंच आती है, तो निश्चित तौर पर देश का विकास पीछे जाता है।



सेंसेक्स 81306.85
निफ्टी 24870.10



सोना रु. 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 113906
प्रति किलो



# यूपी ट्रेड शो में आएंगे 500 विदेशी खरीदार

लखनऊ, वार्ता

■ ग्रेटर नोएडा में 25 से होगा इंटरनेशनल ट्रेड शो

ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) में करीब 80 देशों से 500 से अधिक बायर्स के आने की उम्मीद है।

अधिकृत सूत्रों ने शनिवार को बताया कि इनमें से अब तक 75 देशों के 340 से ज्यादा बायर्स ने आने की पुष्टि भी कर दी है। यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में इसमें और तेजी से वृद्धि की संभावना है। इस तरह यूपीआईटीएस प्रदेश के उत्पादों के लिए वैश्विक बाजार के दरवाजे खोलने वाला साबित होगा। उन्होंने बताया कि यूपीआईटीएस में ओडीओपी उत्पादों की विशेष प्रदर्शनी लगाकर इन्हें वैश्विक खरीदारों से सीधे जोड़ा जाएगा। इससे न केवल स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को फायदा होगा, बल्कि निर्यात और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। यह शो उत्तर प्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। इसका उद्देश्य प्रदेश को निर्यात के मामले में शीर्ष पायदान पर ले जाना और निवेश आकर्षित करना है। सरकार चाहती है कि यूपी के हर जिले का हुनर वैश्विक बाजारों तक पहुंचे और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में योगदान दे। सूत्रों ने बताया कि दुनिया के नौ प्रमुख रीजंस से इंटरनेशनल बायर्स का आगमन इस आयोजन को और खास बना रहा है। यूरोप और सीआईएस रीजंस से कुल 110 बायर्स के आने की संभावना है, जिनमें से 88 बायर्स (18 यूरोपीय और 6 सीआईएस देशों से) ने पहले ही सहमति दे दी है। वेस्ट एशिया से 100 बायर्स का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 12 देशों के 76 बायर्स अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर चुके हैं। इसी तरह साउथ ईस्ट एशिया से 80 बायर्स की उम्मीद है, जिनमें से पांच देशों के 10 बायर्स अब तक पुष्टि कर चुके हैं। साउथ एशिया रीजंस से 50 में से 30 बायर्स (3 देशों से) आने वाले हैं। वहीं, लैटिन अमेरिकी देशों से 50 बायर्स की संभावना है, जिनमें से 6 देशों के 27 बायर्स ने सहमति दी है। ओशनिया से 30 बायर्स का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से दो देशों के तीन बायर्स ने अपनी पुष्टि कर दी है। नॉर्थ अमेरिका से 30 बायर्स की उम्मीद है और इनमें से तीन देशों के नौ बायर्स आने को तैयार हैं। अफ्रीका रीजंस से 50 बायर्स का लक्ष्य है, जिनमें 11 देशों के 38 बायर्स पहले ही सहमति दे चुके हैं। इसके अलावा नाफ्टा रीजंस के तीन देशों से 11 बायर्स और ईस्ट अफीका के 8 देशों से 50 बायर्स ने भी यूपीआईटीएस में भागीदारी के प्रति अपनी उत्सुकता दिखाई है।

### इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में इस हफ्ते गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार पिछले शनिवार यानी 16 अगस्त को 24 कैरेट सोना 1,00,023 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब यानी 23 अगस्त को 99,358 रुपए पर आ गया है। यानी इसकी कीमत में 665 रुपए की गिरावट आई है। चांदी की कीमत पिछले शनिवार को 1,14,933 रुपए पर थी, जो अब 1,13,906 रुपए पर आ गई है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 1,027 रुपए कम हो गई है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,670 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,290 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,520 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,140 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,520 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,140 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,520 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,140 थी, वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,570 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,190 रही। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,196 रुपए बढ़कर 99,358 रुपए पर पहुंच गया है।

# चावल सस्ता, गेहूं महंगा, दालों व खाद्य तेलों में रहा उतार-चढ़ाव, चीनी महंगी

नई दिल्ली, वार्ता

**घरेलू** थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमत में कमी देखी गई, जबकि गेहूं के भाव बढ़ गए। चीनी भी महंगी हुई। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 13 रुपए घटकर 3,831.01 रुपए प्रति क्विंटल रही। गेहूं छह रुपए महंगा होकर 2,841.88 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। सरसों तेल औसतन 12 रुपए और मूंगफली तेल 92 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। वनस्पति में 69 रुपए तेजी देखी गई। पाम ऑयल की कीमत 14 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल में 21 रुपए की तेजी रही। सोया तेल 50 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मसूर दाल औसतन 10 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। तुअर दाल 56 रुपए टूट गई जबकि मूंग दाल के दाम लगभग स्थिर रहे। चना दाल तीन रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत 26 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ की औसत कीमत करीब 35 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी की कीमतों में 12 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। दाल चना 7963.78 रुपए, मसूर काली 8108.34 रुपए, मूंग दाल 10127.90 रुपए, उड़द दाल 10448.87 रुपए, अरहर दाल 10721.06 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : गेहूं दड़ा 2841.88 रुपए और चावल 3831.01 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4314.10 रुपए और गुड़ 4964.77 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17819.49 रुपए, मूंगफली तेल 17696.78 रुपए रहा।

# दिल्ली से खाटू श्याम हेलीकॉप्टर सेवा शुरू

■ अब मथुरा से वृंदावन के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होगी

**नई दिल्ली।** हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान करने वाली स्यंदन एविएशन ने शनिवार को दिल्ली के रोहिणी हेलीपोर्ट से राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम और चुरू जिले में स्थित सालासर बालाजी के लिए दैनिक उड़ान शुरू की।

स्यंदन एविएशन के प्रबंध निदेशक अभिनव सहाय ने इस मौके पर बताया कि कंपनी देश के पूरे एविएशन इको सिस्टम में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का प्रयास कर रहा है। उसका फोकस हेलीकॉप्टर से तीर्थयात्रा पर है- ऐसे स्थलों की यात्रा जो सनातन धर्म से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि इसी साल मथुरा-वृंदावन के लिए भी सेवा शुरू की जाएगी। रोहिणी-खाटू श्याम जी-सालासर बाला. जी-रोहिणी का किराया 95 हजार रुपए प्रति व्यक्ति रखा गया है। लोग छह घंटे में दर्शन करके उसी दिन वापस भी आ सकते हैं। पूरी यात्रा की दूरी करीब 700 किलोमीटर है। इसमें हेलीकॉप्टर के किराए के साथ दोनों मंदिरों तक परिवहन सेवा, मंदिर में वीआईपी दर्शन, प्रसाद और खाटू श्याम में आराम की व्यवस्था शामिल है। हेलीकॉप्टर सुबह 9.30 बजे रोहिणी हेलीपोर्ट से उड़ान भरेगा और अपराह्न 2.30 बजे वापस आ जाएगा। पहली उड़ान में जाने-माने कवि एवं पूर्व राजनेता कुमार विश्वास पहले यात्री बने। सहाय ने बताया कि स्यंदन एविशन चारधाम यात्रा पहले ही शुरू कर चुकी है। आज खाटू श्याम और सालासर बालाजी के लिए सेवा शुरू की गई है। अगली सेवा मथुरा और वृंदावन के लिए होगी। उन्होंने बताया कि मथुरा और वृंदावन के लिए योजना काफी आगे तक पहुंच चुकी है और यह जल्द शुरू होगी। उन्होंने बताया कि लॉजिस्टिक्स को लेकर कुछ काम बाकी है और इसके लिए लोगों को अगले साल का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जयपुर-मेहंद. ीपुर बालाजी मार्ग पर सेवा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह भी पाइपलाइन में है। सभी हितधारकों से बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है। यदि सब ठीक रहा तो हम इस मार्ग पर भी जल्द सेवा शुरू कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि कंपनी देश में एकीकृत हेलीकॉप्टर एंबुलेंस सेवा शुरू करेगी। ऐसे प्रयास पहले भी किए गए हैं, लेकिन वे सफल नहीं रहे हैं, क्योंकि यह काफी चुनौतीपूर्ण परियोजना हैं, जिसमें काफी चीजों में समन्वय स्थापित करने की जरूरत होती है। साथ ही सरक. ारी संगठनों के साथ बहुत नजदीकी साझेदारी की भी आवश्यकता होती है। न सिर्फ सरकारी विभागों के साथ बल्कि सरकार का सहयोग करने वाले संगठनों के साथ भी।










वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेगें। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# पीडीए समाज के 65 से अधिक नेता सपा में शामिल

### 2027 में बिना शर्त समर्थन की घोषणा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से शनिवार को राजधानी लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में पीडीए समाज के 65 से अधिक नेताओं ने मुलाकात की और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में बिना शर्त समाजवादी पार्टी को समर्थन देने की घोषणा की।

इन नेताओं में अपनी जिंदगी अपना दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरजीत सिंह खण्डसाल के साथ विभिन्न जिलों के संगठन प्रमुख शामिल रहे। मुलाकात के दौरान समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राज. कुमार भाटी भी मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने इस अवसर पर सभी नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा लूट का गैंग बन चुकी है। इसने संस्थानों और संसाधनों पर कब्जा कर लिया है। भाजपा झूठ का सहारा लेती है और जनता के अधिकार छीन रही है। चुनावी प्रक्रिया पर डकैती डालकर वोटों की चोरी की गई। आने वाला चुनाव संविधान और अधिकार बचाने का चुनाव होगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार में सभी को न्याय और सम्मान मिलेगा तथा अवरुद्ध हुए विकास कार्य फिर से शुरू होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। अर्थव्यवस्था को चौपट कर दिया, महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर हैं। विदेश नीति भी बुरी तरह असफल है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर में भारतीय सेना मजबूती से लड़ी थी और पीओके लेने की क्षमता रखती थी लेकिन केन्द्र सरकार की चूक से अवसर गंवा दिया गया।

चीन हमारी सीमा में घुसपैठ कर रहा है, बाजार पर कब्जा कर रहा है और खाद बनाने का कच्चा माल रोककर किसानों को संकट में डाल रहा है। किसानों को खाद के लिए लाइनों में खड़ा होना पड़ रहा है और विरोध करने पर उन्हें लाठियां झेलनी पड़ रही हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में स्कूल बंद कर रही है और शराब की दुकानों की संख्या बढ़ा रही है। केवल उत्तर प्रदेश में ही न्यूयॉर्क से ज्यादा शराब की दुकानें हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर रही है, नौकरियों को खत्म कर रही है और निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार ने प्रदेश और देश को विकास का विजन दिया था। एक्सप्रेसवे, आईटी सिटी, लैपटॉप योजना, किसानों के लिए मंडियां, रिवरफ्रंट और मेट्रो रेल जैसी परियोजनाएं शुरू कीं। आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे देश का पहला एक्सप्रेसवे बना जिस पर लड़ाकू विमान भी उतारे गए। भाजपा सरकार ने इन सबको खराब कर दिया और कोई नया काम नहीं कर पाई।

## आत्महत्या के प्रयास कर रहे युवक को पुलिस ने बचाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को आत्महत्या करने से बचा लिया। समय रहते की गई कार्रवाई से युवक की जान बच गई। पुलिस टीम ने लहरपुर तहसील के पास स्थित पक्का तालाब के सामने बगीचे में लगभग बाईस वर्षीय युवक को रस्सी के सहारे फांसी लगाने का प्रयास करते देखा। तत्काल दौड़कर पुलिसकर्मियों ने रस्सी काट दी और युवक को सुरक्षित नीचे उतारा। युवक शराब के नशे में था, जिसे सीएचसी लहरपुर में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार गृह कलह से परेशान होकर युवक आत्महत्या करने जा रहा था। समझाने–बुझाने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# यूरिया संकट, कटान और आवारा पशुओं की समस्या पर सपा का धरना

### बिसवां में कार्यकर्ताओं ने उठाई आवाज, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** यूरिया की कमी, ब्लैक मार्केटिंग, नदियों के कटान और आवारा पशुओं की समस्या को लेकर समाजवादी पार्टी ने शनिवार को बिसवां में जोरदार धरना–प्रदर्शन किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला को ज्ञापन सौंपा।

धरने में सपा नेताओं दिग्विजय सिंह देव, प्रमोद मास्टर, शमीम कौसर सिद्दीकी, सुनील यादव सहित कई नेताओं ने भाग लिया। नेताओं ने सरकार पर किसानों की समस्याओं की अनदेखी और



विभागीय उदासीनता का आरोप लगाया।

इस दौरान सपा प्रत्याशी रह चुके अफजाल कौसर की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही। दिग्विजय सिंह ने अपने संबोधन में लोहिया के विचारों और अदम गोंडवी की शायरी का हवाला देते हुए कहा कि सरकार आंकड़ों के सहारे जनता को गुमराह कर रही है। जिलाउपाध्यक्ष क"यूम कुरैशी ने भी शेर–ओ–शायरी के जरिए सरकार पर कटाक्ष किया। ज्ञापन लेने पहुँचीं उपजिलाधिकारी ने समस्याओं के समाधान का आश्वा. सन दिया।

# दो हिस्ट्रीशीटर अपराधी गिरफ्तार लंबे समय से थे फरार

### शहर कोतवाली पुलिस को मिली सफलता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** शहर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर दो हिस्ट्रीशीटर अपरा. धियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अपराधियों की पहचान मोहल्ला आवास विकास निवासी अजय कुमार और विजय कुमार के रूप में हुई है।

दोनों लंबे समय से फरार चल रहे थे और कई आपराधिक मामलों



में वांछित थे। पुलिस के अनुसार ये दोनों आपस में साथी अपराधी हैं और शहर कोतवाली के हिस्ट्रीशीटर सूची में दर्ज हैं।

# लखनऊ में खाद को लेकर आप का हल्लाबोल

## किसानों ने कालाबाजारी का लगाया आरोप, सरकार बोली– स्टॉक पर्याप्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी ने शनिवार को राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में खाद की कथित कमी और कालाबाजारी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

आप के जिला अध्यक्ष इरम रिज़वी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और किसानों ने हल्लाबोल करते हुए कहा कि खाद की बोरियां खुलेआम ऊंचे दामों पर बिक रही हैं, जबकि किसान घंटों लाइन में खड़े रहने के बावजूद खाद पाने को तरस रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने आरा. ेप लगाया कि सरकारी दर पर यूरिया की बोरी दो सौ छियासठ रुपये पचास पैसे में उपलब्ध होनी चाहिए, लेकिन बाजार में यह तीन सौ से ज्यादा तक बेची जा रही है। किसानों ने कहा कि इस अव्यवस्था के चलते छोटे और सीमांत किसान सबसे ज्यादा परेशान हैं।

प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी के नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार खाद वितरण की वास्तविक स्थिति को छिपा रही है। उन्होंने दावा किया कि कई जिलों से किसानों की पिटाई और लाइन में धक्कामुक्की की खबरें मिल रही हैं। राज्यसभा सांसद व आप के प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने सोशल मीडिया पर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि खाद की कमी से किसान त्रस्त हैं और योगी सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है।

सरकार ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और ख्रषि मंत्री सुर्या प्रताप शाही ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है और खरीफ सीजन के लिए पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में लगभग छह लाख मीट्रिक टन यूरिया, चार लाख टन डीएपी और तीन लाख टन एनपीके का भंडार है। सरकार का कहना है कि बिचौलियों और जमाखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। अब तक बारह हजार से ज्यादा छापे मारे गए, जिनमें नब्बे से अधिक एफआईआर दर्ज हुई और हजार से ज्यादा नोटिस जारी किए गए। करीब सत्रह सौ डीलरों के लाइसेंस निलंबित या रद्द भी किए गए हैं। इसी बीच भारतीय ख्रषि इनपुट डीलर एसोसिएशन ने भी सरकार को पत्र लिखकर ध्यान दिलाया है कि बारिश के बाद अचानक बढ़ी मांग, परिवहन लागत और सहकारी विक्रय केंद्रों की कमी से बाजार में गड़बड़ी की स्थिति बनी है। संगठन का कहना है कि सब्सिडी वाले दाम पर खाद उपलब्ध कराने के बावजूद खुदरा स्तर पर मुनाफा नहीं बचता, जिस कारण कालाबाजारी की शिकायतें सामने आ रही हैं। खाद वितरण को लेकर प्रदेश में चल रही इस खींचतान के बीच किसान अभी भी कतारों और देरी से जूझ रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा, जबकि सरकार लगातार दावा कर रही है कि हर किसान तक समय से खाद पहुंचेगी और किसी को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

## समाधान दिवस में साइबर ठगी से बचाव की दी सलाह

**गोंडा।** शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम विश्वामित्र सिंह, सीओ यू.पी. सिंह और थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने जनसुनवाई की। राजस्व से जुड़े दस मामलों में से दो का मौके पर निस्तारण किया गया। कार्यक्रम के समापन पर अधिकारियों ने जनता को साइबर ठगों से सतर्क रहने की सलाह दी। सीओ ने कहा कि ठग आकर्षक ऑफर, नकली बैंक संद. ेश, नौकरी या विवाह का प्रलोभन देकर लोगों को फंसाते हैं। थाना अध्यक्ष ने उदाहरण देते हुए बताया कि राजस्व निरीक्षक परशुराम मिश्रा के मोबाइल पर आए विवाह निमंत्रण लिंक पर क्लिक करने से उनके खाते से एक लाख रुपये गायब हो गए।

# नगर विकास मंत्री ने की समीक्षा बैठक, बाढ़ प्रभावित जिलों में चलेगा स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को नगर विकास विभाग की वर्चुअल समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

मंत्री ने निर्देश दिए कि जलभराव और बाढ़ प्रभावित जिलों में जैसे ही पानी कम हो, व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि अगले तीन महीने तक लगातार सफाई अभियान चलाकर संचारी रोगों पर नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। श्री शर्मा ने बाढ़ प्रभावित जिलों के लिए फ्लड मैनुअल तैयार करने के निर्देश दिए ताकि अधिकारियों के स्थानांतरण की स्थिति में भी राहत एवं प्रबंधन कार्य प्रभावी ढंग से हो सकें। उन्होंने कहा कि सामान्य जलभराव वाले क्षेत्रों में स्थाई समाधान निकाले जाएं और इसका पूरा डॉक्यूमेंटेशन हो। मंत्री ने स्वच्छता व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि सभी नगर निकाय 100 फीसदी डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण और अपशिष्ट निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने लखनऊ मॉडल को अपनाने की बात कही और बड़े नगर निकायों को छोटे नगरों का कचरा भी प्रोसेस करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपील की कि जनता भी इसमें सहयोग करे और कूड़ा इधर–उधर न फेंके श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से दो अक्टूबर तक विशेष स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में वाराणसी, प्रयागराज सहित विभिन्न जिलों के अधिक. ारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। लखनऊ से अजय कुमार शुक्ला, अनुज झा और ;तु सुहास सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

# कांग्रेस विधि विभाग की लखनऊ कार्यशाला में संगठन सृजन और न्याय के लिए अधिवक्ताओं ने लिया संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विधि विभाग की ओर से शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में एक दिवसीय ''विधि विभाग प्रतिनिधि चिंतन कार्यशाला'' का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासि. चव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय मुख्य अतिथि रहे जबकि अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने की। कार्यक्रम में एआईसीसी के विधि, मानवाधिकार एवं आरटीआई विभाग के सचिव एडवोकेट मो0 अली खान विशेष रूप से उपस्थित रहे और संचालन प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं लखनऊ बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप सिंह ने किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए अविनाश पाण्डेय ने कहा कि वर्ष 2025 को कांग्रेस नेतृत्व ने संगठन सृजन वर्ष घोषित किया है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक संगठन का ढांचा मजबूत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक से तीस सितम्बर तक प्रत्येक जिले में पांच अधिवक्ताओं की रैपिड एक्शन टीम बनाई जाएगी, जो गरीब और वंचित वर्ग को न्याय दिलाने के साथ–साथ वोटर लिस्ट की देखरेख करेगी तथा कार्यकर्ताओं पर हो रहे अत्याचार और वोट चोरी रोकने के लिए संघर्ष करेगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि नवम्बर और दिसम्बर माह में प्रत्येक तहसील स्तर पर निशुल्क न्याय सेवा शिविर लगाए जाएंगे और छह जोन के लिए छह विशेष टीमें गठित की जाएंगी। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में प्रदेश स्तर पर एक बड़ा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अभिषेक मनु सिंघवी को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन की इस प्रक्रिया के अंतर्गत अठाईस सितम्बर तक पूरी रिपोर्ट तैयार करके एआईसीसी को भेजी जाएगी। पाण्डेय ने अधिवक्ताओं से कहा कि वे न्याय योद्धा बनकर कांग्रेस के आंदोलन को नई दिशा दें और जनता को न्याय दिलाने में अग्रसर रहें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने अधिवक्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि कांग्रेसजनों पर मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं।

# गोलीबारी–लूट की अफवाह झूठी, पत्थर लगने से टूटी कार की खिड़की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** गुरुवार देर रात करीब ग्यारह बजकर पैंतालीस मिनट पर अयोध्या दर्शन से लौट रहे गोंडा के दुल्लापुर खालसा निवासी नरेंद्र नाथ मिश्र के परिवार की कार पर नंदिनी नगर महाविद्यालय के पास पत्थर लग गया। घटना में उनकी बेटी सौम्या मिश्र घायल हो गई।

शुरू में गोलीबारी और लूट की बात कही गई थी, लेकिन पुलिस जांच में यह दावा झूठा निकला। नरेंद्र मिश्र ने तहरीर में आरोप लगाया था कि कार पर गोली चलाकर लूट की कोशिश की गई, जिससे शीशा टूटकर उनकी बेटी के होंठ और आंख के पास चोट लगी। हालांकि, उसी समय वहां से गुजर रहे अजय गुप्ता और अबरार पुत्र अब्दुल ने गवाही दी कि उनकी गाड़ियों पर भी पत्थर लगे थे, मगर किसी ने गोली चलने की आवाज नहीं सुनी। स्थानीय लोगों ने बताया कि उस समय छुट्टा जानवरों को भगाने के लिए लोग पत्थर फेंक रहे थे। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने स्पष्ट किया कि सीसीटीवी फुटेज में भी लोग पत्थर फेंकते नजर आए हैं और वाहनों पर गोली के निशान नहीं मिले। पुलिस ने एहतियातन हत्या के प्रयास में मुकदमा दर्ज किया है और क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है।

# राज्य मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर आशा सम्मेलन कार्यक्रम का किया शुभारंभ

### आशा सम्मेलन में स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा बहुएं हुई पुरस्कृत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गौरीगंज अमेठी।** शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में भव्य आशा सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस सम्मेलन का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग के राज्य मंत्री श्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में जनपद की उन आशा बहनों को पुरस्कृत किया गया जिन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। सम्मेलन में जनपद के सभी 13 विकास खंडों से चयनित आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण के अंतर्गत प्रथम स्थान प्राप्त आशाओं को 5000, द्वितीय स्थान प्राप्त आशाओं को 2000 तथा तृतीय स्थान प्राप्त आशाओं को घ1000 का चेक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर मंच पर मौजूद जनप्रति. निधियों और अधिकारियों ने सभी आशा बहनों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में उपस्थित आशा बहनों को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की सफलता का श्रेय सबसे अधिक आशा कार्यकर्ताओं को जाता है। उन्होंने कहा कि आप सभी बहनों की



बदौलत ही प्रदेश और जनपद में स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। गर्भवती महिलाओं की देखभाल हो, प्रसव पूर्व जांच हो, नवजात शिशुओं का टीकाकरण हो या फिर परिवार नियोजन के कार्यक्रम ख्र इन सभी में आपकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि आशा बहनों के अथक परिश्रम और जनजागरूकता अभियानों के कारण ही आज मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। उन्होंने आशाओं को हस्वास्थ्य विभाग की रीढ़ह बताते हुए कहा कि सरकार आपके कार्यों की सराहना करती है और समय–समय पर आपको सम्मानित करती है। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कार्यक्रम में जानकारी दी कि जनपद अमेठी में वर्तमान में कुल 1791 आशा बहुएं 682 ग्राम पंचायतों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। उन्होंने बताया कि बीते 18 महीनों से अमेठी जनपद विलेज हेल्थ सैनिटाइजेशन एवं न्यूट्रिशन दिवस (वीएचएनड़ी) की रैंकिंग में लगातार टॉप–5 जिलों में शामिल रहा है और चार बार प्रदेश में प्रथम स्थान भी प्राप्त कर चुका है। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, जांच, समय पर प्रसव की व्यवस्था, नवजात शिशुओं का टीकाकरण, परिवार नियोजन, पोषण कार्यक्रम, संक्रामक बीमारियों की रोकथाम ख्र इन सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन आप आशा बहनें करती हैं। आप लोगों की निष्ठा, ईमानदारी और लगन की वजह से ही स्वास्थ्य विभाग की योजनाएं धरातल पर सफल हो पाती हैं। कार्यक्रम में मा. सदस्य विधान परिषद शैलेंद्र प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, पूर्व विधायक तेजभान सिंह, चंद्र प्रकाश मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र, ब्लॉक प्रमुख तिलोई प्रतिनिधि ख्र ष्ण कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख भादर प्रवीण सिंह सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि व आशा बहुएं मौजूद रहीं।

## गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** देहात कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर एक युवक को अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने बताया कि देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नैपालापुर निवासी राकेश पुत्र बनारसी को मलुही रेल अंडरपास के पास से पकड़ा गया। उसके पास से एक किलो पचपन ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस का कहना है कि राकेश अवैध गांजे का कारोबार करता है और पूर्व में भी पकड़ा जा चुका है।

# आईटीआई लखनऊ में सैमसंग का कैंपस ड्राइव 22 अभ्यर्थियों का चयन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) अलीगंज, लखनऊ में शनिवार को सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्रा. लि. का कैंपस ड्राइव आयोजित किया गया।

कैंपस ड्राइव का उद्घाटन संस्थान के प्रधानाचार्य राजकुमार यादव ने किया। उन्होंने कंपनी के प्रतिनिधियों से अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को अवसर देने की अपील करते हुए चयनित युवाओं को तुरंत कार्यस्थल से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। ट्रेनिंग काउंस. लिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर एम.ए. खाँ ने बताया कि कैंपस ड्राइव में कुल 29 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 22 युवाओं का चयन साक्षात्कार प्रक्रिया के बाद किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी की ओर से 13,000 रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जाएगा। उन्होंने आगे जानकारी दी कि जो अभ्यर्थी इस बार चयनित नहीं हो पाए हैं या अन्य युवा जो रोजगार की तलाश में हैं, वे आगामी 30 अगस्त 2025 को आईटीआई अलीगंज में आयोजित होने वाले रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# पुरी में शुरू हुआ आयटो का वार्षिक सम्मेलन यूपी पर्यटन का स्टॉल आकर्षण का केंद्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (आयटो) का 40वां वार्षिक सम्मेलन ओडिशा के पुरी में 22 से 25 अगस्त तक आयोजित हो रहा है।

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। ''रिजुवेनेट इनबाउंड 2030'' थीम पर आधारित इस आयोजन में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने अपने आकर्षक स्टॉल के माध्यम से राज्य की पर्यटन संभावनाओं का प्रदर्शन किया। ओडिशा की उपमुख्यमंत्री प्रावती परिदा ने यूपी पर्यटन के स्टॉल का उद्घाटन किया। यहां कन्नौज की इत्र परंपरा, अयोध्या– काशी–प्रयागराज का स्पिरिचुअल ट्रायंगल, दीपोत्सव और रंगोत्सव जैसे आयोजनों की झलक पेश की गई।

पहले दिन प्रतिनिधियों ने विशेष रूप से इत्र पर्यटन में रुचि दिखाई।

सम्मेलन में देशभर से एक हजार प्रतिनिधि, टूर ऑपरेटर, होटल व्यवसायी और ट्रैवल मीडिया के लोग शामिल हुए। यूपी पर्यटन अधिकारियों ने राम मंदिर सर्किट, वाराणसी रिवर फ्रंट, दुधवा और बुंदेलखंड के इको–टूरिज्म अवसरों पर चर्चा की।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि यह आयोजन यूपी को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान देगा। प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि राज्य सरकार निजी निवेश और पर्यटन अवसंरचना विस्तार के लिए इस मंच का उपयोग कर रही है। इस मौके पर पर्यटन महानिदेशक सुमन बिल्ला और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ अपराधी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नाकेबंदी कर एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार युवक की पहचान तंबौर थाना क्षेत्र के ग्राम नवाब शाहपुरवा निवासी सलमान पुत्र अ"यूब के रूप में हुई है। सलमान पर पहले से गोवध और चोरी जैसे मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि वह एक शातिर अपराधी है। तमंचा बरामदगी के मामले में लहरपुर कोतवाली में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ–226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522–4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल–9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# वाहन चोरी करने वाले गैंग का भंडाफोड़

■ दो गिरफ्तार, 15 गाड़ियां बरामद

शाह टाइम्स ब्यूरो

नोएडा। थाना फेस 1 पुलिस ने दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 02 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 15 दो पहिया वाहन जिसमें 11 मोटर साइकिल और 4 स्कूटी बरामद की गई है। इनके नाम बंटी और नसीम उर्फ कंचन है। इन दोनों को झुंडपुरा बार्डर सेक्टर-8 से गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही पर बरामद की गई बाइक नोएडा, दिल्ली एनसीआर से चोरी की गई थी।



डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि बंटी गैंग का सरगना है। ये नोएडा एनसीआर की कालोनियों, सोसाइटियों व कंपनियों से वाहन चोरी करने में माहिर है। ये दोनों पहले सेक्टर व कंपनियों के बाहर रेकी करते है। रेकी करने के बाद कंपनी, फैक्ट्री व पार्क के आस पास खड़ी बाइक व स्कूटी का लॉक तोड़कर चोरी करके ले जाते है। इसके बाद सुरक्षित स्थानों पर छिपा देते है। बाद में मौका पाकर मोटर साइकिल स्कूटी को अपने साथियों के साथ मिलकर सस्ते दामों में बेच देते है। इससे मिले पैसों से अपना खर्चा चलाते थे।

**पांच सेकेंड में तोड़ते है लॉक:** इनके लॉक तोड़े बिना भी मास्टर की के जरिए कई बाइक को ऑन कर फरार हो जाते है। इनको लॉक तोड़ने में महज 5 से 10 सेकेंड का समय लगता है। ये बाइक को राह चलते लोगों को या कबाडियों को बेच देते है। इसमें बंटी पर 9 और नसीम पर 9 मुकदमे दर्ज है। इनकी जानकारी अन्य जनपद और राज्यों को भेजी जा रही है।

## पति-पत्नी को लोहे के पाइप से पीटा अस्पताल में भर्ती

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के हतेवा गांव में एक दंपती पर हमला हुआ है। घटना में रामकिशन और उनकी पत्नी देवकी घायल हो गए हैं।

घटना उस समय हुई जब एक व्यक्ति रामकिशन के घर की छत से होकर बिजली के पोल पर तार लगा रहा था। रामकिशन ने इसका विरोध किया। इस पर आरोपी ने गालीगलौज करते हुए लोहे के पाइप से उन पर हमला कर दिया। पति को बचाने आई पत्नी देवकी पर भी आरोपी ने हमला कर दिया।

दोनों घायलों को जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित रामकिशन ने बुधवार को पुलिस को शिकायत दी। लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देकर बुजुर्ग महिला से ठगे 40 लाख

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। साइबर ठगों ने ग्रेटर नोएडा के कासना की रहने वाली वरिष्ठ नागरिक ए लक्ष्मी को तीन दिन डिजिटल अरेस्ट कर 40 लाख रुपये ठग लिए। पीड़िता 16 अगस्त को कथित दूरसंचार कर्मी के फोन से ठगों के संपर्क में आईं। ठगों ने नरेश गोयल मनी लांड्रिंग केस में नाम आना बताकर डराया।किसी को नहीं बताने की शर्त पर तीन दिन डिजिटल अरेस्ट कर जानकारी जुटाई। पीड़िता की जमा पूंजी की जांच करने के नाम रकम ट्रांसफर कराई। रकम वापस नहीं मिलने पर पीड़िता को ठगी का अहसास हुआ। पीड़िता ने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। वरिष्ठ नागरिक ए लक्ष्मी 2015 तक एक प्राइवेट कंपनी में काम करती थीं। उनके बच्चे विदेश में रहते हैं। उनके पास 12 अगस्त की दोपहर सवा 12 बजे कथित वरुण कुमार ने दूरसंचार कर्मी बन फोन किया था। उनका सिम दो घंटे में बंद होने की बात बोली थी। यह सुनकर पीड़िता ने पूछा तो उसने बताया कि उनकी आइडी पर एक सिम लिया गया है। उससे अश्लील काल की जा रही हैं। आइडी पर मुबंई थाने में 15 जुलाई को मामला दर्ज हुआ है। इसके बाद पीड़िता की बात मुंबई क्राइम ब्रांच से कराई गई। चार पुलिसकर्मियों ने आनलाइन ही चार घंटे तक पूछताछ की। महिला का आधार देखा। महिला का नाम नरेश गोयल के मनी लॉन्ड्रिंग केस में आना और केनरा बैंक खाता खोल दो करोड़ की धोखाधड़ी करना बताया। गंभीर अपराध होने का हवाला देते हुए गिरफ्तारी होने की बात कहकर डराया। पीड़िता के खुद को निर्दोष बताया। ठग ने किसी को नहीं बताने और सहयोग करने पर जल्द छुटकारा दिलाने की बात कहकर प्रभाव में लिया।

ठग 12 से 14 अगस्त तक पीड़िता से पूछताछ कर निजी जानकारी हासिल करते रहे। सभी एफडी को तुड़वाकर रकम उनके बचत खाते में एकत्रित कराई। जांच के नाम पर महिला से 40 लाख रुपये 14 अगस्त को ट्रांसफर करा लिए। तीन दिन में पैसा वापस आने की बात कही। ऐसा नहीं होने पर पीड़िता को अपने साथ ठगी होने का अहसास हुआ। पीड़िता ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत की। एनसीआरपी पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई।

**मुंबई की यस बैंक की शाखा में गई रकम:** पीड़िता ने बताया कि ठगों ने मुंबई साकी नाका स्थित यश बैंक की शाखा के खाते में रकम ट्रांसफर कराई। जानकारी करने पर पता चला कि यह खाता जालोर फिनटेक टेक्नोलाजी नाम की फर्म के नाम पर है।

# नोएडा-ग्रेनो में खूंखार कुत्तों के लिए होंगे तगड़े इंतजाम

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। गौतमबुद्धनगर जिले में खूंखार और बीमार कुत्तों के लिए पांच शेल्टर होम बनाए जाएंगे। इनमें दो नोएडा और तीन ग्रेटर नोएडा में होंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण के लिए एक और केंद्र भी बनाएगा। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में पांच शेल्टर होम बनाए जाएंगे। इसका प्रस्ताव बनाकर निविदा जारी कर दी गई है।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के निर्देशों के मुताबिक पशु प्रेमी लावारिस कुत्तों को सोसाइटी के मुख्य द्वार, सीढ़ियों, खेल के मैदान आदि सार्वजनिक स्थानों पर भोजन नहीं खिला सकेंगे। प्राधिकरण ने इस संबंध में कार्यालय आदेश जारी कर आरडब्ल्यूए और एओए से सोसाइटी परिसर में लावारिस कुत्तों की संख्या, खाना खिलाने के लिए चिह्नित स्थान समेत विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक एसपी सिंह ने कहा कि जिन क्षेत्रों में कुत्तों द्वारा लोगों को काटा जा रहा है, उनमें टीमें भेजकर खूंखार कुत्तों को उठाया जाएगा। कुत्तों को 15 दिनों तक शेल्टर होम में रखकर उनके आक्रामक व्यवहार को शांत किया जाएगा।

**नसबंदी केंद्र के लिए जगह की तलाश:** वहीं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक स्वास्थ्य आरके भारती ने कहा- लावारिस कुत्तों के लिए तीन शेल्टर होम बनाने की तैयारी है। इसके लिए निविदा जारी कर दी गई है। नसबंदी और टीकाकरण केंद्र की संख्या एक से बढ़ाकर दो की जाएगी। नसबंदी केंद्र बनाने के लिए जगह की तलाश की जा रही है।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा में पहले से नियम दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने लावारिस कुत्तों के संबंध में शुक्रवार को जो नया आदेश दिया, वह व्यवस्था नोएडा और ग्रेटर नोएडा में पहले से लागू है। नसबंदी और टीकाकरण के बाद लावारिस कुत्तों को उसी स्थान पर ले जाकर छोड़ दिया जाता है, जहां से उन्हें उठाया गया था।

**क्या कहते हैं ग्रेनो के आंकड़े?:** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में पिछले दो से तीन सालों से लावारिस कुत्तों के लिए नसबंदी की व्यवस्था लागू है। प्राधिकरण से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक अब तक पांच हजार से अधिक लावारिस कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण किया जा चुका है।

**नोएडा में 8169 कुत्तों का रजिस्ट्रेशन:** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर स्वर्णनगरी में एक नसबंदी और टीकाकरण केंद्र संचालित किया जा रहा है, जिसकी क्षमता प्रतिदिन 15 कुत्तों की नसबंदी करने की है। इसका संचालन एक एनजीओ कर रही है। अधिकारी के मुताबिक एक और नसबंदी केंद्र स्थापित किया जाएगा।

# पति ने पत्नी को जिंदा जलाया, वीडियो वायरल

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। कासना कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा में विवाहिता की जलाकर हत्या के आरोप में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। मामले में मृतका की बहन ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए विवाहिता के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर उसकी बहन को आग के हवाले करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले में आरोपी पति समेत चार नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। मामले में महिला को जलाने का वीडियो भी सामने आया था। इसके अलावा एक अन्य वीडियो में मृतका के पुत्र को यह करते हुए सुना जा सकता है कि उसके पापा ने मम्मा को लाइटर से जलाया।



रूपबास गांव के रहने वाले भिकारी सिंह ने बताया कि उनकी पुत्री कंचन (29) और निक्की (27) की शादी दिसंबर 2016 में सिरसा गांव के रहने वाले रोहित ओर विपिन से हिन्दू रीति-रिवाज से बिना दान-दहेज के हुई थी। शादी में स्कॉर्पियो गाड़ी और सभी सामान दिया था। लेकिन उसके बावजूद शादी के बाद से ही ससुराल के लोग 35 लाख रुपये दहेज की मांग करने लगे। इस बीच एक कार ओर दी थी, लेकिन उसके बाद भी आरोपियों की डिमांड कम नहीं हुई। उनकी दोनों पुत्रियों के साथ ससुराल के लोग मारपीट करते थे। कई बार पंचायत कर समझौता किया। लेकिन आरोपी ने समझौता नहीं माना।वहीं मृतका की बड़ी बहन कंचन का आरोप है कि गुरुवार की शाम करीब 5:30 बजे उसकी सास दया ने अपने पुत्र विपिन के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। आरोप है कि सास दया ने अपने हाथ में ज्वलनशील पदार्थ लिया और विपिन को पकड़ाया।

जिसके बाद विपिन ने पीड़ित की बहन निक्की के ऊपर डाल दिया। साथ ही बहन के गले पर हमला किया। जिसके बाद उनकी बहन बेहोश हो गई। जब कंचन ने इसका विरोध किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। इस दौरान कंचन का पति रोहित भाटी और ससुर सत्यवीर मौके पर मौजूद थे। गंभीर हालत में निक्की को पड़ोसियों की मदद से फोर्टिस हॉस्पिटल एच्छर ग्रेटर नोएडा ले जाया गया। हालत बिगड़ने पर उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**पेट्रोल डालकर लगाई आग:** कंचन का आरोप है कि जिस दौरान उनकी बहन की हत्या की वह मौके पर थी, लेकिन वह चाहकर भी कुछ नहीं कर सकी। बहन की मौत से गुस्साई कंचन ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कासना कोतवाली पहुंचकर आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। परिजन ने पेट्रोल डालकर जलाकर मारने का आरोप लगाया है।

**बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल:** पिता का कहना है कि निक्की का एक पुत्र अविश (6) है। निक्की का पति शराब पीकर आए दिन लड़ाई करता है। वहीं कंचन की एक पुत्री लाव्या (7) व बेटा विनीत (4) है। पुत्री की मौत से परिवार में मातम छाया है। मां की मौत से पुत्र का रो-रोकर बुरा हाल है। उसने घटने को अपनी आंखों के सामने होते हुए देखा है। वहीं एडिशनल डीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया कि महिला के पति विपिन को पकड़ा है। पुलिस टीम का गठन किया गया है। अन्य आरोपियों की शीघ्र ही गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

## एक नजर

### महिला ने दुपट्टे से फंदा लगाकर की आत्महत्या

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बिसरख कोतवाली क्षेत्र के इकोविलेज-1 सोसाइटी में रहने वाली महिला ने शुक्रवार शाम दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पिंकी वर्मा (40) अपनी 10 वर्षीय बेटी के साथ किराये के फ्लैट में रहती थी।

शुक्रवार शाम करीब सात बजे बेटी को पड़ोस की एक महिला के घर सब्जी लेने का बहाना बनाकर छोड़कर गई थी। रात नौ बजे तक महिला के नहीं आने पर पड़ोसियों ने फोन किया लेकिन फोन नहीं उठा। पड़ोसी फ्लैट पर पहुंचे तो दरवाजा बंद मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने फ्लैट की खिड़की का शीशा और दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो महिला फंदे से लटकी मिली। महिला को फंदे से उतारकर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच में पता चला कि महिला की शादी गया प्रसाद से 11 वर्ष पूर्व हुई थी। मृतका का गया प्रसाद से एक 10 वर्षीय बेटा और छह वर्षीय बेटी है। महिला करीब तीन वर्ष से अपने पहले पति को छोड़कर दूसरे पति संदीप उपाध्याय के साथ इको विलेज वन सोसाइटी के एक फ्लैट में रह रही थी। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले में कोई शिकायत पत्र नहीं मिला है।

### पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट सोसायटी में लिफ्ट फंसी, आधे घंटे तक कैद रहे निवासी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र की पॉश हाउसिंग सोसायटी पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट में शनिवार को लिफ्ट खराब हो गई। 4 मंजिल पर अचानक लिफ्ट रुक जाने से उसमें सवार कई लोग फंस गए। करीब आधे घंटे तक लोग लिफ्ट में कैद रहे। कड़ी मशक्कत के बाद मेंटेनेंस टीम के कर्मचारियों ने फंसे लोगों को बाहर निकाला। लिफ्ट फंसने की घटना के बाद निवासियों ने जमकर हंगामा किया।

लिफ्ट में फंसे लोगों की ओर से बार-बार अलार्म बजाए जाने और मदद के लिए पुकारे जाने के बावजूद सोसायटी का मेंटेनेंस स्टाफ समय पर नहीं पहुंचा। निवासियों ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए खुद ही प्रयास कर लिफ्ट का दरवाजा खोला और अंदर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। हालांकि कुछ देर बाद मेंटेनेंस कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए।

**वीडियो हुआ वायरल:** घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें लिफ्ट में फंसे लोगों की घबराहट और परेशानी साफ देखी जा सकती है। सोसायटी के निवासियों ने इस लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि लिफ्ट मेंटेनेंस की जिम्मेदार एजेंसी पूरी तरह से उदासीन बनी हुई है।

**पहले भी हो चुकी घटना:** निवासियों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब इस तरह की घटना हुई हो। पहले भी लिफ्ट में तकनीकी खराबी और सुरक्षा उपायों की कमी को लेकर कई बार शिकायत की जा चुकी है लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सोसायटी निवासी अंकित अग्रवाल ने बताया हम अपने बच्चों और बुजुर्गों के साथ यहां रहते हैं। इस तरह की घटनाएं न सिर्फ डरावनी है बल्कि भविष्य में किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

### स्कूल कैंटीन के खाने में मिलने से हंड़कंप

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के एक निजी स्कूल की कैंटीन के खाने में कीड़ा निकलने का आरोप है। एक अभिभावक का आरोप है कि पीटीएम के दौरान वो कैंटीन में छोले-भटूरे खाने पहुंचे थे। भटूरे पर कीड़ा मिला। उन्होंने इसकी शिकायत सोशल मीडिया पर प्रशासन से की है। वहीं खाद्य विभाग ने जानकारी से इंकार किया है। अफसरों का कहना है कि शिकायत मिली तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। निवासियों ने बताया कि शनिवार को स्कूल में पीटीएम थी। बड़ी संख्या में अभिभावक पहुंचे थे। तभी कुछ अभिभावक बच्चों के साथ कैंटीन में खाना खाने चले गए। एक अभिभावक ने कैंटीन में छोले भटूरे का ऑर्डर दिया। आरोप है कि जब छोले भटूरे उनकी टेबल पर पहुंचे तो भटूरे के ऊपर कीड़ा था। जो मरा हुआ था। साथ ही वहां पर साफ सफाई की व्यवस्था भी अच्छी नहीं थी। अभिभावकों का कहना है कि बड़ी संख्या में रोजाना बच्चे कैंटीन में खाना खाते हैं। अगर गंदगी रहेगी और साफ सफाई का ध्यान नहीं रखा जाएगा तो बच्चों के बीमार होने का खतरा रहेगा। अभिभावकों ने सोशल मीडिया पर इसकी शिकायत की। वहीं सहायक आयुक्त द्वितीय खाद्य सर्वेश मिश्रा का कहना है कि अभी किसी ने इसकी शिकायत नहीं की है।

# जिलाधिकारी ने विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण के दिए कड़े निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक संपन्न हुई, जिसमें आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की प्रगति एवं फीडबैक की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गयी।



समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने असंतुष्ट फीडबैक एवं डिफॉल्टर श्रेणी में आने वाले प्रकरणों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार को निर्देशित किया कि जिन विभागों में 70 प्रतिशत से अधिक असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुए हैं तथा जो विभाग डिफॉल्टर श्रेणी में दर्ज किए गए हैं, उनके संबंधित अधिकारियों का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोका जाए। साथ ही बैठक में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले विभागीय अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोका जाए एवं उनके विरुद्ध स्पष्टीकरण जारी किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा शासन स्तर पर प्रतिदिन की जाती है और उसी के आधार पर जनपद की रैंकिंग निर्धारित होती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक अधिकारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि शिकायतकर्ता की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी अधिकारी शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता करें तथा निर्धारित समयावधि में शिकायतों का निस्तारण करें। साथ ही कहा कि प्रतिदिन अधिकारीगण अपने-अपने कार्यालय में आइजीआरएस पोर्टल की मॉनिटरिंग स्वयं करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी भू0अ0 राजेश कुमार, उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडे, मुख्य कोष अधिकारी शिखा गुप्ता तथा प्राधिकरण एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# निवेश के बहाने कोरियाई से ठगे 90 लाख रुपये

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। शेयर बाजार और विभिन्न कंपनियों में निवेश कर प्रतिमाह लाखों रुपए का मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर अपराधियों ने ग्रेटर नोएडा में रेस्त्रां चलाने वाले दक्षिणी कोरिया के नागरिक के साथ 90 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित पर जब ठग और रकम निवेश करने का दबाव बनाने लगे तब उसे ठगी की जानकारी हुई। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दक्षिणी कोरिया निवासी सांगसू काफी लंबे समय से भारत में रह रहे हैं। वह ग्रेटर नोएडा में कोरियन रेस्त्रां चलाते हैं। उनके परिवार के कई अन्य सदस्य भी जिले में ही रह रहे हैं। कुछ समय पहले सांगसू को सोशल मीडिया के माध्यम से एक मैसेज मिला। इसमें निवेश पर कम समय में दो से तीन गुना मुनाफा कमाने की बात कही गई। जब उन्होंने इसमें रुचि दिखाई तो ठगों ने उन्हें एक वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ लिया। इसमें कई अन्य सदस्य पहले से ही जुड़े हुए थे, जो लगातार मुनाफे का स्क्रीनशॉट साझा कर रहे थे।

**ग्रुप में मिलती थी कंपनियों की जानकारी:** ग्रुप में एक व्यक्ति रोजाना स्टॉक और विभिन्न कंपनियों के बारे में जानकारी दे रहा था। उसकी बताई कंपनियों और स्टॉक में निवेश करने पर ग्रुप के लोगों को लगातार मुनाफा हो रहा था। शुरुआती चरण में कोरियाई नागरिक ने जब निवेश किया तो उसे मुनाफा हुआ। साथ ही ठगों ने उसे मुनाफे समेत रकम निक. ालने की अनुमति भी दे दी। ठगों के जाल में फंसने के बाद मुनाफे के चक्कर में पीड़ित ने कई बार में 90 लाख रुपए ठगों द्वारा बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दिए। मुनाफे समेत यह रकम कई करोड़ रुपए की हो गई।

**ऐप पर और बढ़ती दिखी रकम:** इस दौरान ठगों ने पीड़ित से एक ऐप भी डाउनलोड कराया। इसमें उसकी रकम मुनाफे समेत बढ़ती हुई दिख रही थी। पीड़ित ने रकम पांच अगस्त से 16 अगस्त के बीच में ट्रांसफर की । आवश्यकता पड़ने पर जब पीड़ित ने अपनी रकम निकालनी चाही तो ठग विभिन्न करों का हवाला देते हुए उसपर और रकम ट्रांसफर करने का दबाव बनाने लगे। और पैसे ट्रांसफर करने में कोरियाई नागरिक ने जब असमर्थता जताई तो ठगों ने उसे ग्रुप से बाहर कर दिया। पीड़ित का जो खाता ठगों ने खुलवाया था उसे भी बंद कर दिया गया।

# बाढ़ से प्रभावित 150 परिवारों को बांटी राहत सामग्री

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। जिला प्रशासन ने शनिवार को यमुना नदी के डूब क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री बांटी। सेक्टर 150 के पास दादरी विधायक तेजपाल नागर और एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता ने 150 परिवारों को राहत सामग्री किट दी। जिसमें राशन से लेकर अन्य उपयोगी चीजें शामिल हैं। वहीं जेवर तहसील की टीम बाढ़ से फसल के नुकसान का आकलन कर रही हैं। ताकि किसानों को क्षतिपूर्ति दी जा सके। हथिनीकुंड बैराज से लगातार पानी छोड़ने के कारण दिल्ली एनसीआर में यमुना का जल स्तर बढ़ गया था। इसका असर गौतमबुद्ध नगर में भी रहा था। डूब क्षेत्र में बांध तक पानी लग गया था। जलस्तर बढ़ने से खेतों के साथ-साथ अवैध फार्म हाउसों में पानी भर गया था। वहां रहने वाले लोग बाहर आ गए थे। सभी ने पुश्ता पर रहकर पानी कम होने का इंतजार किया। वहीं प्रशासन ने भी उनको खाना उपलब्ध कराया। अब शनिवार को तहसील सदर में बाढ़ से प्रभावित 150 परिवारों को राहत सामग्री दी गई है। दादरी विधायक तेजपाल नागर भी मौजूद रहें। एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता ने बताया कि सभी को एक-एक राशन किट दी गई। जिसमें दाल, चावल, आटा, तेल और मसाले आदि सामान था।

# बंद कार में मिली हार्डवेयर इंजीनियर की लाश

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र में एक हार्डवेयर इंजीनियर ने कार में जहरीला पदार्थ खा लिया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

मूलरूप से सिंकदरपुर गांव कन्नौज के अखिल शुक्ला (36) पत्नी और बेटी के साथ अरीना सोसाइटी में रहते थे। उनकी सेक्टर-63 में कंपनी है। पेश से हार्ड वेयर इंजीनियर का हार्ड वेयर के सामान की खरीद-फरोख्त करते थे।

शुक्रवार सुबह वह सोसाइटी से कंपनी जाने के लिए निकले थे। लेकिन दोपहर करीब ढाई बजे वह गौतमबुद्ध बालक इंटर कॉलेज के पास अपनी ऑल्टो कार में बेहोश मिले। काफी देर तक एक ही जगह पर कार के खड़े होने के बाद उसमें व्यक्ति के बेहोश पड़े होने पर लोगों ने इसकी सूचना डायल-112 पर फोन कर दी। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह का कार शीशा तोड़ने के बाद कार का दरवाजा खोला और अखिल को पीसीआर में डालकर बिसरख सीएचसी पहुंचाया। वहां कुछ प्राथमिक उपचार के दौरान उन्होंने अपने एक दोस्त का नंबर दिया। पुलिस ने दोस्त को फोन करने के बाद अखिल के परिजनों को सूचना दी। इसी दौरान हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल सेक्टर-39 नोएडा के लिए रेफर कर दिया।

# पुलिस मुठभेड़ में ठगी के आरोपी को लगी गोली

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में पुलिस ने एटीएम धोखाधड़ी करने वाले एक बदमाश को मुठभेड़ के बाद दबोच लिया। आरोपी की पहचान सन्नी उर्फ नितेश बाबू के रूप में हुई है, जो मूल रूप से औरैया का रहने वाला है और इन दिनों गौतमबुद्धनगर के मामूरा में रहता है।



शुक्रवार रात इकोटेक-3 थाना पुलिस याम्हा कट पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार सन्नी को रुकने का इशारा किया गया। वह भागने की कोशिश में गिर पड़ा और घिरता देख पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया और गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपी के पास से .315 बोर का तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस और तीन एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।

**एटीएम धोखाधड़ी का तरीका:** सन्नी एटीएम मशीन में कार्ड डालने वाली जगह पर फेविकोल चिपका देता था। कार्ड फंसने पर उसके साथी सुमित और संजय पीड़ित को नकली हेल्पलाइन नंबर देते थे। सन्नी फोन पर पीड़ित से पिन नंबर पूछता और बैंक जाने को कहता। जैसे ही पीड़ित बैंक पहुंचता, उसके साथी प्लास से कार्ड निकालकर खाते से पैसे उड़ा लेते थे। सुमित और संजय पहले ही पकड़े जा चुके हैं और जेल में बंद हैं, जबकि सन्नी अब पुलिस की गिरफ्त में है।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# महिला सुरक्षा और रोजगार को लेकर पल्लवी पटेल ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** हिला सुरक्षा-आजादी संग सम्मानजनक रोजगार को लेकर शनिवार को अपना दल कमेरावादी महिला मंच के तत्वावधान में सिराथू विधायक डॉ पल्लवी पटेल ने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया। इस दौरान पटेल के साथ बघी संख्या में महिलाओं ने प्रदर्शन कर मांग को दोहराया।

बर्लिंगटन चौराहे पर जुटी अपना दल कमेरावादी महिला मंच की कार्यकर्ताओं ने सघ्क पर उतर कर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी महिलाएं हर महिला को सुरक्षा और आजादी दो, सम्मानजनक रोजगार दो, केजी से पीजी तक महिलाओं की शिक्षा निशुल्क करो, रोजमर्रा की वस्तुओं की महंगाई पर रोक लगाओ आदि के नारे लगा रही थी। इस दौरान जुलूस जैसे ही विधान भवन की तरफ आगे बड़ा, वहां पहले से मौजूद पुलिस प्रशासन ने रोक दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारी महिलाओं की पुलिस से तीखी नोकझोंक और झड़प भी हुईं। जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारी महिलाओं को हिरासत में लेकर बसों में लादकर इको गार्डन भिजवा दिया। इस दौरान प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही सिराथू विधायक डॉ पल्लवी पटेल ने कहा कि वर्ष 1999 में 23 अगस्त को इलाहाबाद के पी- डी- टंडन पार्क में अपना दल के संस्थापक डॉ सोनेलाल पटेल द्वारा आवाज उठाने पर बर्बर लाठीचार्ज और प्राणघातक हमला किया गया था। तभी से अपना दल प्रत्येक वर्ष दूसरी आजादी की प्रथम क्रांति के इस दिवस पर जनहित में आंदोलित रहता है। इस बार उत्तर प्रदेश की लखनऊ में आधी आबादी ने रसोई से लेकर खेत खलिहान, शिक्षा रोजगार के मुद्दों के साथ ही सुरक्षा एवं भागीदारी के लिए आंदोलन का बिगुल फूंका है। डॉ पटेल ने कहा कि अपना दल कमेरावादी हर महिला की सुरक्षा, नि:शुल्क शिक्षा, उचित रोजगार की मांग करता है।




## एयरपोर्ट पर विदेशी यात्री के पास मिला सैटेलाइट फोन

**वाराणसी।** वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे पर शनिवार को सुरक्षा जांच के दौरान एक विदेशी यात्री के पास से सैटेलाइट फोन बरामद किया गया। सुरक्षा अधिकारियों ने विदेशी नागरिक से पूछताछ शुरू कर दी है। भारत में सैटेलाइट फोन का उपयोग बिना अनुमति के प्रतिबंधित है। जानकारी के अनुसार, इटली के नागरिक एलेसैंड्रा इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान 6ई-6597 से वाराणसी से बेंगलुरु जाने के लिए हवाई अड्डे पर पहुंचे थे। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों ने जांच के दौरान उनके पास से सैटेलाइट फोन बरामद किया। एयरपोर्ट प्रशासन ने प्रारंभिक पूछताछ के बाद इसकी सूचना स्थानीय पुलिस और अन्य जांच एजेंसियों को दी।

# परिवार संग मिल कर किया था भाभी और भतीजे का कत्ल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी में शुक्रवार को हुए मां बेटे के कत्ल का चौबीस घंटे के अंदर खुलासा करते हुए पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की पूछताछ में आरो. पियों ने बताया कि उन्हें आशंका थी कि उसकी फसल खराब करने के लिए कीटनाशक डाल दिया गया था।

पुलिस चारों आरोपियों के खिलाफ के विधिक कार्यवाही कर रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि 21 अगस्त को जगराम सरोज ने लिखित तहरीर दी थी कि खेत में निराई का काम कर रही उनकी बहन रामादेवी व भांजे आकाश सरोज को बहन के देवर रामराज उर्फ राजू सरोज ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर पीट पीट कर मार दिया है। इस मामले में राजू सरोज, उसकी पत्नी रामलली व दो पुत्रियों के खिलाफ मामला पंजीकृत किया गया था। मुसाफिरखाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रामराज उर्फ राजू सरोज, रामलली को गिरफ्तार कर लिया जबकि दो नफर बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस निगरानी में लिया गया।

तलाशी से अभियुक्त राम. राज उर्फ राजू सरोज के कब्जे से एक झोले से सरिया मोड़ने वाला लोहे का एक कुन्द हथियार, एक खुर्पी व हाथ से एक बांस का डण्डा बरामद हुआ। पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने बताया कि 21 अगस्त को समय करीब 11:00 बजे खेत में काम कर रही रामाद. ेवी व आकाश सरोज की इन्हीं लोहे के हथियार, खुर्पी व बांस के डण्डे से मार-मार कर हत्या कर दी थी।

आगे पूछताछ में दोनों बाल अपचारी द्वारा उक्त घटना में रामादेवी व आकाश सरोज को लात घूंसों से मारने की बात स्वीकार की गई। अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि उपरोक्त मामले में कीटनाशक दवा छिड़काव को लेकर विवाद में मां बेटे के ऊपर हमला हुआ था।जिसमें मुकदमा दर्ज हुआ था।पुलिस टीमों ने अथक प्रयास से चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।मुसाफिर खाना थाने में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जब उप्र में कुछ नहीं कर पाए तो बिहार में क्या गुल खिला लेंगे अखिलेश: सिद्धार्थनाथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री व भाजपा विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने शनिवार को तंज करते हुए कहा है कि अखिलेश यादव जब 2014 से अपने गृह राज्य यूपी में कुछ नहीं कर पाए तो बिहार चुनाव में जाकर क्या गुल खिलाएंगे। उन्होंने कहा है कि अखिलेश यादव के बिहार जाने से अब कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

सिद्धार्थ नाथ सिंह ने अखिलेश यादव को नसीहत देते हुए कहा है कि पहले सोशल साइट्स एक्स पर पोस्ट डालना बंद कर दें और जनता को समझने की कोशिश करें।

उन्होंने कहा है कि अभी भी अखिलेश यादव बाबा आदम के जमाने में जी रहे हैं और मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं। उन्होंने बिहार चुनाव में राहुल गांधी, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव की तिकड़ी को लेकर कहा है कि राहुल गांधी जहां-जहां गए हैं, उस राज्य का बंटाधार हुआ है। राहुल गांधी जहां भी जाएंगे वहां पर बंटाधार होगा। उन्हें कुछ मिलने वाला नहीं है।

# विमुक्त जाति दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे योगी: असीम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 31 अगस्त को विमुक्त जाति दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। 31 अगस्त 1952 को भारत सरकार ने अंग्रेजों द्वारा थोपे गए काले कानून क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट को समाप्त किया था।

इस एक्ट कई समुदायों को अपराधी घोषित कर उनके अधिकार छीन लिए थे।ऐसे में आगामी 31 अगस्त को लखनऊ में विमुक्त जाति दिवस कार्यक्रम का आयोजन समाज कल्याण विभाग की तरफ से किया जाएगा। श्री अरुण ने शनिवार को बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश भर से विमुक्त जाति समुदाय के लोग हिस्सा लेंगे, जो सामाजिक समावेश और सशक्तीकरण का प्रतीक होगा। विमुक्त जाति दिवस का ऐतिहा. सिक महत्व है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार इस दिन को विमुक्त जाति दिवस के रूप में मनाकर इन समुदायों को सम्मान और नई पहचान दे रही है। योगी सरकार विमुक्त जातियों के उत्थान के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में कई योजनाएं संचालित कर रही है। इसके तहत विमुक्त जाति के लोगों को पट्टे पर भूमि आवंटन की सुविधा भी प्रदान की जा रही है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि योगी सरकार का लक्ष्य है कि विमुक्त जाति के लोग समाज की मुख्यधारा में शामिल हों और उनके बच्चे उच्च शिक्षा और प्रशासनिक सेवाओं में अपनी जगह बनाएं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल सामाजिक समरसता को बढ़ावा देगा, बल्कि विमुक्त जातियों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करेगा।



## एक नजर

### प्रयागराज में स्कूली छात्र की हत्या

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के नैनी इलाके में शनिवार को पांचवी कक्षा के छात्र का रक्तरंजित शव मिलने से सनसनी फैल गयी। पुलिस ने बताया कि महेवा पूरब पट्टी के नई बस्ती में शरद (11) का शव शनिवार सुबह गांव के पास स्थित विद्यापीठ इंटर कालेज की खाली जमीन पर झाड़ी में पड़ा मिला। बच्चे की शरीर पर चोट के गंभीर निशान भी थे। आशंका जताई जा रही है, कि पहले उसे मारा पीटा गया और फिर बच्चे की गला दबाकर हत्या कर दी गई है।आसपास के लोगों को सुबह जानकारी हुई। घटना की सूचना पाकर पुलिस अधिकारियों के साथ ही फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। बच्चे के परिवार वालो ने अभी किसी पर शक नहीं जताया है। पुलिस पास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी देख रही है। साथ ही कुछ संदिग्धों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही हैं। बच्चे के पिता मोहन लाल भारतीय मार्बल टाइल्स लगाने के मिस्त्री हैं। शरद भारतीय शुक्रवार की शाम संदिग्ध अवस्था में वह गायब हो गया था। परिवार वाले उसे रात भर खोजते रहे, लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। जब वो नही मिला तो उसके पिता ने देर रात 12 बजे नैनी थाने में पहुंचकर तहरीर दी। शनिवार सुबह करीब नौ बजे लोगों ने शरद का शव को झाड़ी में पड़ा देखा। इंस्पेक्टर नैनी बृजकिशोर गौतम ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। वही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि उसे गला दबाकर मारा गया या फिर कोई और कारण बच्चे की हत्या की गई है।

### अंतरिक्ष के प्रति दिलचस्पी बढ़ाने के लिए होगा 'आर्ट इन स्पेस कम्पीटीशन'

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया और कुशीनगर जिलों में युवाओं को अंतरिक्ष के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ' आर्ट इन स्पेस कम्पीटीशन का आयोजन किया जाएगा। भाजपा के स्थानीय सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जल्द ही सांसद अंतरिक्ष छात्र प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देवरिया में अंतरिक्ष के प्रति युवाओं की जागरूकता बढ़ाने के लिए ईसरो,एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी आफ इंडिया(एएसआई) के वैज्ञानिकों के सहयोग से प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किं इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए उन्होंने इन-स्पेस के डायरेक्टर डा- विनोद से सम्पर्क किया है। यह प्रतियोगिता दो प्रकार से होगी। प्रतियोगिता में पहले आर्ट इन कम्पीटीशन में कक्षा पांच से कक्षा आठ तक बच्चें भाग ले सकते हैं। वहीं दूसरी प्रतियोगिता स्पेस क्विज कम्पीटीशन में कक्षा नौ से 12 वीं तक के छात्र भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में हजारों बच्चें भाग लेंगे। जिसमें टाम छात्रों को अक्टूबर में पुरूस्कृत किया । श्री त्रिपाठी ने कहा कि इस कम्पीटीशन की तारीख जल्द ही बता दी जायेगी। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिता के आयोजन से देवरिया,कुशीनगर जिलों के साथ पूर्वांचल के छात्रों में अंतरिक्ष तकनीक के प्रति एक विश्वास जगायेगा। ताकि हमारे छात्र भी अपना भविष्य स्पेस के क्षेत्र में सुरक्षित कर सके।

### अब्बास के बाद अब उसके भाई उमर अंसारी का ठिकाना होंगी कासगंज जेल

**एटा।** फर्जी हस्ताक्षर मामले में गाजीपुर जेल में निरुद्ध मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर अंसारी को कासगंज जेल मे शिफ्ट किया जा रहा है। शनिवार सुबह उमर अंसारी को कासगंज जेल के लिए रवाना किया गया। फर्जी हस्ताक्षर मामले मे एक महीने पहले पुलिस ने उसे लखनऊ से विधायक भाई अब्बास अंसारी के आवास से गिरफ्तार कर गाजीपुर जेल भेजा था। मुख्तार का बघ बेटा अब्बास अंसारी विधायक भी कासगंज जेल मे रह चुका है जिसकी पिछले दिनो उच्चतम न्यायालय से घ्मानत मिलने पर रिहा किया था। मर अंसारी को करीब एक माह पूर्व माँ अफ्शा अंसारी के फर्जी हस्ताक्षर मामले मे लखनऊ से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने गैंगस्टर के एक मामले मे कार्यवाही करते हुए मुख्तार अंसारी की 10 करोघ रुपये की संपत्ति को कुर्क किया था, उसी संपत्ति को मुक्त कराने के लिए न्यायालय मे अपील दाखिल की गयी थी। याचिका के दस्तावेजो मे अफ्शा अंसारी के हस्ताक्षर फर्जी पाए जाने पर मोहमदाबाद थाने मे मुघ्दमा दर्ज किया गया था। 21 अगस्त को इस मामले मे उमर अंसारी की घ्मानत घरिज कर दी गयी थी।

# दिल्ली-गया अमृत भारत एक्सप्रेस प्रयागराज में रुकेगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** दिल्ली से गया के बीच संचालित अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन से होकर गुजरेगी। गया से दिल्ली के बीच चलाई गई अमृत भारत ट्रेन का कल देर शाम उद्घाटन किया गया।

यह ट्रेन शाम को सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन पर पहुंची। जहां पर पहले से मौजूद जनप्रतिनिधियों और प्रयागराज मंडल के डीआरएम रजनीश अग्रवाल ने ट्रेन का स्वागत किया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही पीएम मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया गया। ट्रेन के पहुंचने पर पूर्व मंत्री व भाजपा विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, फूलपुर बीजेपी विधायक दीपक पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वी के सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने डीआरएम रजनीश अग्रवाल के साथ हरी झंडी दिखाकर इस ट्रेन को रवाना किया। यह अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन 28 अगस्त से नियमित गया और दिल्ली के बीच चलेगी। सूब. ेदारगंज स्टेशन से दिल्ली पहुंचने में इस ट्रेन को 13 घंटे का समय लगेगा। हालांकि कई दूसरी ट्रेनें यह दूरी सिर्फ 8 से 10 घंटे में तय करती हैं।

लेकिन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस ट्रेन के चलने से यात्रियों को बड़ी सहूलियत होगी। डीआरएम रजनीश अग्रवाल ने बताया की 28 अगस्त से गया और दिल्ली के बीच अमृत भारत ट्रेन नियमित रूप से चलेगी। यह पूरी ट्रेन नॉन एसी होगी।

हालांकि यात्रियों की सुविधा के लिए इसमें पैंट्री कार की सुविधा उन्हें मिलेगी।उनके मुता. बिक इस ट्रेन में आठ स्लीपर कोच, 11 जनरल कोच और दो एसएलआर लगाए गए हैं। उन्होंने इस ट्रेन को आम यात्रियों के लिए बड़ी सौगात बताया है।



# जौनपुर में चाचा ने की भतीजे की हत्या, चार गिरफ्तार

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के चंदवक क्षेत्र में खाना खाने के लिए बुलाने पर तुरंत न आने पर एक व्यक्ति ने लाठी से प्रहार कर अपने भतीजे की हत्या कर दी। पुलिस ने नामजद सात लोगों में से चार को गिरफ्तार कर लिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव ने शनिवार को बताया कि चन्दवक क्षेत्र के चिटको गांव निवासी रामदयाल राजभर शुक्रवार देर रात अपने भाई लोचन के पुत्र राजकुमार राज राजभर (32) को खाना खाने के लिए बुलाया, तो वह अपने साथियों के साथ थोड़ी दूर बैठकर बातें कर रहा था। दूसरी बार बुलाने पर भी जब नहीं आया तो चाचा को गुस्सा आ गया और भतीजे को गाली देने लगे, तो भतीजे ने भी उनका जवाब दिया दोनों में कहा सुनी हुई और झगड़ा होने लगा थोड़ी देर में मारपीट होने लगी। चाचा रामदयाल ने घर में रखी लाठी उठाकर भतीजे के सिर पर वार कर दिया, जिससे राजकुमार की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही चन्दवक थाने की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटना में नामजद सात लोगों में से चार को गिरफ्तार कर लिया है।

## देवरिया में सड़क हादसे में एसएसबी जवान की मृत्यु

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के मईल क्षेत्र में शनिवार को बाइक सवार एसएसबी जवान की सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि बलिया जिले के नगरा क्षेत्र निवासी एसएसबी जवान सतेंद्र कुमार यादव आज बाइक से गोरखपुर से अपने गांव टियरा हैदपुर जा रहे थे कि मईल चौराहे के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक को ठोकर मार दी। इस हादसे में एसएसबी जवान की मौके पर ही मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि जवान की पहचान उसके पास से मिले आईकार्ड से हुई है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

# वाराणसी में प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लिए समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा वाराणसी जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में जिले के योगदान की समीक्षा के लिए शनिवार को बैठक की। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने विभिन्न योजनाओं और एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में जिले के योगदान की जानकारी एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत की।

जिलाधिकारी ने 2023-24 के आंकड़ों के आधार पर बताया कि वर्तमान में वाराणसी जिले की जनसंख्या 36-77 लाख (2011 की जनगणना के अनुसार) है, जो 2025 तक 43-87 लाख होने का अनुमान है।

जिले की वर्तमान जीडीपी 51,036 करोड़ रुपए (प्रचलित भावों पर) और 29,797 करोड़ रुपए (स्थिर भावों पर) है, जबकि वार्षिक विकास दर 13-8: है। जिले का राज्य की जीडीपी में योगदान 1-99 प्रतिशत है, और प्रति व्यक्ति आय 1,03,354 रुपए है। प्राथमिक क्षेत्र का जिले की जीडीपी में योगदान 8.57 प्रतिशत, द्वितीयक क्षेत्र का 25.58 प्रतिशत और तृतीयक क्षेत्र का 65.85 प्रतिशत है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले के तृतीयक क्षेत्र का वर्तमान आंकड़ा 30,000 करोड़ रुपये है, जिसे बढ़ाकर 1 लाख करोड़ रुपये तक ले जाने का लक्ष्य है। पर्यटकों की संख्या में 42 प्रतिशत और होटल उद्योग में 66 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

प्रभारी मंत्री ने कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों की जीडीपी में योगदान को गुणात्मक रूप से बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने जिले के वर्तमान आंकड़ों में तीन गुना वृद्धि करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि कृषि, पशुधन, वानिकी, और मत्स्य जैसे क्षेत्रों में विशेष प्रयास किए जाने चाहिए।

उन्होंने अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए तात्कालिक और दीर्घकालिक लक्ष्य तैयार करने तथा माइक्रोप्लालनग के माध्यम से कृषि और संबद्ध क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्राथमिक विद्यालय को बंद नहीं किया जाएगा, बल्कि नई शिक्षा नीति के तहत वहां प्री-प्राइमरी बच्चों की पढ़ाई सुनिश्चित की जाएगी।

## गाड़ी डिवाइडर से टकराई, छह सिपाही घायल

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के कुंडा क्षेत्र में शनिवार को पुलिस मुठभेड की सूचना पर हथिगवां जा रहे पुलिस वाहन के डिवाइडर से टकराने से उसमे सवार छह सिपाही घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय को स्कोर्ट कर रही गाड़ी शनिवार को अनियंत्रित होकर कुंडा कोतवाली क्षेत्र के प्रयागराज लखनऊ हाईवे पर शेखपुर आशिक के पास शनिवार भोर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें सवार आधा दर्जन सिपाही घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी कुंडा में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि सभी सिपाही पुलिस लाइन के हैं।

# चित्रकूट में भदही अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश के पौराणिक एवं ऐतिहासिक तीर्थ स्थल चित्रकूट में आज भदही अमावस्या के पावन पर्व पर 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदा. कनी नदी में डुबकी लगाकर कामदगिरि की परिक्रमा लगाई। चित्रकूट में चारों तरफ श्रद्धालुओं की भीड़ दिख रही है। पुलिस प्रशासन ने भी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखा है।

श्रद्धालुओं की व्यवस्था के लिए चार स्पेशल ट्रेन और 200 से अधिक बसें भी चलाई गई है। पूरे मेला क्षेत्र को छह जोन में बांटा गया है। मेला अधिकारी ने बताया कि कल शाम से ही लोगों ने मंदाकिनी नदी में डुबकी लगाना और कामद. गिरि की परिक्रमा लगाना शुरू कर दिया था। आज भोर से ही श्रद्धालुओं की भारी संख्या मंदा. कनी के रामघाट के किनारे मौजूद हो गई थी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से भारी मात्रा में महिला पुलिस और पुरुष पुलिस को बगैर वर्दी के लगाया गया है। डाग स्क्वायड की व्यवस्था की गई है। बम निरोधक दस्ता लगा हुआ है। श्रद्धालुओं को नदी में ज्यादा गहरे पानी पर न जाने की सख्त हिदायत को देते हुए पुलिस गोताखोर भी तैनात किए गए हैं। मुख्य द्वार के महंत रामस्वरूपचार्य ने बताया की भादों की अमावस्या में मंदाकिनी में स्नान कर कामदगिरि की परिक्रमा लगाने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।

अमावस्या के दिन ही गोस्वामी तुलसीदास जी को प्रभु श्री राम लक्ष्मण सीता के दर्शन हुए थे। इस मान्यता को आज भी लोग इस भाव के साथ मानते चले आ रहे हैं। श्रद्धालुओं को ऐसा विश्वास है कि आज के दिन मंदाकिनी नदी में स्नान करने और कामदगिरि की परिक्रमा लगाने से प्रभु श्री राम की कृपा प्राप्त होती है। श्रद्धालुओं की संख्या विगत वर्षों की तुलना में बहुत ज्यादा बताई जा रही है।

## लोहे की रॉड मार कर युवक की हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के सुजानगंज क्षेत्र में शुक्रवार की रात एक युवक की लोहे की रॉड और ईंट मार कर हत्या कर दी गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले में सुजानगंज थाना क्षेत्र के सराय पघ्री गांव निवासी मनोज यादव (27) का उसके घर से 150 मीटर दूर उसका पलम्पग सेट मशीन था, जहां वह रात को अपने दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा था। उनके भांजे अमन यादव ने बताया कि तीन से चार लोग गांव के थे जबकि बाकी लोग सुजानगंज बाजार से आये थे। शनिवार की सुबह घर वाले अपनी भैंस चराने के लिए मशीन के पास गए तो देखा कि मनोज यादव का रक्तरंजित शव वहां पड़ा हुआ है।

# संविधान संशोधन विधेयक का मतलब प्रतिपक्ष के नेताओं का उत्पीड़न: सुमन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**आगरा।** समाजवादी पार्टी (सपा) सांसद रामजी लाल सुमन ने 130 वें संविधान संशोधन विधेयक की खिलाफत करते हुये कहा कि इस विधेयक का मतलब प्रतिपक्ष के नेताओं का उत्पीड़न और परेशान करना है। उन्होंने कहा कि प्रर्वतन निदेशालय (इडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में जो केस दर्ज हुए हैं वो प्रतिपक्ष के नेताओं के खिलाफ हुए हैं। इन दोनों एजेंसियों का दुरुपयोग हुआ है। उच्चतम न्यायालय भी ईडी और सीबीआई के काम काज पर टिप्पणी कर चुका है।

संसद में सरकार ने खुद स्वीकार किया है कि दस सालों में 193 केस दर्ज हुए हैं जिसने से सिर्फ दो केस में आरोप सिद्ध हुए हैं। प्रतिपक्ष के मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को हटाना एक सूत्र कार्यक्रम है। श्री सुमन ने कहा कि प्रतिपक्ष के 25 नेता अपनी पार्टी में शामिल कराए जिसमें 23 खिलाफ चल रहे आपराधिक मामले ठंडे बस्ते में डाल दिए। ये तानाशाही कानून है जिसकी आलोचना की जाए कम है। हिटलर शाही कानून का देश के लोगों को विरोध करना चाहिए। केंद्र सरकार 130 वें संविधान संशोधन विधेयक पास कराना चाहती है जिसमें किसी मंत्री या मुख्यमंत्री किसी आपराधिक मामले में 30 दिन जेल में रहता है तो उसका पद समाप्त हो जाएगा। इस संशोधन विधेयक के खिलाफ विपक्ष लगातार विरोध जता रहा है।



## बांदा में मोमोज खाने से 20 बीमार

**बांदा।** उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के गिरवां थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात्रि मोमोज खाने से 15 बच्चों सहित 20 लोग बीमार हो गए जिनमें से गंभीर बीमार पांच बच्चों को राजकीय वीरांगना रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। नरैनी तहसील के मसूरी खेरवा गांव में हुई इस घटना की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर सभी बीमार लोगों का उपचार किया। स्नेहा (8), विवेक (14), लप्रस (12) और प्रीति (9) को उपचारित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ देव तिवारी के अनुसार बच्चों सहित 20 लोग गांव में बीमार मिले। सभी का मौके पर उपचार किया गया।

# पुलिस अधिकारियों ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने थाना कादरचौक में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधिकारियों को फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर उनका गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर कुल 11 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिनके निस्तारण के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए गए। जिलाधिकारी ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि भूमि व राजस्व विभाग से संबंधित मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि वह अपने क्षेत्र का नियमित भ्रमण करें तथा छोटी से छोटी घटना की जानकारी भी उच्च अधिकारियों को दें ताकि समय रहते उसका निस्तारण कराया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश में कानून का राज स्थापित है इसलिए सामाजिक व समाज में वैमनस्य फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करें। उन्होंने महिलाओं की शिकायतों का संवे. दनशील होकर गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# सोते समय 10 वर्षीय बच्चे को सांप ने डसा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** आज सुबह तड़के 4: बजे करीब सराह बरौलिया गांव में रात में सोते समय 10 वर्षीय बच्चे को सांप ने डसा, परिजनों ने बच्चे को इलाज के लिए सीएचसी बिसौली में कराया भर्ती हालत गंभीर हम आपको बता दें कि जनपद बदायूं के शरह बरौलिया गांव में में सुबह 4 बजे लगभग 10 वर्षीय अरबाज पुत्र असलम चारपाई पर सो रहा था तभी अचानक से जहरीले सांप ने डस लिया। वहीं जब सुबह होने पर बच्चे की हालत बिगड़ने लगी वहीं आनन फानन में बच्चे के परिजनों ने हालत बिगड़ती देख बच्चे को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसौली में भर्ती कराया जहां उपस्थित डॉक्टरों द्वारा बच्चे का प्राथमिक उपचार किया गया जहाँ बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# मंडी सचल दल ने सुपारी भरा मिनी ट्रक पकड़ा



**आई एम खान, शाह टाइम्स**

**बिसौली।** मंडी सभापति/उप जिलाधिकारी राशि कृष्णा एवं मंडी सचिव हिम्मत सिंह के नेतृत्व में मंडी सचल दल टीम ने वाहनों की चेकिंग के दौरान अवैध रूप से सुपारी भरे मिनी ट्रक से एक लाख सोलह हजार रुपए शमन शुल्क बसूला। रात्रि में मंडी सचल दल में मंडी निरीक्षक रंजीत कुमार मौर्य एवं मंडी निरीक्षक दिलीप कुमार गुप्ता अटल चौक पर अवैध रूप से खाद्यान्न भरे वाहनों को चेक कर रहे थे। उसी दौरान मिनी ट्रक में सुपारी भरी पाई गई। व्यापारी से पेपर मांगे गए जो उसके पास उपलब्ध नहीं थे। वाहन को पड़कर नवीन मंडी स्थल में खड़ा कर दिया गया। जिस पर नियमानुसार शमन शुल्क/जुर्माना एक लाख सोलह हजार रुपए की रसीद जारी करते हुए वाहन को अवमुक्त कर दिया गया।

# विधायक आशुतोष मौर्य ने सुनीं जनता की समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** विधायक आशुतोष मौर्य ने शनिवार को अपने आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। विधायक आशुतोष मौर्य ने कहा कि जनता दर्शन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं को जानना है। उन्होंने बताया कि इन समस्याओं का समाधान करना उनकी प्रमुख प्राथमिकता है।

कार्यक्रम में विधायक आशुतोष मौर्य ने क्षेत्रवासियों की उपस्थिति के लिए आभार जताया। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निर्देश दिए।

# बदायूं में पुलिस ने किया पैदल गश्त सड़क पर भ्रमण कर कराया सुरक्षा का एहसास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** यूपी : प्रदेश के जनपद बदायूं की कोतवाली दातागंज के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट इंस्पेक्टर गौरव बिश्नोई पुलिस वल के साथ गुरुवार की देर रात को विभिन्न प्रमुख हाईवे, कस्बों, ढाबा, रेस्टोरेंट आदि जगहों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते दिखे। दातागंज इंस्पेक्टर गौरव बिश्नोई के नगर में पैदल गश्त के दौरान दिव्यांग व्यक्ति ने शायराना अंदाज में पुलिस का गुणगान करते हुए कई शायरी गाने प्रस्तुत किया एवं इंस्पेक्टर दातागंज की उत्तम कार्य शैली को चलते आभार प्रकट किया।पैदल गश्त के दौरान इंस्पेक्टर दातागंज ने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी। लोगों से आह्वान किया कि किसी तरह की



समस्या या संदिग्ध दिखे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। इंस्पेक्टर दातागंज ने लोगों को चेताया कि थाना दातागंज क्षेत्र में किसी तरह की गलत हरकत या अशान्ति फैलाने पर सम्बन्धित के खिलाफ कठोर कार्रवाई तय है। चाहे वह आम जन हो या कोई खास व्यक्ति क्यों न हो। साथ ही पुलिस ने लोगों से अपने मकान, प्रतिष्ठानों आदि जगहों पर सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरा लगाने का भी आह्वान किया। वही हमारे संवाददाता अभिषेक वर्मा से वार्ता करने पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गौरव बिश्नोई ने बताया कि सबसे पहले तो हम कहना चाहेंगे कि हम हर उस व्यक्ति के साथ हैं जो कमजोर है, रात्रि पैदल गश्त का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा को भापने के साथ ही लोगों को सुरक्षा का एहसास कराने और शान्ति व्यवस्था बनाए रखना है। व्यापारी की सुरक्षा के दृष्टि से बीट सिपाहियों की ड्यूटी को बढ़ाया गया है। वही इस संबंध में जनप्रतिनिधियों व्यापारियों किसान यूनियन के पदाधिकारी से वार्ता करने पर उन्होंने बताया कि सबसे पहले तो हम उच्च अधिकारीयों को धन्यवाद देना चाहते हैं कि उनके नेतृत्व में हमें ऐसे कर्तव्यनिष्ठ ईमानदार एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के नाम से पहचान रखने वाले ऐसे पुलिस अधिकारी दातागंज कोतवाली को मिले हैं। हम प्रदेश सरकार को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट करते है। इस पैदल गश्त के दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजीव शर्मा ,उपनिरीक्षक अवधेश पाराशरी, कस्बा इंचार्ज हेड कांस्टेबल हरीश कुमार, कांस्टेबल पंकज सैनी सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# मोटापा स्वास्थ के लिए खतरा: राजकुमार शर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** सिद्व बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में स्वास्थ नोडल अधिकारी विपलव भारती के नेतृत्व में मोटापा स्वास्थ के लिए खघ्तरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रधानाचार्य द्वारा छात्र छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई कि मोटापा स्वास्थ के लिए एक खघ्तरा है। हमारी जीवन शैली और हमारा खानपान मोटापे का कारण बनते जा रहे हैं। यदि हमें स्वस्थ रहना है तो अपने मोटापे पर नियंत्रण रखना होगा। हमें पैदल चलना चाहिए। जंक फूड्स से बचना चाहिए। इस अवसर पर नीरज चौहान,विपलव भारती,डा प्रमोद कुमार शर्मा,प्रवीण मिश्रा,अनमोल उपाध्याय,प्रवेश शर्मा,मंयक पाठक,अश्वनी शर्मा,नितिन मिश्रा,प्रायान्शी शर्मा,नेहा शर्मा,विपुल प्रताप सिंह आदि थे। संचालन कालेज के शिक्षक रामौतार मौर्या ने किया।

# डीएम ने गंगा जलस्तर का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने शनिवार को पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कादरगंज पुल के ऊपर से गंगा नदी के जलस्तर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए।

कहा कि गंगा के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा के किनारे बसे ग्रामों में विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने राजस्व, पुलिस, आपदा प्रबंधन एवं स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पुल के दोनों ओर जलस्तर का गहनता से निरीक्षण कर मौजूद अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि गंगा किनारे के गांवों में रहने वाले लोग सुरक्षित रहें, इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर भी निगरानी समितियाँ सक्रिय की जाएँ। ग्रामीणों को समय-समय पर प्रशासन की ओर से आवश्यक सूचनाएँ और सचेत रहने के संदेश पहुँचाए जाएँ। उन्होंने कहा कि राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य ,पशुपालन व सिंचाई विभाग बाढ़ खंड आदि विभाग अलर्ट रहें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है और किसी भी परिस्थिति में ग्रामवासियों को समस्या नहीं होने दी जाएगी। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# इनरव्हील क्लब का अधिष्ठापन समारोह



**आई एम खान, शाह टाइम्स**

**बिसौली।** दिनेश मधु आई हॉस्पिटल में इनरव्हील क्लब का अधिष्ठापन समारोह धूमधाम से मनाया गया। जिसमें नई टीम की घोषणा की गई। डॉक्टर सुविधा माहेश्वरी को नया अध्यक्ष बनाया गया। पूर्व प्रेसिडेंट ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुविधा माहेश्वरी को कालर पहनाकर सम्मानित किया तथा आगामी वर्ष का कार्यभार सौंपा। डाक्टर सुविधा माहेश्वरी ने बताया कि क्लब द्वारा स्वतंत्रता दिवस, जन्माष्टमी एवं तीजोत्सव का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। क्लब की सचिव भारती अग्रवाल ने कहा कि इस बार महिला शिक्षा, स्वच्छता एवं पर्यावरण जैसे मुद्दों पर क्लब द्वारा कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर सचिव भारती अग्रवाल, ममता अग्रवाल, लता अग्रवाल, अर्चना वार्ष्णेय, रितु अग्रवाल, सोनिया, नमिता, दिव्या, संगीता, मधु शर्मा, कृष्णा गुप्ता, नीरू अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# भाकियू चढ़ूनी ने किए पदाधिकारी नियुक्त

## अनीता शर्मा बनी महिला मोर्चा की बिसौली तहसील अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ने संगठन का विस्तार करते हुए किसानों को पदभार सौंपा। जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। भाकियू चढ़ूनी के जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने संगठन का विस्तार करते हुए बिसौली तहसील क्षेत्र में आधा दर्जन किसानों को सदस्यता ग्रहण कराई है। राजेन्द्र कुमार पाठक को जिला प्रचार मंत्री, श्रीमती अनीता शर्मा को बिसौली तहसील अध्यक्ष महिला मोर्चा, अनुज कुमार को ग्राम अध्यक्ष हतना, विजेंद्र शर्मा को ग्राम अध्यक्ष बाकरपुर, सुनील कुमार को ग्राम अध्यक्ष जगत शिवपुरी, शिवचरण सिंह को ग्राम सचिव जगत शिवपुरी नियुक्त किया है। बिसौली तहसील अध्यक्ष रजनेश उपाध्याय व जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस मौके पर नूरुद्दीन, शरीफ अब्बासी, रामकिशोर पाठक, ब्रजकिशोर, सत्यपाल, कल्लू, मनोज उपाध्याय, जिला प्रमुख महासचिव ,आसिम उमर,वीसू दास,आदि किसान उपस्थित रहे।

# त्रिवेणी इंटर कॉलेज भटपुरा में धूमधाम से मनाया गणेश चतुर्थी का पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** भटपुरा स्थित त्रिवेणी इंटर कॉलेज भटपुरा एवं ब्राइट फ्यूचर किड्स एकेडमी लटका के संयुक्त कार्यक्रम श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं गणेश चतुर्थी का पाव धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहसवान नगर पालिका की अध्यक्ष आमिर हाजी अली उर्फ बाबर मियां ने अपने संबोधन में कहा कि हमको उन महापुरुषों से सीख लेनी चाहिए जिन्होंने अपना सर्वाधिक जीवन का समय समाज सेवा में लगाया समाज के उत्थान में लगाया और दोस्तों का नरसिंह हर करने में लगाया कार्यक्रम के विशेष स्थिति एडवोकेट जावेद इकबाल बहुजन समाज पार्टी के कंडावर नेता ने कहा की समाज सेवा से बड़ा कोई दूसरा काम नहीं विद्यालय के प्रधानाचार्यआरती गुप्ता ने सभी आवंटनों का को का धन्यवाद व्यक्त किया इस अवसर पर उमेश चंद्र पाल कंचन धनगर राधा शर्मा आकांक्षा शर्मा शशि दक्ष पूनम चंद्र सोनम चंद्र अपर्णा शर्मा जगपाल सिंह यादव सत्यम सिंह कृष्णपाल शर्मा संजीव सक्सेना ओमेंद्र पाल सिंह इत्यादि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# 30 अगस्त तक जमा करें हज 2026 की प्रथम किश्त 25 एवं दस्तावेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया है कि हज समिति ऑफ इंडिया ने आजमीने हज 2026 के लिए पहली किश्त जमा करने की अन्तिम तिथि 25 अगस्त 2025 तक बढ़ा दी गयी है। पहली किश्त में 152300 रुपए जमा किये जाएंगे जो किसी भी स्टेट बैंक या यूनियन बैंक की शाखा में जमा किये जा सकेंगें अथवा या हज यात्री ऑनलाइन अपने खाते से नेटबैंकिंग के द्वारा ऑनलाइन वेबसाइट https%@@hajcommittee-gov-पद व हज सुविधा एप पर क्रेडिट कार्ड,डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग के माध्यम से हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई के खाते में जमा करना होगा। जिसके बाद आजमीने हज 2026 को अपने निम्न दस्तावेज धनराशि जमा कर पे-इन स्लिप व ऑनलाइन जमा रसीद, स्वत: हस्ताक्षरित हज आवेदन फार्म,अन्तराष्ट्रीय पासपोर्ट हेतु घोषणा पत्र,मेडिकल स्क्रीनिंग एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट (वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप पर), स्वत: हस्ताक्षरित अन्तराष्ट्रीय पासपोर्ट की फोटोप्रति ये सभी दस्तावेज हज कमेटी आफ इण्डिया के पोर्टल पर अपने लॉग-इन आई0डी0 से अपलोड करना है अथवा किसी मजबूत लिफाफे में रखकर सचिव व कार्यपालक अधिकारी उ0प्र0 राज्य हज समिति मौलाना अली मियाँ मैमोरियल हज हाउस सरोजनी नगर लखनऊ-226008 पर डाक अथवा दस्ती दिनॉक 30 अगस्त 2025 तक जमा करना होगा। चयन होने की सूचना प्रत्येक कवर हेड के मोबाइल नम्बर पर एस.एम.एस. के माध्यम से भेजी गयी है। जनपद बदायूँ के सभी 145 हज यात्रियों का चयन हज 2026 हेतु हो गया है। अन्य किश्तें,हवाई जहाज का किराया व अन्य व्ययों के निर्धारित होने पर अलग से सूचित किया जायेगा। समय से धनराशि व प्रपत्र जमा न करने पर प्रोवीजनली चयनित हज यात्री की सीट निरस्त हो सकती है। केवल जनपद बदायूँ के ही हज 2026 के यात्री मेडीकल स्क्रीनिंग एण्ड फिटनेस सर्टीफिकेट के लिए अचल केन्द्र जिला महिला अस्पताल बदायूँ में 30 अगस्त 2025 तक किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क करें।

# नेहरू मेमोरियल शिव नारायण दास डिग्री कॉलेज में आयोजित सघन एड्स जागरूकता अभियान गोष्ठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में सघन एड्स जागरूकता अभियान प्रोफेसर डॉ आशीष कुमार सक्सेना प्राचार्य की अध्यक्षता में नेहरू मेमोरियल शिव नारायण दास डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ विनेश कुमार ने बताया एचआईवी एड्स होने के चार मुख्य कारण असुरक्षित यौन संबंध,एचआईवी ग्रसित महिला से होने वाले उसके बच्चे, और एचआईवी ग्रसित व्यक्ति ब्लड लेने से,संक्रमित व्यक्ति की सिरिंज इस्तेमाल करने से फैलता है। शनि दुबे प्रोग्राम मैनेजर लोक कल्याण



समिति द्वारा बताया गया कि जहां एचआईवी के केस निकलते हैं वहां की ग्राम पंचायतों के साथ साथ एफएसडब्लू, एमएसडब्लू, ड्रग यूजर्स में एड्स को फैलने, जांच, बचाव, एवं इलाज के बारे में जागरूक किया। सुदेश सक्सेना डीपीटीसी एसटीएस द्वारा बताया गया एड्स से ग्रसित मरीजों में टीबी की बीमारी होने का खतरा सबसे ज्यादा रहता है इसलिए सभी एचआईवी वाले मरीजों की टीबी की जांच होना आवश्यक है। रेशमबती काउंसलर के द्वारा गर्वभती महिलाओं में एचआईवी की जांच एवं उसके होने वाले बच्चे को एचआईवी से बचाव के बारे में बताया गया। राजेश काउंसलर द्वारा भी कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया गया कार्यक्रम का संचालन सुदेश सक्सेना द्वारा गया स कार्यक्रम मे प्रोफेसर मनवीर सिंह, प्रोफेसर डॉ रवि भूषण पाठक, प्रोफेसर डॉ सत्यम मिश्रा उपस्थित रहे।

# नगर में कुआँ और मस्जिद का 140 साल पुराने विवाद का अधिकारियों की सूझबूझ से किया गया निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** जनपद बदायूं की कस्बा बिसौली के मोहल्ला गदरपुरा में स्थित जमातिया मस्जिद व कुआँ को लेकर पिछले लगभग 140 वर्षों से हिंदू व मुस्लिम पक्षों में विवाद चल रहा था।

जिसकी जड़े आज भी हरी थी वहीं बीते दिनों हिंदू पक्ष के लोगों ने आगामी आयोजन की तैयारी को लेकर मस्जिद के बराबर कुआ पर भगवा रंग से पोत दिया था जिसका मुस्लिम पक्ष के लोगों ने विरोध जताया और पुलिस को अवगत कराया बिसौली कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नगर में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पूर्व में हुए फैसले का हवाला देते हुए पुन: सफेद रंग से कुआं को पुतवा दिया



गया लेकिन विवाद खत्म नहीं हुआ हिंदू पक्ष के लोगों में नाराजगी को देखते हुए आज शनिवार को मस्जिद और कुआँ के विवाद को लेकर सूचना पर पहुंचे एसपी ग्रामीण, बिसौली उप जिलाधिकारी, व बिसौली पुलिस क्षेत्र अधिकारी एवं बिसौली कोतवाली प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने दोनों पक्षों को बुलाकर सहमति से 140 साल पुराना मस्जिद और कुआं के विवाद निस्तारण कराया गया जिसमें कुआं और मस्जिद के बीच एक दीवार खड़ी की गई अब दोनों ही पक्षों के लोग अपने-अपने धार्मिक आयोजन कर सकेंगे इसी दौरान बिसौली इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने अपने हाथों से दीवार की नींव खोदकर दीवार बनने की शुरुआत की गई इस मौके पर दोनों पक्षों के लोग राजनीतिक गणमान्य व शासनिक व प्रशासनिक अधिकारी एवं शांति व्यवस्था के लिहाज से भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## एक नजर

# 6 अगस्त को होगी जिला सैनिक बन्धु की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ले0कर्नल संदीप सिंह(अ0प्रा0) ने जनपद बदायूँ के समस्त भूतपूर्व सैनिकों व दिवगंत सैनिकों की विधवाओं को सूचित किया है कि उनकी कल्याणकारी समस्त समस्याओं के निराकरण हेतु जिला सैनिक बन्धु की बैठक जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में 26 अगस्त 2025 मंगलवार को अपरान्ह 01:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार बदायूँ में आयोजित की जाएगी। यदि किसी भूतपूर्व सैनिक व दिवंगत सैनिकों की विधवाओं की कोई समस्या है तो वह अपना प्रार्थना-पत्र दो प्रतियों में 25 अगस्त 2025 अपरान्ह 5 बजे तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

# प्रशासन ने ग्रामसभा की भूमि को कराया कब्जा मुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** ग्राम पंचायत सिसईया मे गाटा संख्या 445 खाद के गड्ढे , गाटा संख्या 446 खलियान भूमि को गांव के भू माफिया के कब्जे से मुक्त कराया गया। भू-माफिया अभिषेक, अन्नू ,सुधीर, कमलेश, बिभोर आदि लोगों से कब्जा मुक्त कराई गई। क्षेत्रीय लेखपाल अमित कुमार ,पंकज कानूनगो सर्वेश कुमार, लेखपाल रिजवान अली, दरोगा रजत यादव के सहयोग से भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया है।

**लोकप्रिय हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एंव विज्ञापन/सूचनाओं के लिए निम्न नम्बरों पर सम्पर्क करें।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भगवान दास | संवाददाता | बदायूं सिटी | 9411010546 |
| कैलाश मिश्रा | संवाददाता | इस्लामनगर | 9458213331 |
| राजीव सक्सेना | संवाददाता | उघैती | 9761005266 |
| नईम आजाद | संवाददाता | बिल्सी | 9808271513 |
| अंकित गुप्ता | संवाददाता | रुदायन | 8430206061 |

| | | |
|---|---|---|
| अजीत शर्मा क्राइम संवाददाता बदायूं सिटी 9259362222 | बीके तोमर संवाददाता खेड़ा नवादा बदायूं 9412302152 | बदायूं मे न्यूज एजेंसियों के लिए संपर्क करें जिला प्रभारी 7500110219 9411827221 |
| धर्मेंद्र कुमार दीक्षित संवाददाता आसफपुर 7830155078 | अनुराग मिश्रा संवाददाता वजीरगंज 9759558639 | |
| आतिफ निसार ज़ैनू संवाददाता सहसवान 8954188786 | | |

# एएनएम की छात्राओं को समारोह में दी गई विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के आर्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरा मेडिकल साइंस में शनिवार को एएनएम की अंतिम वर्ष की छात्राओं को समारोह में विदाई दी गई। इस दौरान मिस फेयरवेल कोमल को चुना गया।

बरेली-पीलीभीत हाईवे पर राजघाट के निकट स्थित आर्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरा मेडिकल साइंस के चेयरमैन विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने कॉलेज में आयोजित विदाई समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने एएनएम की इन छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं देते हुए सेवा भाव से कार्य करने का आवाहन किया। कहा इस पेशे से आप मरीज की सेवा कर ईश्वर से आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं। विधायक ने कहा कि सेवा ही सर्वोपरि रखकर ही कार्य करें।

संस्थान के जनरल डायरेक्टर डॉक्टर आनन्द कुमार पाठक ने कॉलेज से विदाई लेने वाली इन एएनएम की छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं।

समारोह में फार्मेसी के डायरेक्टर डॉक्टर विकास सक्सेना, नर्सिंग की प्राचार्या डॉक्टर अशिता सक्सेना, नीरज सुयाल, अभिनाश, अरविंद राठौर, हरिपाल गंगवार, रामसेवक आदि शामिल रहे। समारोह का संचालन जली एवं पारुल ने किया। इस दौरान कोमल को मिस फेयरवेल चुना गया।

# ईको चालक का श्मशान भूमि में मिला शव, कस्बे में फैली सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** शनिवार को नगर की शमशान भूमि में एक शव मिलने से कस्बे में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। ईको चालक की हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

नगर की चांडक्यपुरी के रहने वाले 42 वर्षीय ईको चालक मुनीश कुमार का शनिवार की सुबह कस्बे की शमशान भूमि में शव पड़े होने की जानकारी सपा नेता मलखान सिंह यादव ने पहले डायल 112 और फिर कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव को दी। जिस पर पहुंचे कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने शव की शिनाख्त कराई, जिसपर वहां मौजूद लोगों ने ईको चालक मुनीश कुमार के रूप में उसकी शिनाख्त की।



सूचना मिलने पर सीओ नीलेश मिश्र भी पहुंच गए, फील्ड यूनिट टीम भी स्थल पर पहुंच गई, और उसने शव की फोटो ग्राफी की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

बताया जाता है कि ईको चालक की पत्नी ममता के साथ ही तीन पुत्र हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के पिता बालक राम का देहांत हो चुका है। मुनीश अपने चार भाईयों में सबसे छोटा था। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही उन्हें इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

## हत्या की जताई जा रही है आशंका

कस्बे की शमशान भूमि में शव पड़े होने की जानकारी लगते ही लोगों की वहां खासी भीड़ लग गई थी।

शव देखकर हर कोई मुनीश कुमार की हत्या किए जाने की आशंका जता रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सीधे पड़े मृतक की लाल रंग की सैंडो बनियान पर पैरों के निशान साफ नजर आ रहे थे।

## एक नजर

# गर्भवती विवाहिता को दहेज लोभियों ने मारपीट कर घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** गर्भवती विवाहिता को दहेज लोभियों ने मारपीटकर घर से निकाल दिया। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने पति,सास,ससुर, नन्द के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मिली जानकारी के अनुसार कस्बे के मोहल्ला सराय निवासी बाबू अंसारी की बेटी नगमा का निकाह दिल्ली के आशिक हुसैन से करीब दो साल पहले हुआ था।निकाह के समय नगमा के पिता ने अपनी सामर्थ्य से अधिक दान दहेज दिया।लेकिन पति समेत सुसराल वाले खुश नहीं थे।10 लाख रुपए दहेज में और लाने की डिमांड कर रहे थे। विवाहिता के मना करने पर बह उसे प्रताड़ित करने लगे।पीड़िता के परिजनों ने उत्पीड़न नहीं करने का कई बार आग्रह किया।लेकिन दहेज लोभियों ने एक नहीं सुनी।देवर के शादी के समय 21जून को उसे गर्भवती हालत सभी जेवर छीनकर घर से बाहर निकाल दिया।किसी तरह से पीड़िता अपने मायके पहुंची।आरोप है उसका गर्भ भी गिराने का प्रयास किया।पीड़िता के पिता के द्वारा कई बार आग्रह करने बाद जब उसका पति उसे बुलाने नहीं आया।तब पीड़िता ने एसएसपी अनुराग आर्य को लिखित प्रार्थना पत्र दिया।निर्देश पर थाना पुलिस ने पति आशिक हुसैन, ससुर साबिर हुसैन,सास नफीसा,देवर राशिद हुसैन,अब्दुल वाजिद,नन्द शहनाज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दी है।

थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना शुरू कर दी है।जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# 26 अगस्त को होगा नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** 29 जुलाई को निर्वाचित हुई एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन कार्यकारिणी को आगमी 26 अगस्त को शपथ दिलाई जाएगी।

संगठन के अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, सचिव दुष्यंत गंगवार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक पहले शपथ ग्रहण का कार्यक्रम 27 अगस्त को होना था, जिसे अब 26 अगस्त कर दिया गया है। संगठन के अध्यक्ष श्री जैदी ने बताया कि तहसील के सभागार में 26 अगस्त को दोपहर दो बजे संगठन की नव निर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण कराई जाएगी। शपथ ग्रहण समारोह में जिले के न्यायिक अधिकारियों के साथ ही बरेली बार के अध्यक्ष मनोज हरित, सचिव दीपक पाण्डे, बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य श्रीश महरोत्रा के साथ ही जनपद की तहसील बार कमेटियों के पदाधिकारी और स्थानीय अधिकारियों के शामिल होंगे। मालूम हो गुजरे माह 29 जुलाई को हुए चुनाव में शिशुपाल सिंह गंगवार को अध्यक्ष, पुष्पपाल सिंह को सचिव और कोषाध्यक्ष पद पर वीरेन्द पटेल को चुना गया था। दो सप्ताह से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को अभी तक शपथ नहीं दिलाई जा सकी थी।

# नरायन नगला नदी में मगरमच्छ की दहशत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नरायन नगला स्थित किच्छा नदी में मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। मगरमच्छ को देखने के लिए नदी के आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। मगरमच्छ काफी देर तक नदी किनारे बैठा रहा, और बाद में फिर नदी में चला गया।

किच्छा नदी में मगरमच्छ दिखाई देने पर प्रशासन ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और नदी की तरफ न जाने की सलाह दी है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नदी के पास जाने से बचें और अपने बच्चों को भी नदी के पास न जाने दें।

मगरमच्छ की मौजूदगी से ग्रामीणों में खतरे की आशंका बढ़ गई है। प्रशासन ने मगरमच्छ को पकड़ने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है। तब तक ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

मगरमच्छ की दहशत के कारण ग्रामीण अपने दैनिक कार्यों में भी बाधा महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मगरमच्छ को जल्द से जल्द पकड़ लिया जाए, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# एडीएम ने ली जिला व्यापार बन्धु समिति की मासिक बैठक

■ **अधिकारियों को व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण करने के दिए निर्देश**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे की अध्यक्षता में आज जिला व्यापार बन्धु समिति की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में कोतवाली से गवर्नमेंट इंटर कालेज तक आधी सड़क बनी हुई, आधी बिना बनी हुई, जिससे कई बार ई-रिक्शा पलटने सम्बन्धी, सिटी सब्जी मोड़ से गांधी स्कूल होते हुए चमन मठिया तक सड़क पर गढ्ढे के मरम्मत कराने सम्बन्धी, चौकी चौराहा पर अंधा डिवाइडर सम्बन्धी, महादेव पुल के नीचे अतिक्रमण सम्बन्धी आदि समस्याएं रखी गयीं, जिसपर अपर जिलाधिकारी नगर ने नगर निगम के सम्बंधित अधिकारी को उचित कार्यवाही कर समस्या का ससमय निस्तारण करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही बैठक में खाद एवं सुरक्षा विभाग से सम्बंधित समस्याओं को व्यापार बन्धुओं द्वारा अपर जिलाधिकारी नगर के समक्ष रखा गया, जिसपर उन्होंने खाद एवं सुरक्षा विभाग के सम्बंधित अधिकारी को कार्यशाला का आयोजन कर समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बैठक में बड़े बाजार के पीछे गंदे नाले की सड़क को सही कराए जाने सम्बंधित समस्या पर नगर निगम के सम्बंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त समस्या के निस्तारण हेतु कार्यवाही शुरू कर दी गयी है, जल्द ही समस्या का निस्तारण करा दिया जाएगा।

बैठक में शिवाजी मार्ग आलम. गिरी गंज क्षेत्र में दिन के समय में जाम की स्थिति में सुधार के लिए चौपाइया वाहनों को प्रतिबंधित किये जाने एवं ई-रिक्शाओं को वन वे करा दिये जाने सम्बंधी समस्या पर अपर जिलाधिकारी नगर ने सम्बंधित क्षेत्र के ट्रैफिक इंस्पेक्टर को निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, और ड्यूटी से नदारद होने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में व्यापार बंधुओं द्वारा जीएसटी सचल दल से सम्बंधित समस्याओं को भी रखा गया, जिसपर उन्होंने सम्बंधित अधिकारी को यथोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में नगर निगम, पुलिस विभाग, यातायात विभाग के अधिकारी, व्यापार बन्धुओं सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दहेज लोभी ससुराल वालों पर मारपीट और हत्या की कोशिश का आरोप, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र में एक दहेज लोभी ससुराल वालों पर मारपीट और हत्या की कोशिश का आरोप लगा है। पीड़ित दिनेश कुमार शर्मा ने अपनी बेटी सुनाली शर्मा के ससुराल वालों पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट और हत्या की कोशिश का आरोप लगाया है।

पीड़ित ने बताया कि उसकी बेटी की शादी 2 वर्ष पूर्व राहुल शर्मा के साथ हुई थी। शादी में उन्होंने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था। लेकिन दहेज लोभी ससुराल वाले और अधिक दहेज की मांग करने लगे, जिसमें एक शिफ्ट कार और 5 लाख रुपये नगद शामिल थे। जब पीड़ित ने अपनी असमर्थता जताई, तो ससुराल वालों ने उनकी बेटी के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित ने बताया कि उसकी बेटी के ससुर धर्मपाल शर्मा ने उसके साथ कई बार अश्लील हरकतें कीं, और बुरी नजर रखता था। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि 6 महीने पहले ससुराल वालों ने उसकी बेटी को गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की, और गंभीर रूप से मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। पीड़ित ने बताया कि 21 अगस्त 2025 को रात करीब 8 बजे ससुराल वालों ने कीटनाशक दवा खिलाकर उसकी बेटी को मारने की कोशिश की। जब बेटी ने जहरीला भोजन नहीं खाया तो ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की और जलाकर मारने की कोशिश की। पीड़ित ने 1076 नंबर पर कॉल कर अपनी बेटी को बंधक बनाने की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने आकर पीड़िता को मुक्त कराया। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है और कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने राहुल शर्मा, रेखा शर्मा, धर्मपाल शर्मा, बिक्की शर्मा, निवास छितौनिया कोतवाली बहेड़ी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जनाबे जैनब ने सब्र और बहादुरी से किया कातिलों को बेनकाब: मौलाना मीसम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** शिया समुदाय में लगातार मजलिसों का सिलसिला जारी है। इदार-ए-फरोगे विलायत की ओर से शुरू हुए खघ्म्से के मौके पर सोमवार को मोहल्ला हकीम टोला स्थित छोटे इमामबाड़े में पांच रोजा मजलिस का आगाज हुआ। जिसको मौलाना मीसम रजा ने खिताब किया।



मौलाना ने कहा कि रसूल-ए-खघ्दा (स.अ.) की नवासी और मौलाए-कायनात हजरत अली (अ.स.) की बेटी जनाबे जैनब (स.अ.) सब्र, हिम्मत और बलिदान की मिसाल हैं। उन्होंने कर्बला की तपती रेत पर इमाम सज्जाद (अ.स.) का साथ देकर इतिहास रचा। मौलाना मीसम ने कहा कि जनाबे जैनब (स.अ.) ने न सिर्फ शहीदों की याद को जिंदा रखने के लिए मजलिसों की नींव रखी, बल्कि दुश्मनों के दरबार में इमाम हुसैन (अ.स.) के कघतिलों को भी बेनकघब किया। यही वजह है कि आज भी पूरी दुनिया में अजादारी कघयम है और जुल्म के खिलाफ आवाज बुलंद होती है।

इदार-ए-फरोगे विलायत के असद जैदी और असहाब हैदर ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी जनाबे जैनब (स.अ.) की शहादत की याद में पांच रोजा मजलिस का आयोजन किया गया है। समापन सोमवार की मजलिस से होगा। मजलिस में शरीक रहे लोगों में शारिफ जैदी, सैफ जैदी, राजू, फैजुल जैदी, काशान जैदी, फुजैल जैदी, इप्पू, एहसान, डॉ. हिसार मेहंदी, मोहम्मद समेत इदार-ए-फरोगे विलायत के अन्य सदस्य शामिल रहे।

# साइबर ठगी: ठग ने रिश्तेदार बताकर पचास हजार रुपये ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** साइबर ठगी का एक और नया मामला सामने आया है। तमाम तरह से लोगों को जागरूक करने के बावजूद लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। यहां ठग ने रिश्तेदार बता एक व्यक्ति से पचास हजार रुपए ठग लिए।

मोहित कुमार अग्रवाल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत करने के बाद बहेड़ी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मोहित का कहना है कि उसके मोबाइल नंबर पर एक फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को मोहित का रिश्तेदार बताते हुए कहा कि उसका बेटा अस्पताल में भर्ती है, और उसे पैसे की जरूरत है।

पीड़ित ने विश्वास करके उसे पैसे दे दिए। मोहित कुमार अग्रवाल ने पहले 1 रुपया फिर 20,000 रुपये, 25,000 रुपये और बाद में 5,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए। लेकिन जब पैसे ट्रांसफर करने के बाद फोन करने वाले का मोबाइल स्विच ऑफ हो गया, तो मोहित को एहसास हुआ कि उसके साथ साइबर ठगी हुई है।

मोहित ने तुरंत इसकी सूचना ऑनलाइन शिकायत साइबर हेल्पलाइन पर दर्ज कराई, और अब पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, और जांच शुरू कर दी है। कोतवाल संजय तोमर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, और आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति को पैसे न दें, और साइबर ठगी से बचने के लिए सतर्क रहें।

## सट्टा किंग की 6 करोड़ 32 लाख रुपये की संपत्ति सीज

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना के चर्चित सट्टा किंग प्रदीप कुमार की लगभग 06 करोड़ 32 लाख रुपये की कीमत की संपति आज शनिवार के दिन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा सीज कर दी गयी है। बताया जाता है कि पुलिस और प्रशासन की इस संयुक्त कार्यवाही से अब उन लोगों में भी जबरदस्त हड़कंप मच गया है जो विभिन्न प्रकार के अवैध धंधों को अंजाम देने में लगे हैं। यह बड़ी कार्यवाही गैंगस्टर एक्ट के तहत जनपद मुजफ्फरनगर के जिला अधिकारी उमेश चंद्र मिश्रा के आद.ेश पर एसपी देहात आदित्य बंसल की अगुवाई में बुढ़ाना पुलिस प्रशासन के द्वारा की गयी है। ऐसा पहली बार हुआ है जब बुढ़ाना में काफी दिनों से खुलेआम होने वाली सटे की खाईबाडी बंद है। चोरी छिपे चल रही है वो बात अलग है।

## रक्षक बनने का सपना

**मुजफ्फरनगर।** देश का रक्षक बनने का सपना लिए युवाओं को नुमाइश मैदान के पक्के ट्रैक पर 1600 मीटर की दौड़ कराई गई। अभ्यर्थियों को 100-100 के समूहों में बांटा गया। उन्हें लाल, नीले और पीले रंग के चेस्ट नंबर दिए गए। चार समूहों में पांच से सवा छह मिनट के बीच दौड़ कराई गई। शनिवार को बिजनौर जिले के अभ्यर्थियो की भर्ती प्रक्रिया प्रस्तावित थी। भर्ती प्रक्रिया के दूसरे दिन जिले में शुरू हुई अग्निवीर भर्ती में 13 जिलों के 17 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। कलगौतमबुद्धनगर और शामली के युवा बड़ी संख्या में भर्ती को पहुंचे थे। जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अभ्यर्थियों को भर्ती परिसर में एंट्री दी गई। निर्धारित दौड़ में इससे पहले सेना के अधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दू सिद्धार्थ और अपर जिलाधिकारी वित्त गजेन्द्र पाल सिंह के साथ भर्ती की तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

# मुठभेड़ में दो पशु तस्करों के पैर में लगी गोली, चार आरोपी दबोचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** किला थाना क्षेत्र में सक्रिय पशु तस्करों से शुक्रवार देर रात पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस की कार्रवाई में दो तस्करों के पैर में गोली लगी है। एक सिपाही भी मुठभेड़ के दौरान घायल हुआ है। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान चार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं चार तस्कर फरार हो गए। पुलिस ने बड़ी मात्रा में तस्करों से संरक्षित पशु का मांस और हथियार बरामद किए हैं।

22 अगस्त को किला क्षेत्र में बाकरगंज नदी के किनारे खेत में संरक्षित पशु के अवशेष मिले थे। दरोगा मनवीर की ओर से अज्ञात पशु तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। तस्करों की तलाश की जा रही थी। किला थाना प्रभारी सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि शुक्रवार रात मुखबिर की सूचना पर किला थाना पुलिस का सामना पशु तस्करों के गिरोह से हो गया।

पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान किला के हुसैनबाग निवासी शमशुद्दीन, मुमताज, मोहसिन और सीबीगंज सराय तल्फी निवासी वीरेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में मुमताज उर्फ सलमान और मोहसिन गोली लगने से घायल हो गए। सिपाही सुनील कुमार को भी घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल भेजा गया है। पुलिस इनके चार फरार साथियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। पुलिस के मुताबिक तस्करों के गिरोह पर गैंगस्टर की कार्रवाई भी हो सकती है।

इंस्पेक्टर ने बताया कि तस्करों से किला पुलिस ने करीब आधा क्विंटल संरक्षित पशु का मांस बरामद किया है। पुलिस ने चार तमंचे, चार कारतूस, सात छुरी, रस्सी और एक लकड़ी का पटला बरामद किया है।

# सीडीओ ने ली विकास विभाग की सीएम डैशबोर्ड की बैठक



■ **सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में उत्तरोत्तर प्रगति बनाए रखने के दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मुख्य विकास अधिकारी देवयानी की अध्यक्षता में आज विकास विभाग की सीएम डैशबोर्ड की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में सभी सम्बंधित अधिकारियों को सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में उत्तरोत्तर प्रगति बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर माह जुलाई 2025 की जारी की गयी रैंकिंग में जनपद बरेली को विकास कार्यक्रमों में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है और यही प्रगति हमें अगस्त माह में भी बनाए रखनी है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने समीक्षा के दौरान पाया कि पीएम सूर्यघर योजना की स्थिति सही नहीं है, जिसपर नाराजगी व्यक्त करते हुये पीओ नेडा को सुधार करने के निर्देश दिए। फैमिली आईडी अधिक से अधिक संख्या में बनाए जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी में जो लक्ष्य है उसे यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए। बैठक में जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिए गए कि किसान सम्मान निधि में जो भी पेंडेंसी है उसे ब्लॉक स्तर पर कैम्प लगाकर समाप्त की जाए। समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि पोर्टल पर लगातार फीडिंग करते रहें तथा इसकी निगरानी भी लगातार की जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विश्राम सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग विकास यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर, समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# देश का रक्षक बनने का सपना लिए युवाओं ने लगाई 1600 मीटर की दौड़

■ **अग्निवीर भर्ती के दूसरे दिन बिजनौर के युवाओं ने आजमाया भाग्य**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** देश का रक्षक बनने का सपना लिए युवाओं को नुमा.इश मैदान के पक्के ट्रैक पर 1600 मीटर की दौड़ कराई गई। अभ्यर्थियों को 100-100 के समूहों में बांटा गया। उन्हें लाल, नीले और पीले रंग के चेस्ट नंबर दिए गए। चार समूहों में पांच से सवा छह मिनट के बीच दौड़ कराई गई। शनिवार को बिजनौर जिले के अभ्यर्थियो की भर्ती प्रक्रिया प्रस्तावित थी। भर्ती प्रक्रिया के दूसरे दिन जिले में शुरू हुई अग्निवीर भर्ती में 13 जिलों के 17 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। शुक्रवार को गौतमबुद्धनगर और शामली के युवा बड़ी संख्या में भर्ती के लिए पहुंचे थे। जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अभ्यर्थियों को भर्ती परिसर में एंट्री दी गई। निर्धारित दौड़ में इससे पहले सेना के अधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दू सिद्धार्थ और अपर जिलाधिकारी वित्त गजेन्द्र पाल सिंह के साथ भर्ती की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। वरिष्ठ अधिका.रियों ने कहा कि अग्निवीर सेना भर्ती युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसके लिए पुलिस-प्रशासन ने कड़े कदम उठाए है। और यहां सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई कदम उठाए गए हैं। मेरठ रोड को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। शामली और सहारनपुर से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है।पुलिस अधीक्षक अपराध इंदु सिद्धार्थ और अपर जिला.धिकारी गजेन्द्र पाल सिंह ने भर्ती स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने रेस ट्रैक, बेरिकेडिंग, प्रवेश व निकास द्वार, पार्किंग, भीड़ नियंत्रण की व्यवस्थाओं की जांच की। यह भर्ती रैली अगले 14 दिनों तक चलेगी। 1044 अभ्यर्थियों ने दौड़ में हिस्सा लिया।

### एग्जाम से भी गुजरे अभ्यर्थी

चेस्ट नंबर देने के लिए ग्रुपों में युवाओं को दौड़ाया गया। इसके बाद दौड़ में पास हुए अभ्यर्थियों की अन्य प्रक्रियाएं पूरी की गई। इस दौरान युवाओं ने सेना में भर्ती होने के लिए खूब पसीना बहाया। आर्मी मेरठ कर्नल एवं भर्ती के नोडल अधिकारी सत्यजीत बाबेल ने बताया कि शनिवार को बिजनौर की चार तहसीलों के 1018 युवाओं ने दौड़ लगाई। इसमें चयन होने के बाद उनकी शारीरिक जांच व अन्य प्रक्रियाएं हुई। चेस्ट नंबर देकर अलग-अलग राउंड में दौड़ लगवाई गई। देर शाम तक दौड़ में पास हुए अभ्यर्थियों ने पुसअप, जिगजैग, नौ फिट गड्डे कूद आदि प्रक्रियाओं में भाग लिया।

## युवक नहीं लौटा, परिजनों ने जताई आशंका

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली में कूकड़ा निवासी अंकित मोहन शर्मा ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसके भाई निखिल मोहन शर्मा की बचन सिंह कॉलोनी निवासी प्रिंस शर्मा के साथ जान पहचान थी। 13 अगस्त को प्रिंस उनके घर आया और उसके भाई को बुलाकर अपने साथ ले गया। इसके बार उनका भाई घर वापस नही आया है। तलाशने पर भी उसका कोई पता नही चला है। पीडित ने अनहोनी की आशंका जताते हुए भाई को बरामद कराने की मांग की। तहरीर देने पर नई मंडी कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने बताया कि युवक की तलाश की जा रही है। उधर परिवार के लोग अपने बेटे को लेकर भयभीत है कि कही उसके साथ कोई संगीन घटना न हो जाए।

## कार्यकर्ताओं ने किया नेता का स्वागत

**मुजफ्फरनगर।** यहां पहुंचे सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव का कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष पुष्पेन्द्र बॉबी, हाजी मूसा, नवाब इम्तियाज, नौशाद अली, ठाकुर सुखपाल सिंह, श्याम लाल बच्ची सैनी, हाजी लियाकत अली, साजिद हसन, सोमपाल सिंह कोरी, आमिर कासिम, शमशेर मलिक, विकिल गोल्डी, सतेन्द्र पाल, सत्यदेव शर्मा, यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष राशीद मलिक आदि लोग मौजूद रहे।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# डीएम और एसपी ने उ.प्र. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 के तहत उद्यमियों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 के तहत उद्यमियों द्वारा कोल्ड चेन आई.क्यू.एफ. यूनिट (व्यक्तिगत त्वरित फ्रीजिंग यूनिट) के प्रस्ताव के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित उद्यमियों की समस्याओं जैसे राजस्व की धारा 80, जमीन से संबंधित व अन्य लंबित समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में उद्यम स्थापना से संबंधित किसी भी प्रकरण को अधिक समय तक लंबित न रखा जाये, उसका निस्तारण त्वरित गति से होना चाहिए। यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा इकाईयों के संबंध में अनापत्ति प्रमाणपत्र समय से न देने या अन्य किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। योजना की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 जो कि आगामी 5 वर्षों तक लागू रहेगी। यह नीति प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे कृषि अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी। नीति का उद्देश्य पूंजीगत सब्सिडी, कर प्रतिपूर्ति, और बुनियादी ढाँचे एवं प्रौद्योगिकी के लिए सहायता प्रदान करके खेत से लेकर कांटे तक की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला को मजबूत करना है। जिसके तहत बड़े स्तर पर रेडी टू ईट उत्पाद बनाने पर एवं कोल्ड चेन यूनिट्स आदि की स्थापना पर इकाई लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम 10 करोड़ रुपए तक अनुदान अनुमन्य है।



उद्यान अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि जनपद में खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित योजना के तहत कोल्ड चेन फैक्ट्री स्थापित करने के लिए अब तक 12 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनके द्वारा लगभग 360 करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि इन खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों में फल, सब्जी जैसे मटर, गाजर व रेडी टू ईट खाद्य पदार्थों को संरक्षित किया जायेगा, जो ऑफ सीजन में मार्केट में उपलब्ध रहेगा। उन्होंने बताया कि जनपद के मटर, गाजर आदि की खेती करने वाले कृषकों को उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा और साथ ही जनपद में सब्जी की फसलों के क्षेत्रफल में वृद्धि भी होगी और किसानों को बेहतर मूल्य मिलने से आय में वृद्धि होगी। इस क्षेत्र के लिए जनपद का विकासखंड बिलासपुर इंडस्ट्रीज का हब बनकर उभर रहा है। बैठक में उद्यमी सलमान मालिक, योजना प्रभारी कु .पूजा एवं उद्यमी ग्रीनवुड फूड्स शाहिद खान, आर जे इंडस्ट्रीज मनोज कुमार, नीलांबर एग्रो यूनिट ऑफ शिव पुरिया इंडस्ट्रीज आशीष चौधरी, एमआर फ्रोजन फूड राउत अली के साथ साथ एफ.के. इंडस्ट्रीज, एजे फ्रोजन फूड्स व एचएसबी फूड्स के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# फिर खुला स्वार का गेस्ट हाऊस सुनी जाएंगी जन समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद की तहसील स्वार में सिंचाई विभाग का गेस्ट हाउस है जो कि बताया जाता है की आजादी से पहले का सटा हुआ है। उसके बाद उसमें प्रशासन के अधिकारी नेता लोग विश्राम करते थे आराम करते हैं किन्ही कारणों से यह 2017 में बंद हो गया।

इस गेस्ट हाउस में बहुत बड़ी-बड़ी घास उग आयी किंतु भाजपा के मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने अपने अथक प्रयासों द्वारा व उनकी टीम के द्वारा इंजीनियर के डायरेक्शन में इस गेस्ट हाऊस की मरम्मत कराकर उसको सही किया गया। शनिवार को उसको रहने के काबिल बना दिया ताकि जो अधिकारी आते हैं उनके रहने ठहरने की व्यवस्था हो सके।



तहसील स्तर में जो नेता लोग आते हैं उनको विश्राम ग्रह आराम के लिए भेजा जा सकता है तथा भाजपा की छोटी-मोटी जनसभा मीटिंग की जा सके इन उद्देश्यों को लेकर गेस्ट हाउस खोला गया। परंतु भाजपा के मंडल अध्यक्ष देवेंद्र का कहना है कि हम यहां पर सप्ताह में दो बार जनता दरबार लगाएंगे जिसमे कुछ प्रशासनिक अधिकारियों को भी बुलाया जा सकता है। मंडल अध्यक्ष का कहना है कि यहां के लोगों को समस्याओं से जूझता ना पड़े इन्ही उद्देश्य से गेस्ट हाउस चालू कराया गया है। जिसमें उपस्थित रहे स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर, महामंत्री अमित सक्सेना, राजेश कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष राजीव वर्मा, प्रफुल्ल गुप्ता, सूरज वाल्मीकि, राकेश कश्यप, इंद्रपाल, सुमित कश्यप, रिंकू सैनी, जसवीर सागर आदि उपस्थित रहे।

## रामपुर में एसीसी सीमेंट का ग्राहक मीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** एसीसी सीमेंट, अदाणी सीमेंट्स के विश्वसनीय ब्रांड द्वारा रामपुर जिले में आईएचबी (ग्राहक) मीट का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिद्दीकी सीमेंट स्टोर के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्राहकों ने भाग लिया।

इस मौके पर ग्राहकों को एसीसी सीमेंट के उत्पादों और एसीसी सर्टिफाइड टेक्नोलॉजी की उन्नत सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

अधिकारियों ने बताया कि सही सीमेंट, सही अनुपात और आधुनिक निर्माण तकनीक के इस्तेमाल से हर व्यक्ति अपने "सपनों का घर" और भी मजबूत और टिकाऊ बना सकता है। ग्राहकों को खासतौर पर इंस्टेंट मिक्स प्रपोर्शनिंग, स्लैब सुपर विजन और मॉड्यूलर क्योरिंग शीट जैसी सेवाओं से अवगत कराया गया। इन तकनीकों से न केवल निर्माण की गुणवत्ता बढ़ती है, बल्कि दरारों और अन्य संरचनात्मक समस्याओं से भी बचाव होता है। कार्यक्रम में एरिया सेल्स मैनेजर श्री पंकज कुमार, वरिष्ठ इंजीनियर अभिषेक शर्मा, जुबैर खघन, सेल्स ऑफिसर नितिन अग्रवाल, मोहम्मद इस्लाम तथा सिद्दीकी सीमेंट स्टोर के डीलर सगीर अहमद मौजूद रहे। सभी ने ग्राहकों को उपयोगी सुझाव दिए और निर्माण के दौरान ध्यान रखने योग्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। ग्राहकों ने इस पहल को सराहते हुए कहा कि इस तरह की जानकारी उनके लिए बेहद उपयोगी है। इससे उन्हें सही निर्णय लेने और गुणवत्तापूर्ण घर बनाने में सीधा लाभ मिलेगा।

# नाबालिग का अपहरण करने वाला पास्को एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली पुलिस द्वारा पास्को एक्ट का एक नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रामपुर भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण मे तथा क्षेत्राधिकारी मिलक के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह द्वारा आज एक नफर वांछित अभियुक्त पुष्पेन्द्र पुत्र जय प्रसाद उर्फ नन्हे निवासी ग्राम पुरैनिया खुर्द थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित मु.अ.सं. 378/25



धारा 137(2)/ 64(1)/351(3) बी.एन.एस. व = पोक्सो एक्ट को मुखबिर की सूचना के आधार पर रोरा कट यात्री शैड के पास से समय करीब 12.20 बजे कारण गिरफ्तारी बताकर नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि वादिनी मुकदमा कु.काजल पुत्री गोपाल निवासी ग्राम पटिया थाना मिलक जनपद रामपुर की तहरीर सूचना बाबत अभियुक्त पुष्पेन्द्र पुत्र नन्हे निवासी ग्राम पुरैनिया खुर्द थाना मिलक जनपद रामपुर (जाति जाटव) द्वारा वादिनी कु. काजल उम्र करीब 17 वर्ष को बहला फुसलाकर जबरदस्ती गाड़ी में खींचकर अपनी गाड़ी पर बैठा लेना तथा गाड़ी भगा लेना और ग्राम पिपला शिवनगर के जंगल में गन्ने के खेत में ले जाकर जबरदस्ती बुरा काम करने के सम्बन्ध में थाना मिलक पर मु.अ.सं. 378/25 धारा 137(2)/ 64(1)/351(3) बी.एन.एस. व 3/4 पोक्सो एक्ट बनाम पुष्पेन्द्र पुत्र नन्हे निवासी ग्राम पुरैनिया खुर्द थाना मिलक जनपद रामपुर के विरुद्ध पंजीकृत किय गया था अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

## एचआईवी संक्रमण व टी.बी. से बचाव के लिए छात्राओं को दी गई जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा/रामपुर।** क्षेत्र में एचआईवी संक्रमण व टी.बी. से बचाव के लिए छात्राओं को दी गई। शनिवार को गांव ढक्का नगलिया में आयोग मंदिर में किशोर किशोरियों सहित महिला और पुरुषों एवं बुजुर्गों को स्वास्थ विभाग की टीम द्वारा एच.आई.बी और टी.बी. जैसी घातक बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई और इससे बचाव के बारे में भी जागरूक किया गया। अर्श काउंसलर रेनू शर्मा , एच.आई.वी. काउंसलर प्रतिज्ञा, एवं सी.एच.ओ. अफनान और साथ आशा भी मौजूद रही। सभी लोगों को जागरूक करते हुए रेनू शर्मा ने बताया कि एच.आई.वी. से बचने के लिए पुरानी इस्तेमाल सुई का उपयोग न करे साथ ही एच.आई.वी.संक्रमित मरीज के खून को किसी भी मरीज को डोनेट न करे साथ ही टीवी से बचने के लिए मास्क पहनें इसके साथ ही डोर टू डोर जाकर जागरूक किया। इसमें सुपरवाइजर नासिर मौजूद रहे।

# शादी से पहले दूल्हे की दहेज मांग ने मचाया बवाल पंचायत के बाद रविवार को आएगी बारात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा/रामपुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रेंका नगला गांव में शनिवार को शादी की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं, जब दूल्हे ने शादी से एक दिन पहले ढाई लाख रुपये और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग रख दी।बारात शनिवार को आनी थी, लेकिन दहेज को लेकर हुए विवाद ने रिश्ता टूटने की कगार पर पहुंचा दिया। हालांकि, गांव के गणमान्य लोगों और रिश्तेदारों की मध्यस्थता से मामला सुलझ गया, और अब बारात रविवार को आएगी।





जानकारी के मुताबिक, रेंका नगला निवासी इस्लाम ने अपनी बेटी का रिश्ता करीब 10 महीने पहले मुरादाबाद के भगतपुर थाना क्षेत्र के गंजोवाली निवासी इब्ने अली पुत्र नबी हसन से तय किया था।

लड़की पक्ष ने लाखों रुपये खर्च कर सभी रस्में पूरी कीं और शादी की तैयारियां जोर-शोर से कीं। लेकिन शादी से ठीक एक दिन पहले दूल्हे पक्ष ने ढाई लाख रुपये नकद और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग रख दी। इस मांग ने लड़की पक्ष को सकते में डाल दिया।

मामले को सुलझाने के लिए पंचायत बुलाई गई, लेकिन बात नहीं बनी और दोनों पक्षों में मारपीट तक हो गई। गुस्साए लड़की पक्ष ने कोतवाली में दूल्हे पक्ष के खिलाफ दहेज मांगने की तहरीर दी। विवाद इतना बढ़ गया कि रिश्ता टूटने और बारात रुकने की नौबत आ गई।

आखिरकार, दोनों गांवों के जिम्मेदार लोगों और रिश्तेदारों ने बीच में पड़कर मामले को शांत किया। समझौते के बाद तय हुआ कि बारात अब रविवार को आएगी। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना दिया है।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** पुलिस ने नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने एक विधवा महिला के घर में घुसकर नाबालिग किशोरी को अकेला पाकर दुष्कर्म किया था। विधवा इस दौरान मायके में थी दादा नमाज पढ़ने गए थे। और छोटी बहन मोहल्ले के बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रही थी इसी दौरान गांव निवासी युवक ने मौका पाकर उसे घर में दबोच लिया था और दुष्कर्म किया था इस मामले की शिकायत स्थानीय



पुलिस से की गई थी पुलिस ने विधवा की तहरीर के आधार पर शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर लिया था दुष्कर्म समेत पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था शनिवार को चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने दलबल के साथ मिल्क नौखरीद पुल के पास से आरोपी युवक शिबू पुत्र अख्तर अली निवासी घोसीपुरा को गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है जहां से जेल भेज दिया गया है।

## नाली की जल निकासी को लेकर पड़ोसी दंपति को पीटा, सिर में रॉड मार कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर के मोहल्ला भूबरा में पानी की जलने काशी को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने घर में घुसकर दंपति को पीट कर घायल कर दिया। उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। इस मामले की नामजद तहरीर पुलिस को सौंपी गई है पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर के मोहल्ला भूबरा में अनिल कुमार पुत्र हरदेव सिंह का मोहल्ले के प्रदीप पुत्र दिलीप सिंह प्रिंस पुत्र दिलीप सिंह विवेक पुत्र दिलीप सिंह से घर की जल निकासी को लेकर विवाद हो गया। विवाद के तहत दोनों पक्षों में गाली गलौज हो गई अनिल कुमार का आरोप है कि उक्त लोगों ने घर में घुसकर उसके साथ और पत्नी के साथ मारपीट की और सिर में रॉड मारकर चोटिल कर दिया। हालत गंभीर होने पर उसे रामपुर के जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पत्नी के कपड़े फाड़ दिए और छेड़खानी की। मारपीट करने के बाद उक्त लोगों ने जल निकासी बंद करने की धमकी दी और कहा कि यदि तूने पानी की जल निकासी बंद नहीं की को जान से मार देंगे इस मामले में स्वार कोतवाली पुलिस को तहरीर सौपकर कार्रवाई की मांग की है। चौकी प्रभारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# अलीगंज में फुंका ट्रांसफर्मर न बदले जाने के विरोध में ग्रामीणों ने किया बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र के गांव अलीगंज में चार दिन पूर्व सौ के बी का ट्रांसफार्मर फूंक जाने से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ट्रांसफार्मर न बदले जाने के विरोध में ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। शनिवार को चौकी क्षेत्र के गांव अलीगंज में फुंका ट्रांसफार्मर न बदले जाने के विरोध में ग्रामीणों का सब्र जवाब दे गया।

उन्होंने बिजली विभाग के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाते हुए विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की आरोप लगाया कि चार



**अलीगंज में ट्रांसफार्मर फूंकने के विरोध में बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण।**

दिन से गांव का ट्रांसफार्मर फुंका पड़ा है जिसकी सूचना बिजली विभाग को दी गई लेकिन बिजली कर्मचारी फुंका ट्रांसफार्मर बदलने को लेकर गंभीर नहीं है जिस गांव की बिजली व्यवस्था चौपट बनी हुई है और गांव में रात के समय अंधेरा छाया रहता है जिस गांव में चोर उचक्कों का भय बना रहता है।

ग्रामीणों ने इस मामले में प्रदर्शन कर नारे बाजी की और शीघ्र ही फुंका ट्रांसफार्मर ना बदले जाने पर विभाग के खिलाफ बिजली उप केंद्र पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

प्रदर्शन करने वालों में मोहम्मद यूसुफ अब्दुल समद हाजी अब्दुल कलाम, अकील अहमद फार्मूद हसन मकसद अली, अहमद जान पप्पू इरशाद, सरफराज आदि लोग शामिल रहे।

## सहायक निदेशक मत्स्य ने नगलिया की साप्ताहिक बाजार का किया औचक निरीक्षण

**रामपुर।** सहायक निदेशक मत्स्य प्रशान्त गंगवार ने पुलिस बल के साथ तहसील सदर, विकास खण्ड चमरौआ के ग्राम नगलिया की साप्ताहिक बाजार में औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय मत्स्य विक्रेता वसीम के द्वारा प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली का विक्रय करते पाया गया। पूछने पर वसीम ने बताया कि यह प्रतिबंधित मछली वह जनपद मुरादाबाद की मछली मण्डी से बेचने हेतु लाया था, जिसका मौके पर टीम द्वारा विनिष्टीकरण कराया गया। थाई मांगुर मछली के मांसाहारी प्रवृत्ति होने के कारण इनके पालने से स्थानीय मत्स्य सम्पदा को क्षति पहुंचने के साथ-साथ जलीय पर्यावरण का असन्तुलन एवं जनस्वास्थ को खतरा होने की सम्भावना बनी रहती है। साथ ही इस प्रजाति की मछली को सड़ा-गला मांस खिलाने से आस-पास का वातावरण भी दूषित होता है।

## समन तामील व गवाहों की हाजिरी में देरी पर हाईकोर्ट नाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि हड़ताल होने पर अदालती कार्यवाही न रुके और ट्रायल की प्रगति रिपोर्ट हर 15 दिन में दी जाए। समन वारंट तामील कराने और गवाहों की हाजिरी सुनिश्चित करने के लिए दंडात्मक उपाय करने में पुलिस की विफलता पर कोर्ट ने चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा कि गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए जुर्माना सहित सख्त कार्रवाई की जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट ने मुनीर की दूसरी जमानत अर्जी खारिज करते हुए दिया।

मुजफ्फरनगर निवासी मुनीर पर थाना चरथावल में दुष्कर्म, पॉक्सो मामले में मुकदमा दर्ज है। फिलहाल वह जेल में है। पहली जमानत अर्जी खारिज होने के बाद उसने अब दूसरी जमानत अर्जी दाखिल की है। कोर्ट ने आरोपी की दूसरी जमानत अर्जी भी खारिज कर दी। कोर्ट ने पाया कि निस्तारण में देरी की मुख्य वजह समन की तामील न होने और गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करने में पुलिस की विफलता है।

इस दौरान कोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट को उचित समय-सीमा के भीतर उच्च न्यायालय के आदेश की प्राप्ति की तारीख से एक वर्ष के भीतर मुकदमे को तय करने का प्रयास करना चाहिए। मुकदमे की कार्यवाही में उपस्थित न होने वाले गवाहों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। भंवर सिंह उर्फ करमवीर बनाम उप्र राज्य और जितेंद्र बनाम उत्तर प्रदेश राज्य में इलाहाबाद हाई कोर्ट के पूर्व निर्णयों का हवाला देते हुए एकल पीठ ने ट्रायल कोर्ट को उपरोक्त आदेशों के अनुपालन का निर्देश भी दिया।

## लूटी बाइक व अन्य सामान बरामद

**मुजफ्फरनगर।** एसटीएफ मेरठ व नई मंडी कोतवाली पुलिस की मुठभेड में घायल सवा लाख के इनामी दौराला निवासी रवि से तीन दिन पहले भी लूटी बाइक व अन्य सामान बरामद हुआ है। रवि को शुक्रवार रात पकड़ा गया। उसने अपने साथियों दौराला निवासी अरविंद व सन्नी के साथ 18 अप्रैल को भोपा रोड पर भूसा व्यापारी प्रवीण से 11 लाख रुपये लूटे थे। उसके दोनों साथी पहले गिरफ्तार किये जा चुके है। वह फरार चल रहा था। उस पर एक लाख का इनाम घोषित था। उसने अपने दोनों साथियों के साथ मिलकर फरवरी माह में दिल्ली में एक व्यक्ति को गोली मारकर साढे चार लाख रुपये लूटे थे।

# जिले में उर्वरक की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध

### 1510.65 मी. टन यूरिया की एक और रैक मिली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जनपद में 7033 मीट्रिक टन यूरिया, 2875 मीट्रिक टन डी०ए०पी० एवं 6316 मीट्रिक टन एन०पी०के० उपलब्ध है और साथ ही 1510.65 मीट्रिक टन यूरिया उर्वरक की एक रैक जनपद को प्राप्त हो गयी है, जिसमें से 35 प्रतिशत सहकारिता में एवं 65 प्रतिशत निजी क्षेत्र में उर्वरक का प्रेषण किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि कृषकों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक एवं कीटनाशी निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराने एवं उर्वरकों के साथ अन्य कम प्रचलित उत्पादों की टैगिंग रोकने हेतु कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा नियमित भ्रमण किया जा रहा है।

इस क्रम में संयुक्त कृषि निदेशक मुरादाबाद जीवन प्रकाश, उप कृषि निदेशक रामकिशन सिंह और जिला कृषि अधिकारी द्वारा शुक्रवार को जनपद की पनबडिया सहकारी समिति, ककरव्वा सहकारी समिति, कोयला सहकारी समिति एवं बिलासपुर के निजी विक्रेता मैसर्स महेश चन्द्र प्रदीप कुमार का निरीक्षण किया गया।

निरिक्षण में इन प्रतिष्ठानों पर उर्वरक का स्टॉक पी०ओ०एस० के अनुसार एकसमान पाया गया और प्रतिष्ठानों पर उर्वरकों की बिक्री पी०ओ०एस० मशीन होती हुयी पायी गयी।

इसके अतिरिक्त जिला कृषि अधिकारी द्वारा जनपद के मैसर्स नेशनल ट्रेडर्स गंगापुर कदीम, राम खाद भंडार गंगापुर कदीम एवं किसान पेस्टीसाइड केमरी का



निरीक्षण करते हुए एक उर्वरक एवं एक कीटनाशी का नमूना ग्रहित किया गया।

ग्रहित नमूने को परीक्षण हेतु राज्य स्तरीय प्रयोगशाला में भेजा गया है।

जिला कृषि अधिकारी ने कृषकों से अनुरोध किया है कि उर्वरकों का क्रय निर्धारित दरों पर ही करें। यदि किसी विक्रेता द्वारा उर्वरक की बिक्री निर्धारित दरों से अधिक पर की जाती है या उर्वरक के साथ अन्य कम प्रचलित उत्पादों की टैगिंग की जाती है तो कृषक भाई अपनी शिकायत कृषि कार्यालय के कण्ट्रोल रूम नंबर 9258909256 एवं 9458846182 पर दर्ज करा सकते हैं। शिकायत का तत्काल संज्ञान लेते हुए दोषी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## गांधी जयन्ती के अवसर पर छात्रों को मिलेगी पूर्वदशम् व दशमोत्तर छात्रवृत्ति

### मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में कक्षा-9-12 तक के छात्रों को प्रथम चरण के अनुसार 02 अक्टूबर 2025 को गांधी जयन्ती के शुभ अवसर पर छात्रवृत्ति वितरण किया जाना है।

इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की अध्यक्षता में पूर्वदशम् व दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत समस्त शिक्षण संस्थाओं, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गयी।

बैठक में सर्वप्रथम कुल 485 शिक्षण संस्थाओं में से 302 शिक्षण संस्थाओं द्वारा छात्रवृत्ति पोर्टल पर प्रोफाइल अपडेट नहीं की गयी तथा जनपद में समस्त वर्गों के लगभग 1500 छात्रों (कक्षा-9-12) द्वारा ऑनलाइन आवेदन किए गए है, जिसके सापेक्ष केवल 11 छात्रों को ही संस्थाओं द्वारा ऑनलाइन अग्रसारित किया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि समस्त शिक्षण संस्थाओं द्वारा तत्काल प्रोफाइल अपडेट कर 30 अगस्त 2025 तक समस्त छात्रों को ऑनलाइन आवेदन की कार्यवाही अग्रिम 02-03 दिवसों में अग्रसारित करना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि यदि कोई पात्र छात्र छात्रवृत्ति से वंचित रहता है, तो सम्बन्धित संस्था पर कार्रवाई अमल में लायी जायेगी।

# हाइवे के अवैध कट बंद कराएं: तंवर

## विद्युत ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जाए

**कलेक्ट्रेट में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सांसद कंवर सिंह तंवर ने सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते कहा कि हाइवे पर अवैध कट शीघ्र बंद कराये जायें। हाइवे किनारे बने नालों में जलभराव की समस्या व सफाई के निस्तारण के निर्देश दिये।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक हुई। जिसमें सांसद कंवर सिंह तंवर ने कहा कि हाइवे पर आये दिन हो रही दुर्घटनाओं में लोगों की जान जा रही है। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जितने भी कट यहां बने है। उन्हें बंद कराया जायें। हाइवे किनारे बने नालों में जलभराव की समस्या दूर हो तथा सफाई की जाये। जिला पूर्ति अधिकारी नियमानुसार राशन का वितरण करायें। उन्होने एआरटीओ को निर्देश दिये कि अवैध रूप से जिन वाहनों का संचालन किया जा रहा है उस पर रोक लगायी जाये। समाज कल्याण, श्रम विभाग द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार कर आम जनता को इसकी जानकारी दें। कृषि उपनिदेशक फसलों के नुकसान का आंकलन कराकर बीमा का क्लेम दिलायें। परिषदीय विद्यालयों में मिड्डेमील की गुणवत्ता दुरस्त होनी चाहिए। स्नाक एमएलसी डा. जयपाल सिंह व्यस्त ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश दिये कि आरडीएसएस योजना के तहत किये जा रहे कार्यो को बिना किसी भेदभाव के पूरा करें। धनौरा विधायक राजीव तरारा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र लोगों को मकान दिये जायें। नौगांवा सादात विधायक समरपाल सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जहां भी आवश्यकता हो वहां ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ायी जाये तथा मंडी में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने सांसद को भरोसा दिया कि उनके निर्देशों का गंभीरता से पालन कराया जायेगा। बैठक में एसपी अमित कुमार आनन्द, डीएफओ विनीता सिंह, एडीएम गरिमा सिंह, ब्लाक प्रमुख हसनपुर ममता गुर्जर, धनौरा आशा चन्द्रा, गजरौला मीनाक्षी चौधरी, चेयरमेन हसनपुर राजपाल सैनी, धनौरा प्रवीण अग्रवाल, परियोजना निदेशक अमरीश कुमार, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।




अमरोहा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय समिति की बैठक लेते सांसद कंवर सिंह तंवर।

# ऑनलाइन भैंस खरीदने का झांसा दे ठगे 43 हजार

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर पैगम्बरपुर से जुड़ा है। इस गांव में चन्द्रपाल सिंह का परिवार रहता है। बुधवार को राजस्थान के जयपुर जिले के जयरामपुरा पटिया निवासी युवक सोनू जाट ने खुद को पशुपालन विभाग में कार्यरत् बताकर किसान के मोबाइल पर सम्पर्क किया। युवक ने अपना आई कार्ड व भैंस की फोटो वाट्सअप पर भेजी। जबकि किसान ने लिंक पर शेयर किया तो 80 हजार रूपये की भैंस 75 हजार रूपये में खरीदने का सौदा तय हो गया। ठग ने 43 हजार रूपये की रकम अपने खाते में डलवा ली तथा भैंस को पिकअप में ले जाने का वीडियो दिखाते शेष रकम डालने का दबाव बनाया। लगातार पैसे मांगने पर किसान को शक हुआ तथा उसने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी है।

# युवक की संदिग्ध हालत में मौत

## शराब पीने का आदि था मृतक, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रजबपुर**। शराब के शौकीन युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के समय पत्नी मायके में थी जबकि मृतक के मुंह से झाग निकल रहे थे।

घटना क्षेत्र के गांव अतरासी कलां की है। यहां पर इरफान अहमद का परिवार रहता है। परिवार में पत्नी सरताज परवीन के अलावा दो बेटे हैं। बताया जा रहा है कि इरफान को शराब पीने की आदत थी। रोजाना नशे की हालत में घर पहुंचने पर उसका पत्नी से झगड़ा होता रहता था। बीती 18 अगस्त को इरफान ने थाने पहुंचकर पत्नी पर मारपीट करने का आरोप लगाया था। हालांकि, पुलिस की जांच में उसके आरोप झूठे निकले थे। ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला था कि पत्नी सरताज परवीन 13 अगस्त से शहर के मोहल्ला अहमदनगर स्थित मायके में गई हुई है। जबकि इरफान घर के भीतर सीढ़ियों से गिरकर घायल हुआ था। वहीं, इरफान के मकान का निर्माण भी चल रहा है। शुक्रवार रात भी इरफान घर में अकेला था। रात करीब दस बजे उसका भाई रिजवान पहुंचा तो इरफान का शव पड़ा मिला। मुंह से झाग निकल रहे थे तथा नाक से खून बह रहा था। थोड़ी ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पत्नी व बच्चे भी अमरोहा से घर पहुंच गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि मृतक को शराब पीने की लत थी। पूरे मामले की गहनता से जांच कराई जा रही है।

# युवती का वीडियो इंस्टाग्राम पर डालने पर हंगामा

## तीन नामजद समेत चार के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। युवक ने युवती का वीडियो इंस्टाग्राम पर लगा लिया। विरोध करने पर बहनों का पीछा कर तरह-तरह की धमकियां दे रहे है। तीनों बहनों ने अस्पताल पहुंचकर हंगामा खड़ा कर दिया। मौके पर पुलिस भी पहुंच गई।

गजरौला थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर निवासी ममता राणा ने नगर के रहरा रोड पर राधा गोविंद अस्पताल पहुंचकर हंगामा काटना शुरु कर दिया। युवती ने बताया कि यहां लैब पर काम करने वाले युवक ने उसकी वीडियो 2 महीने पहले इंस्टाग्राम पर लगा दी थी। जिससे उसकी फैमिली की छवि धूमिल हुई है। उसने इसकी शिकायत महिला हेल्पलाइन नंबर पर भी की थी। आरोपी युवक ने फोन पर बदतमीजी कर गंदी-गंदी गालियां दी है। आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर उसके भाई को मारना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि 20 अगस्त को नगर के एक कालेज से अपनी मार्कशीट लेने के लिए आई थी। उसके बाद उनका पीछा कर उनके साथ बदतमीजी की गई। ममता राणा व उसकी तीन बहनों द्वारा हंगामा कांटे जाने की सूचना मिलते ही डायल 112 व कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने युवतियों को समझाकर शांत कर दिया। ममता राणा ने अज्ञात व तीन को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर दी है



# गौवंश को सड़कों पर न छोड़ें लावारिस: महबूब

## विधायक ने किया टीनशेड का उद्घाटन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। लोकलेखा समिति के सभापति व सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि लावारिश छोड़े गये गौवंश को गौशाला में संरक्षित किया जाये।

ब्लाक के गांव खईया माफी में निर्मित गौशाला में सदर विधायक महबूब अली ने टीन शेड का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि गौवंश को सड़कों पर न छोड़े। उन्हें गौशाला भिजवाया जाये। उन्होंने भरोसा दिया कि गौशाला की पानी निकासी के लिये नाले का निर्माण भी अपनी निधि से करायेंगे। इस दौरान श्री अली ने गायों को चारा भी खिलाया। उन्होंने कहा कि गौवंश को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए हरसंभव प्रयास किये जायेंगे। उनके लिए हरे चारे व पानी की व्यवस्था, बरसात से बचाने के लिए टीनशेड आदि लगवाया गया है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख जुल्फेकार अली, रिजवान, नाजिम, आसिम, राशिद अली, भगवानदास, सतपाल सिंह, राम सिंह, अवर अभियंता अरविंद मित्तल, डा. आशकार मौजूद रहे।

# भतीजे की आईडी हैक कर चाचा से 55 हजार ठगे

## दोस्त की बीमारी का बहाना बनाकर फंसाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। साइबर ठगों ने भतीजे की इंस्टाग्राम आईडी हैक कर चाचा से 55 हजार रूपये ट्रांसफर करा लिया। भतीजे को काल करने पर ठगी का अहसास हुआ।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हरियाना में जैनुल आबेदीन का परिवार रहता है। उनका भतीजा मोहम्मद अजमत सऊदी अरब के दम्माम शहर में नौकरी करता है। शिकायत के मुताबिक साइबर अपराधियों ने मोहम्मद अजमत की इंस्टाग्राम आईडी हैक कर ली। इसके बाद चाचा जैनुल आबेदीन से चेटिंग शुरू कर दी। भतीजा बनकर चेटिंग करते हुए कहा कि वह एयरपोर्ट पर है। उसके करीबी दोस्त की तबियत बहुत ज्यादा खराब है। उसे अभी अस्पताल लेकर जाना है। लिहाजा कुछ पैसे की जरूरत है। जैनुल आबेदीन ने बिना कुछ सोचे समझे साइबर अपराधी द्वारा भेजे गए क्यूआर कोड पर 55 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। पैसे ट्रांसफर करने के बाद उन्होंने भतीजे को कॉल की तब ठगी का शिकार होने का पता चला। भतीजे ने बताया कि उसकी इंस्टाग्राम आईडी हैक कर ली गई है। मामले में जैनुल आबेदीन ने रिपोर्ट दर्ज करने के लिए पुलिस को तहरीर दी है।

# ट्रेन से कटकर किसान की दर्दनाक मौत

## कई घंटे बाद हुई शव की शिनाख्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। ट्रेन की चपेट में आकर किसान की मौत हो गयी। कई घंटे बाद शव की शिनाख्त हुई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र के गांव गंदूपाल में किसान कृष्णपाल सिंह उर्फ पप्पू का परिवार रहता है। उनकी पत्नी की मृत्यु हो चुकी है। परिवार में तीन बेटियां हैं। दो बेटियों की शादी हो चुकी है। घर में छोटी बेटी व कृष्णपाल सिंह रहते थे। शुक्रवार शाम वह किसी काम से गांव चांदनगर गए थे। शाम में करीब साढ़े छह बजे रेलवे लाइन पार करते समय वह दिल्ली की तरफ से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आ गए। इस हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतक की शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने शव को मोर्चरी पर रखवा दिया था। शनिवार सुबह परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे तो शिनाख्त हुई। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया है।

# सड़क हादसे में पति की मौत, पत्नी घायल

## ब्रजघाट से स्नान कर लौटते हुआ हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। अमावस्या पर स्नान कर ब्रजघाट से बाइक द्वारा लौट रहे दम्पति अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। अस्पताल में पति की मौत हो गयी जबकि पत्नी की हालत गंभीर बनी है।



डिडौली कोतवाली क्षेत्र में जिवाई चौकी के पास हादसा शनिवार दोपहर हुआ। मुरादाबाद जिले के डिलारी थाना क्षेत्र के गांव कुआंखेड़ा माफी में 55 वर्षीय किसान छत्रपाल सिंह का परिवार रहता है। वह अपनी पत्नी सुशीला देवी के साथ अमावस्या पर स्नान करने के लिए बाइक से ब्रजघाट गए थे। मुरादाबाद लौटते समय जब छत्रपाल सिंह जिवाई चौकी के सामने से गुजर रहे थे तभी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर घायल हो गए। हालांकि छत्रपाल सिंह ने हेलमेट भी लगा रखा था। सूचना मिलते ही घटनास्थल पहुंची पुलिस ने घायलों को तुरंत चौधरपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने छत्रपाल सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं, अस्पताल में भर्ती पत्नी सुशीला देवी का उपचार चल रहा है। मृतक किसान छत्रपाल सिंह दो भाइयों में दूसरे नंबर के थे। परिवार में पत्नी के अलावा चार बेटे और एक बेटी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर हादसे की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।


# शनि अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** शनि अमावस्या के अवसर पर शनिवार को तिगरी व ब्रजघाट में श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और गंगे मैया से घर परिवार में सुख, स्मृद्धि की कामना की। परंपरानुसार लोगों ने घरों में खीर पूरी बनाकर अमावस्या पूजन की और पितृों को भी भोग लगाया।

**आस्था**

**हर हर गंगे के उद्घोष से गूंजे ब्रजघाट व तिगरी के गंगा तट**



हिन्दु धर्म में शनि अमावस्या का बहुत ही महत्तवपूर्ण स्थान है। इस दिन लोग गंगा में स्नान करके पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। ब्रजघाट में तो बीती रात से ही श्रद्धालुओं ने पहुंचना शुरू कर दिया था। स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ साथ दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान आदि तक से भी श्रद्धालु स्नान के लिये पहुंचे। इस कारण ब्रजघाट में गेस्ट हाउस, होटल व धर्मशाला के कक्ष भरे रहे। श्रद्धालुओं ने आस्था और विश्वास के साथ गंगा स्नान किया और गंगा मैया से अपने खुशहाल जीवन की प्रार्थना की। सुबह व शाम को गंगा मैया की आरती से वातावरण भक्तिपूर्ण हो गई। वहीं ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम तिगरी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। यहां पर भी श्रद्धालु परिवार वालों के साथ गंगा स्नान करने के लिए पहुंचे। यहां पर ग्रामीण आंचलिक क्षेत्र के अनेकों गांवो के लोग स्नान के लिये पहुंचे। **जलस्तर अधिक होने से श्रद्धालुओं ने किनारे पर ही किया स्नान** इस समय बिजनौर बैराज से छोड़े जा रहे पानी के कारण जलस्तर काफी ज्यादा है। श्रद्धालुओं ने किनारे पर खड़े होकर ही अहतियात के साथ ही गंगा स्नान किया। दोनों ही स्थानों पर पुलिस एवं महिला पुलिस की टीमें पर्याप्त मात्रा में मुस्तैद रहीं। रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित ज्योतिष केन्द्र संचालक पंडित दयानंद शर्मा कहते हैं कि शनि अमावस्या के दिन विधि विधान से पूजा करने के कारण कालसर्प दोष, शनि की साढ़े सात ढैया, पितृ दोष, शनि की ढ़ैया आदि विकार दूर होता है। अमावस्या पर स्नान से रोग भी दूर होते हैं और मनोवांछित इच्छाओं की भी प्राप्ति भी होती है। भगवान शनि की कृपा से लोगों के बिगड़े काम भी बन जाते हैं। शनि अमावस्या का हिन्दू धर्म में विशेष महत्तव है।

## एक नजर

### नवागत प्रभारी निरीक्षक का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** आजाद समाज पार्टी के लीगल सेल के जिलाध्यक्ष एडवोकेट योगेंद्र कुमार सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ नवागत प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार को भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। भेंट वार्ता के दौरान गजरौला क्षेत्र की कुछ विशेष समस्याओं को लेकर भी चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने आशान्वित होते हुए कहा कि नवागत प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार के नेतृत्व में गजरौला पुलिस की कानून व्यवस्था और मजबूत होगी और वे अपराध पर अंकुश लगाने का कार्य करेंगे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष लीगल हरिओम एडवोकेट ,शरीफ अख्तर आदि मौजूद रहे।

### पांच दिन बंद रहेगा गदापुर फाटक

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** रेलवे स्टेशन महेशरा व गजरौला के बीच स्थित गदापुर रेलवे फाटक संख्या 42/सी पर पांच दिन तक रेलवे ट्रैक पर मशीनों द्वारा ओवरहॉलिंग का कार्य कराए जाने के कारण फाटक बंद रहेगा और यहां से आवागमन नहीं होगा। सीनियर सेक्शन इंजीनियर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में इस आशय की जानकारी देते हुए बताया गया है कि 24 अगस्त को सुबह आठ बजे कार्य प्रारंभ हो जाएगा और 28 अगस्त को शाम आठ बजे गेट पर कार्य पूरा होगा और तब तक इस फाटक से वाहनों का आवागमन पूर्णतया बंद रखा जाएगा। इस फाटक से निकाला जाने वाला यातायात दूसरे मार्गों से निकाला जाएगा।

### शहजाद को बिजनौर व हापुड़ का प्रभारी बनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। मजलिस इत्तिहादुल मुस्लिमीन का हाजी शहजाद खांन को जनपद हापुड़ व बिजनौर का प्रभारी बनाया गया है। जिम्मेदारी मिलने पर समर्थको एवं कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया। नगर के मोहल्ला कंकर वाला कुआं कनेटा रोड निवासी हाजी शहजाद खान काफी लंबे समय से मजलिस इत्तिहादुल मुस्लिमीन में ईमानदारी के साथ कार्य कर रहे थे। पार्टी हाई कमान द्वारा उनकी लगन व ईमानदारी को देखकर उन्हें जनपद बिजनौर व हापुड़ का प्रभारी बनाया गया है। जैसे ही यह खबर समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं को मिली उन्होंने उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया। इस दौरान हाजी शहजाद खान ने कहा पार्टी हाई कमान द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है वह संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे।

# मंगल दलों को खेल सामग्री वितरित



**त्रशाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। सांसद कंवर सिंह तंवर ने ग्रामीण क्षेत्रो में खेलकूद प्रतिभा को निखारने के लिए उनका मार्गदर्शन किया तथा कहा कि खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट में युवक एवं महिला मंगल दलों को खेल प्रोत्साहन सामग्री का वितरण किया गया। सांसद कंवर सिंह तंवर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाएं बड़े पैमाने पर छिपी हैं। इस दौरान चार मंगल दलों को खेल प्रोत्साहन सामग्री वितरित की गयी। कार्यक्रम में डीएम निधि गुप्ता, विधायक राजीव तरारा, प्रदीप कुमार, गौरव कुमार, अमित कुमार भी मौजूद रहे।

# साइबर ठगी से बचने को जागरुक रहें: एसपी

## फरीदी इंटर कालेज में कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। बढ़ते साइबर अपराध व सड़क हादसों को रोकने के लिए पुलिस ने शनिवार को फरीदी मैमोरियल इंटर कॉलेज में साइबर सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। बतौर मुख्य अतिथि एसपी अमित कुमार आनंद ने साइबर अपराध के नए तरीकों व उनसे बचाव की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि किस तरह फिशिंग, व्हाट्सएप हैकिंग, फ र्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, ऑनलाइन गेमिंग फॉड, बैंकिंग धोखाधड़ी, ओटीपी ठगी व ई-कॉमर्स स्कैम जैसे अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर किसी अनजान व्यक्ति से निजी जानकारी, फोटो या लोकेशन साझा करना नुकसानदायक साबित हो सकता है। साइबर अपराधियों से बचने का सबसे आसान उपाय सतर्क रहना ही है। कहा कि यदि किसी प्रकार की साइबर ठगी, ब्लैकमेलिंग या हैकिंग जैसी घटना होती है।इस दौरान एएसपी अखिलेश भदौरिया, सीओ अवधभान सिंह, प्रभारी निरीक्षक सहित अन्य पुलिसकर्मी व कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।



# पुरानी रंजिश में किसान को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** पुरानी रंजिश में दबंगो ने किसान को पीटकर घायल कर दिया। पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव मसूदपुर निवासी परवीन कुमार की राजवीर सिंह से पुरानी रंजिश चली आ रही है। मंगलवार को परवीन खेत से लौट रहा था कि रास्ते में रोककर राजवीर ने गाली गलौच की। उस समय ग्रामीणों ने माला रफादफा करा दिया परन्तु शाम को राजीव, राजवीर, राजू, सूरजपाल व मोहित लाठी डंडे व चाकू लेकर परवीन के घर पहुंचे तथा मारपीट शुरू कर दी। जिसमें वह घायल हो गया। पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।



# भारत ने एयर राइफल में दो मिश्रित टीम स्वर्ण जीते

**● एलावेनिल, शांभवी और नारायण ने अपने-अपने दूसरे स्वर्ण पदक जीते भारत ने सीनियर और जूनियर 10 मी. एयर राइफल मिश्रित टीम प्रतिस्पर्धाओं में जीत हासिल की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एलावेनिल वलारिवन, शांभवी क्षीरसागर और नारायण प्रणव ने अपने-अपने दूसरे स्वर्ण पदक जीते, भारत ने सीनियर और जूनियर दोनों 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धाओं में जीत हासिल की। इसके साथ ही शिमकेंट, कजाकिस्तान में चल रही 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत का स्वर्ण पदक आंकड़ा 22 हो गया।

एला (316-3) और अर्जुन बाबूता (317-7) ने मिलकर क्वालिफिकेशन में 634-0 स्कोर किया और ओलंपिक इवेंट में 27 टीमों में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि भारत की दूसरी जोड़ी मेहुली घोष (317-7) और रुद्रांक्ष पाटिल (314-9) ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 632-6 अंक बनाए और लीडरबोर्ड पर दूसरा स्थान हासिल किया। हालांकि, टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार, मेहुली और रुद्रांक्ष को पदक मुकाबले से बाहर रहना पड़ा क्योंकि एला और अर्जुन ने चीनी जोड़ी पेंग शिनलू और लू डिंगके (632-3) के साथ स्वर्ण पदक मुकाबले की पात्रता हासिल की थी। भारतीयों ने 16 अंकों की दौड़ में जोरदार शुरुआत की, लेकिन चीनी खिलाड़ी भी तुरंत वापसी करते दिखे और 10वीं सीरीज तक स्कोर बराबर रहा। 11वीं सीरीज जीतकर भारतीयों ने 13-9 की बढ़त बनाई, जिसके बाद चीनी टीम ने टाइम आउट लिया और वापसी करते हुए दो बेहतरीन शॉट्स के साथ स्कोर 13-11 कर दिया। हालांकि, भारतीय खिलाड़ियों ने इसके बाद 10-5 से नीचे कोई स्कोर नहीं किया और अगले दो राउंड जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। एयर राइफल मिश्रित टीम जूनियर स्पर्धा में नारायण प्रणव और शांभवी क्षीरसागर ने क्वालिफिकेशन में 629-5 स्कोर कर तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया। उनके साथी ईशा टकसाले और हिमांशु ने 628-6 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए पदक मुकाबले से चूक गए। फाइनल में भारतीय जोड़ी का सामना एक और चीनी जोड़ी, तांग हुईकी और हान यिनान से हुआ। शुरुआती नौ सीरीज तक मुकाबला 9-9 से बराबरी पर रहा। इसके बाद भारतीयों ने लगातार उच्च स्कोरिंग शॉट्स के साथ छह अंकों की बढ़त बनाई और अंत में 14वीं और अंतिम सीरीज को बराबरी पर समाप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत ने दिन का अंत 22 स्वर्ण, आठ रजत और 10 कांस्य पदकों के साथ किया और कुल 40 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर बना रहा।

## विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप में भारत ने अंडर-18 व अंडर-21 वर्ग टीमों में जीते स्वर्ण पदक



**● भारतीय तीरंदाजी टीमों ने विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप में भारत ने पुरुषों के अंडर-18 और अंडर-21 टीम वर्ग में क्रमशः जर्मनी और अमेरिका की टीम को हराकर स्वर्ण पदक जीते**

**कनाडा, वार्ता।** भारतीय तीरंदाजी टीमों ने विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों के अंडर-18 और अंडर-21 वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते हैं।

विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में शुक्रवार को भारत ने पुरुषों के अंडर-18 और अंडर-21 कंपाउंड टीम वर्ग में क्रमशः जर्मनी और अमेरिका की टीम को हराकर स्वर्ण पदक जीते। कुशल दलाल, अपार मिहिर नितिन और गणेश मणिरत्नम थिरुमुरु की अंडर-21 तिकड़ी ने फाइनल में जर्मनी की टीम के साथ चार सेटों के अंत में स्कोर 233-233 रहने के बाद हुये एक तनावपूर्ण शूट-ऑफ में हराया। इससे पहले, भारत ने क्वार्टर फाइनल में इजरायल को 235-233 से और सेमीफाइनल में कोरिया गणराज्य को 233-228 से हराया था। वहीं अंडर-18 फाइनल में मोहित डागर, योगेश जोशी और देवांश लसह की टीम ने अमेरिका के खिलाफ हाफ टाइम तक नौ अंकों की बढ़त बना ली और मुकाबला 224-222 से जीत लिया। क्वालीफिकेशन से शीर्ष वरीयता प्राप्त होने के कारण टीम सीधे खिताबी मुकाबले में पहुंच गई थी। इस बीच, भारतीय अंडर-18 महिला कंपाउंड टीम कांस्य पदक के मुकाबले में मैक्सिको से 221-210 से हार गई। अंडर-21 टीम क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गई। अगले दो दिनों में भारत व्यकितगत तीरंदाजी स्पर्धाओं में मुकाबला करेगा। अंडर-18 पुरुष कंपाउंड सेमीफाइनल में योगेश जोशी का सामना न्यूजीलैंड के हेक्टर मैकनेली से होगा, जबकि महिला अंडर-18 कंपाउंड सेमीफाइनल में पृथिका प्रदीप और सूर्या हमसिनी मदाला के बीच मुकाबला होगा। महिला अंडर-21 कंपाउंड ड्रॉ में, शीर्ष चार में चिकिथा तनिपर्थी का सामना मेक्सिको की पाउला डियाज मोरिलस से होगा। वहीं, अंडर-18 महिला रिकर्व सेमीफाइनल में शारवरी सोमनाथ शेंडे का सामना दक्षिण कोरिया की किम मिनजियोंग से होगा।

## कोहली-रोहित के फेयरवेल की चिंता न करें: शुक्ला

**● कहाः दोनों क्रिकेटर फिट हैं, वनडे क्रिकेट भी खेल रहे हैं, टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके**



**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, विराट कोहली और रोहित शर्मा पूरी तरह फिट हैं। वे अभी भी वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं और अच्छे प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में उनके फेयरवेल (विदाई मैच) की बात करना जल्दबाजी है।

कोहली और रोहित पहले ही टेस्ट क्रिकेट और टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं। कुछ दिनों पहले मीडिया रिपोर्ट्स में उनके फेयरवेल मैचों को लेकर चर्चा शुरू हो गई थी। डोमेस्टिक टी-20 लीग यूपी टी-20 को शुक्रवार को दिए गए इंटरव्यू में राजीव ने यह बात कही। फेयरवेल की चिंता करना गलत- राजीव राजीव शुक्ला से जब फेयरवेल मैच को लेकर सवाल किया गया, तब वे बोले उन्होंने अभी तक संन्यास लिया है क्या? रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों वन-डे खेल रहे हैं। उन्होंने संन्यास नहीं लिया है, तो आप उनके फेयरवेल को लेकर क्यों बात और चिंता कर रहे हैं? बीसीसीआई की नीति बिल्कुल स्पष्ट है, हम किसी को भी संन्यास लेने के लिए नहीं कहेंगे, उन्हें खुद अपना निर्णय लेना होता है। उन्होंने आगे कहा, फेयरवेल मैच के आयोजन के लिए जब समय आएगा, तब देखेंगे। आप पहले से ही उनका फेयरवेल आयोजित कर रहे हैं। विराट कोहली बहुत फिट हैं, और रोहित शर्मा बहुत अच्छा खेलते हैं। टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके हैं विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट और टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। उन्होंने 2024 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद रिटायरमेंट का ऐलान किया था। इसके बाद 7 मई को रोहित और 12 मई को विराट ने टेस्ट क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया था। आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में साथ खेले आखिरी बार वनडे में विराट और रोहित चैंपियंस ट्रॉफी दुबई में साथ खेले थे, जहां को. हली ने पाकिस्तान के खिलाफ शतक जड़ा और रोहित ने फाइनल में अर्द्धशतक बनाया था। प्च्स् के बाद से दोनों ने कोई भी मैच नहीं खेला है। अगली वनडे सीरीज अक्टूबर में आस्ट्रेलिया में होनी हैं। दिसम्बर में शुरू होने वाली विजय हजारे ट्रॉफी और जनवरी 2026 में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैच में कोहली-रोहित खेलते दिखेंगे। विराट कोहली वनडे में 51 और रोहित शर्मा 32 शतक लगा चुके हैं। दोनों के शतक मिला दिए जाएं तो ये संख्या 83 पहुंच जाती है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### भारत ने सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में बांग्लादेश को हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम ने सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए भूटान के थिम्पू स्थित चांगलिमथांग स्टेडियम में बांग्लादेश को 2-0 से हरा दिया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, ष्बराबरी के मुकाबले के रूप में देखे जा रहे इस मैच में, भारत की अंडर-17 महिला टीम ने संयमित और प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 में अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल की।

#### एशिया कप दल से बाहर हुए बांग्लादेश के मेहदी हसन

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज नुरुल हसन और ऑलराउंडर सैफ हसन की एशिया कप टीम में वापसी हुई है। बांग्लादेश ने यूएई में होने वाले टूर्नामेंट के लिए 16-सदस्यीय दल की घोषणा की, जो 30 अगस्त से नीदरलैंड्स के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में भी हिस्सा लेगा। हालांकि इस दल में ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराजऔर मोहम्मद नईम को जगह नहीं मिली है, जो पिछले महीने पाकिस्तान को 2-1 से हराने वाली बांग्लादेश टीम का हिस्सा थे। मेहदी निजी कारणों से नीदरलैंड्स के खिलाफ सीरीज का हिस्सा नहीं होने वाले थे, लेकिन इसके कारण उन्हें एशिया कप से भी बाहर कर दिया गया। गौरतलब है कि मेहदी बांग्लादेश के वनडे टीम के कप्तान हैं। उन्होंने हाल ही में टी20 टीम में वापसी की थी, लेकिन कोई असर नहीं डाल पाए थे। हालांकि वह चार स्टैंडबाय खिलाध्यिों में शामिल हैं। वहीं नुरुल ने अपना पिछला टी20, 2022 के टी20 विश्व कप के दौरान खेला था, जब उन्होंने पांच पारियों में सिर्फ 41 रन बना पाए थे।

#### भारतीय महिला टीम ने जीती उपविजेता ट्रॉफी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला कुश्ती टीम ने बुल्गारिया के समोकोव में आयोजित 2025 अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में एक बार फिर इतिहास रचते हुए उपविजेता ट्रॉफी जीती और कुल 7 पदक - 2 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य - हासिल किए। स्वर्ण पदक (57 किग्रा): तपस्या ने नॉर्वे की फेलिसिटास डोमजेवा को 5-2 के स्कोर से हराकर भारत का पहला स्वर्ण पदक जीता। स्वर्ण पदक (72 किग्रा): काजल ने चीन की युकी लियू को 8-6 से कड़े मुकाबले में हराकर भारत के लिए दूसरा स्वर्ण पदक जीता। रजत पदक (55 किग्रा): रीना फाइनल में पहुंची, लेकिन अमे. रिका की शीया लेडेकर से 10-2 से हार गईं।

## नॉर्थ जोन गिल का दलीप ट्रॉफी में खेलना मुश्किल

**● ब्लड टेस्ट के बाद बीसीसीआई को रिपोर्ट सौंपी गई, 28 सितम्बर से शुरू होगा टूर्नामेंट**



**नई दिल्ली, वार्ता।** शुभमन गिल 28 सितम्बर से बेंगलुरु में शुरू होने वाली दलीप ट्रॉफी से बाहर हो सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, गिल बीमार हैं। गिल को नार्थ जोन का कप्तान बनाया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में उनका ब्लड टेस्ट हुआ था। इसके बाद फिजियो और मेडिकल टीम ने उनकी रिपोर्ट बीसीसीआई को भेजकर सलाह दी है कि वे दलीप ट्रॉफी में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

फिलहाल, गिल (25) चंडीगढ़ में हैं और घर पर आराम कर रहे हैं। गिल को एशिया कप में भारतीय टीम का उपकप्तान चुना गया है। ऐसे में बोर्ड कोई जोखिम नहीं उठाना चाहेगा। टीम गिल वैसे भी पूरे दलीप ट्रॉफी में नहीं खेल पाते, क्योंकि उन्हें 9 सितम्बर से एशिया कप के लिए नेशनल टीम में शामिल होना था। टीम इंडिया एशिया कप के लिए 4 या 5 सितम्बर को दुबई के लिए रवाना होगी। वहीं, दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से 15 सितम्बर तक चलेगी। ऐसे में वे ज्यादा से ज्यादा एक मैच खेल सकते थे। इंग्लैंड में 4 सेंचुरी लगाई भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल शानदार फार्म में हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 4 शतकों की मदद से 754 रन बनाए थे। गिल ने पिछले साल भी दलीप ट्रॉफी में खेला था और पहले मैच में इंडिया ए टीम की कप्तानी की थी। हालांकि, उनकी कप्तानी में इंडिया ए को अभिमन्यु ईश्वरन की अगुआई वाली इंडिया बी टीम के खिलाफ 76 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। गिल ने रणजी ट्रॉफी के पिछले सीजन में पंजाब की कप्तानी की थी। गिल ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 4 शतकों के सहारे 754 रन बनाए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, नार्थ जोन के सिलेक्टर्स ने गिल के रिप्लेसमेंट के तौर पर शुभम रोहिल्ला को टीम में शामिल कर सकता है। अंकित कुमार को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है।

अब वह दलीप ट्रॉफी में गिल की गैरमौजूदगी में कप्तानी करेंगे। एशिया कप स्क्वाड में शामिल अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा भी पहले मैच के बाद नेशनल टीम से जुड़ सकते हैं। नार्थ जोन का पहला मैच ईस्ट जोन होगा। जो बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर आफ एक्सीलेंस ग्राउंड में 28 से 31 अगस्त तक खेला जाएगा। नार्थ जोन स्क्वाड नार्थ जोनरू शुभमन गिल (कप्तान), शुभम खजूरिया, अंकित कुमार (उपकप्तान), आयुष बदोनी, कन्हैया वधावन (विकेटकीपर), यश धुल, अंकित कलसी, निशांत सिंधु, साहिल लोत्रा, मयंक डागर, यु( वीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, औकिब नबी। दलीप ट्रॉफी दलीप ट्रॉफी का आगाज 28 अगस्त से होने वाला है। इस साल दलीप ट्रॉफी फिर से जोन आधारित फार्मेट में खेली जाएगी। पिछली बार इसे चार टीमों (ए, बी, सी, डी) के बीच खेला गया था। इसके बाद इसे फिर से पुराने फार्मेट में कराने का फैसला लिया गया है। इस बार फिर दलीप ट्रॉफी के साथ भारत के डोमेस्टिक सीजन की शुरुआत हो रही है।

## इस बार यूएस ओपन 15 दिन खेला जाएगा

**● इस साल 70 हजार अतिरिक्त प्रशंसकों के आने की उम्मीद है**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** इस बार रविवार से शुरु हो रहा वर्ष का चौथा और आखिरी ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन 15 दिनों तक खेला जायेगा। टूर्नामेंट आयोजकों ने कहा कि अतिरिकत दिन से न केवल खिलाड़ियों पर कार्यक्रम संबंधी दबाव में कमी आयेगी और बल्कि प्रशंसकों का अनुभव भी बेहतर होगा। पिछले साल 2024 के संस्करण 832,000 से अधिक रिकार्ड दर्शकों को आकर्षित किया था।

इस बार साल 70 हजार अतिरि. कत प्रशंसकों के आने की उम्मीद है। अमेरिकी सनसनी बेन शेल्टन आर्थर ऐश स्टेडियम में एक क्वालीफायर के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। गत चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का मुकाबला रेबेका मासरोवा से होगा, जबकि रात के सत्र में 19 वर्षीय कैलिफोर्नियाई लर्नर टीएन और चार बार के यूएस ओपन विजेता नोवाक जोकोविच के बीच मुक. ाबला देखने को मिलेगा। लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में एम्मा राडुकानू अपने अभियान की शुरुआत एक क्वालीफायर के खिलाफ करेंगी, जबकि चौथी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज का सामना हमवतन अमेरिकी एमिलियो नवा से होगा। बाद में शाम कोउवर्तमान 13वीं वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव का सामना फ्रांस के बेंजामिन बोन्जी से होगा। पहले दिन जेसिका पेगुला, जैस्मीन पाओलिनी और एम्मा नवारो अपने-अपने मुक. ाबलों में स्पर्धा करेंगे। इस आयोजन को और अधिक समावेशी बनाने के लिए इस वर्ष ऑडियो-वर्णित मैच कमेंट्री, दृष्टिबाधित प्रशंसकों के लिए अनुकूल सुविधाएं और बहुभाषी कैप्शनिंग भी शुरू किया।

## अर्जेंटीना टीम केरल में खेलेगी एक अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल फ्रेंडली मैच

**● यह मेसी और अर्जेंटीना पुरुष फुटबॉल टीम की 2011 के बाद भारत में पहली यात्रा होगी**

**● कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में वेनेजुएनेला के खिलाफ फ्रेंडली मैच खेला था**

**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना टीम नवंबर में भारत आएगी और केरल में एक अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल फ्रेंडली मैच खेलेगी। भारत में अर्जेंटीना की विश्व चैपियन टीम किस टीम के साथ मैच खेलेगी इसकी अभी घोषणा नहीं हुई है।

यह मेसी और अर्जेंटीना पुरुष फुटबॉल टीम की 2011 के बाद भारत में पहली यात्रा होगी। उस समय उन्होंने कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में वेनेजुएला के खिलाफ फेंडली मैच खेला था। उस मैच में निक. ोलस ओटामेंडी ने गोल किया और अर्जेंटीना ने 1-0 से जीत दर्ज की थी। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी और ला अल्बिसेलेस्ते के इस साल होने वाले फेंडली मैचों का शुरुआती प्रोग्राम जारी किया। नवंबर के मैच तीन मुकाबलों का हिस्सा होंगे, जो फीफा इंटरनेशनल लवडो के दौरान खेले जाएंगे।

बाकी दो मैच लुआंडा अंगोला में होंगे। एएफए ने बयान में कहा कि लियोनेल स्कालोनी के नेतृत्व वाली अर्जेंटीना टीम के पास 2025 में दो फीफा फेंडली लवडो होंगी।

पहली अक्टूबर में (दस से 14 तारीख तक) अमेरिका में होगी, जहां प्रतिद्वंदी और शहर तय किए जाएंगे। दूसरी 10 से 18 नवंबर तक होगी, जिसमें लुआंडा (अंगोला) और केरल (भारत) में मैच खेले जाएंगे, प्रतिद्वंदी बाद में तय होंगे। फ्रेंडली मैच के लिए केरल में सटीक जगह और शहर का ऐलान भी बाद में किया जाएगा।

कोच्चि का जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम राज्य का सबसे बड़ा फुटबॉल मैदान है। मेसी दिसंबर में भारत के व्यकितगत दौरे पर भी आएंगे। यह प्रमोशनल इवेंट 'गोट टूर ऑफ इंडिया 2025' नाम से होगा, जिसमें कोलकाता, अहमदाबाद, मुंबई और नई दिल्ली शामिल रहेंगे। 38 साल के मेसी बीजिंग 2008 ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।

उन्होंने 2022 में अर्जेंटीना को फीफा विश्व कप जिताया और पिछले साल दूसरी बार कोपा अमेरिका भी जीता।

**● विमेंस वर्ल्डकप से पहले टीम इंडिया का कैंप विशाखापट्टनम में**

## 25 अगस्त से शुरू होगा महिला विश्व कप

**● साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया से इसी मैदान पर होगा भारत से मैच**

साउथ अफ्रीका और आस्ट्रेलिया से यहीं मैच होगा

**विशाखापट्टनम, वार्ता।** भारतीय विमेंस टीम की वनडे वर्ल्ड कप तैयारियों के लिए विशाखापट्टनम में ट्रेनिंग कैंप लगाया जाएगा। भारत इसी मैदान में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लीग मैच भी खेलेगा।



एक रिपोर्ट के मुताबिक कैंप 25 अगस्त से शुरू होगा और खिलाड़ियों को एक दिन पहले रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है। 15 सदस्यीय वर्ल्ड कप टीम के अलावा इस कैंप में 6 स्टैंडबाय खिलाड़ी भी शामिल होंगे। इनमें सायली सातघारे भी हैं, जिन्हें आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे टीम में चुना गया है, लेकिन वर्ल्ड कप में उनकी जगह आलराउंडर अमनजोत कौर वापसी करेंगी। इस कैंप इंडिया-ए टीम को भी शामिल किया जा सकता हैं। टीम इस समय ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ अनआफिशियल टेस्ट खेल रही है। इंडिया-ए टीम न्यूजीलैंड से बेंगलुरु के सेंटर आफ एक्सीलेंस में अपना पहला वार्म-अप मैच खेलेगी। वहीं श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका को-होस्ट शहर कोलंबो में रहेंगे और वहीं अपने वार्म-अप मैच खेलेंगे। राधा यादव 24 अगस्त को जुड़ेंगी आलराउंडर राधा यादव 24 अगस्त को मैच खत्म होने के बाद भारतीय टीम से जुड़ेंगी। वे फिलहाल ब्रिसबेन में रेड-बाल मैच में इंडिया-ए टीम की कप्तानी कर रही हैं। राधा यादव इंडिया-ए की आस्ट्रेलिया दौरे में कप्तानी कर रही हैं। विशाखापट्टनम में भारत के 2 लीग मैच कैंप का स्थान भी स्ट्रैटजी के तहत चुना गया हैं। भारत अपने दो लीग मैच, 9 अक्टूबर को अफ्रीका और 12 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापट्टनम स्टेडियम में खेलेगा। भारतीय महिला टीम ने आखिरी बार 2014 में यहां वनडे खेला था। उस समय से अब तक वर्ल्ड कप टीम में हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और स्नेह राणा ही शामिल हैं। विशाखापट्टनम के अलावा गुवाहाटी, इंदौर और नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम भी इस आठ टीमों वाले टूर्नामेंट की मेजबानी करेंगे।

## राष्ट्रपति ट्रम्प की कठोर नीति का दिखने लगा कुप्रभाव

# अमेरिका में घटी अप्रवासी आबादी



■ विशेषज्ञ बोले: अर्थव्यवस्था को होगा नुकसान, गिरावट का असर श्रम बाजार पर भी पड़ रहा है

■ अमेरिका में जनवरी 2025 से लेकर जून 2025 के बीच अप्रवासियों की संख्या में करीब 15 लाख की कमी दर्ज की गई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का अप्रवासियों के खिलाफ सख्त रुख रहा है। इसके चलते ट्रम्प प्रशासन में बड़े पैमाने पर अवैध अप्रवा. सियों को निर्वासित किया गया और सीमा पर सख्ती की गई।

अब उनकी कठोर नीतियों का असर दिखना भी शुरू हो गया है। दरअसल अमे. रिका में रहने वाले अप्रवासियों की संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई है। प्यू रिसर्च सेंटर के एक ताजा अध्ययन के अनुसार, अमेरिका में जनवरी 2025 से लेकर जून 2025 के बीच अप्रवासियों की संख्या में करीब 15 लाख की कमी दर्ज की गई है। प्यू रिसर्च सेंटर के अनुसार अमेरिका में आप्रवासियों की कुल संख्या इस साल की शुरुआत में 5.33 करोड़ थी, जो अब घटकर लगभग 5.19 करोड़ रह गई है। प्यू रिसर्च सेंटर की यह रिपोर्ट हाल ही में जारी की गई। प्यू रिसर्च सेंटर के वरिष्ठ जनसांख्यिकीविद् जेफरी पासेल ने मीडिया को बताया कि हम जिस डेटा पर गौर कर रहे हैं, वह एक नाटकीय बदलाव दर्शाता है। इस गिरावट का असर श्रम बाजार पर भी पड़ रहा है। प्यू रिसर्च सेंटर के अनुसार, आप्रवासियों की संख्या में कमी के कारण कार्यबल ने 750000 से ज्यादा कर्मचारियों को खो दिया है। रिपोर्ट में पासेल के हवाले से बताया गया कि श्अमेरिका में कामकाजी उम्र के लोगों की आबादी नहीं बढ़ रही है। इसका मतलब है कि कार्यबल में वृद्धि का एकमात्र तरीका नए प्रवासियों का आना है। अगर कार्यबल नहीं बढ़ता है, तो अर्थव्यवस्था के लिए मुश्किलें खड़ी होंगी। पासेल ने कहा कि आप्रवासी आबादी में भारी गिरावट अभूतपूर्व है। दिलचस्प बात ये है कि अमे. रिका में अवैध अप्रवासियों की संख्या में भी गिरावट आनी शुरू हो गई है। साल 2023 में यह आंकड़ा 1.4 करोड़ था। अमे. रिका में अप्रवासियों की संख्या में गिरावट आई है, लेकिन अभी भी दुनिया में सबसे ज्यादा अप्रवासी आबादी अमेरिका की ही है। अमेरिका की कुल आबादी में अप्रवा. सियों की जनसंख्या का प्रतिशत 15.8 प्रतिशत था, जो अब घटकर 15.4 प्रतिशत रह गया है। टेक्सास और कैलिफोर्निया में सबसे ज्यादा अप्रवासी आबादी रहती है।

## भारत संग बिगड़ते रिश्ते पर एक और पूर्व अमेरिकी अधिकारी की ट्रम्प को लताड़

■ किसी कूटनीतिक प्रयास के बिना अल्टीमेटम देना कोई महानता नहीं है: जॉन केरी

**वाशिंगटन।** भारत पर 50 फीसदी लगाने और बिगड़ते रिश्ते पर एक और पूर्व अमेरिकी अधिकारी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लताड़ लगाई है। ओबामा प्रशासन में विदेश मंत्री रहे जान केरी ने कहा कि किसी कूटनीतिक प्रयास के बिना अल्टीमेटम देना कोई महानता नहीं है।

भारत और अमेरिका के संबंधों में तनाव बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। केरी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प और पीएम मोदी के बीच टकराव सही नहीं है। हम इससे चिंतित हैं। बड़े राष्ट्र हमेशा लोगों को अल्टीमेटम देकर महानता प्रदर्शित नहीं करते हैं। बल्कि कूटनीतिक प्रयासों के जरिये काम करते हैं। ताकि आम सहमति बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि ओबामा शासन के दौरान बातचीत सहयोग और सम्मान के साथ होती थी। लेकिन अब कुछ ज्यादा ही आदेश, दबाव और धक्का-मुक्की हो रही है। केरी ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि भारत और अमेरिका मिलकर व्यापार विवाद सुलझा लेंगे। भारत ने स्पष्ट रूप से बेहतर पेशकश की है। पीएम मोदी और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल हमारे मित्र हैं।



झारखंड। रांची में भारी बारिश के बाद पानी से भरे गैराज में खड़ी एक बस।

## जेलेंस्की के ऑफिस पर मिसाइल हमले को बेताब थे रूसी अधिकारी

बेलारूस। बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने दावा किया है कि रूस के कुछ अधिकारियों ने यूक्रेन की राजधानी कीव में राष्ट्रपति जेलेंस्की के आफिस पर ओरेशनिक मिसाइल से हमले का प्रस्ताव रखा था। हालांकि, राष्ट्रपति पुतिन ने इसे खारिज कर दिया। लुकाशेंको ने कहा: यह एक सीक्रेट जानकारी है। रूस में कुछ लोगों ने यह विचार रखा था। मैं यह नहीं बताऊंगा कि वे कौन थे। पुतिन ने इस प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया। अधिकारी हमला करने को तैयार थे। अगर 'ओरेशनिक' मिसाइल से हमला होता, तो कुछ भी नहीं बचता। इससे पहले, लुकाशेंको ने ऐलान किया था कि बेलारूस 2025 के अंत तक 'ओरेशनिक' मिसाइल सिस्टम तैनात करने की योजना बना रहा है। बता दें कि 'ओरेशनिक' एक मिडिल रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसकी मैक्सिमम रेंज 5500 किलोमीटर है। यह मिसाइल 10 मैक की स्पीड (12,400 किलोमीटर प्रति घंटा) से उड़ती है और 900 किलोग्राम तक का परमाणु हथियार ले जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान व पाक से 1693 अफगान शरणार्थी परिवार स्वदेश लौटे

**काबुल।** अफगानिस्तान के 1693 शरणार्थी परिवार हाल ही में पड़ोसी देश पाकिस्तान और ईरान से स्वदेश लौट आए हैं। शरणार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए गठित उच्चायोग ने शनिवार को बताया कि इन शरणार्थियों में 6202 लोग शामिल हैं। ये शरणार्थी पश्चिमी हेरात प्रांत में इस्लाम कला सीमा पार, पूर्वी नंगरहार प्रांत में तोरखम सीमा पार, दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा पार और पश्चिमी निमरोज प्रांत में अबरीशाम सीमा पार करके अफगानिस्तान पहुंचे।

### न्यूयार्क में टूरिस्ट बस पलटी, पांच की मौत

**अल्बानी।** न्यूयार्क में शुक्रवार को नायग्रा फाल्स से न्यूयार्क सिटी जा रही एक टूरिस्ट बस पलट गई, जिससे 5 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। न्यूयार्क स्टेट पुलिस के मेजर आंद्रे रे ने मीडिया को बताया कि बस के ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया जिससे बस पलट गई। यह हादसा स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12:30 बजे हुआ। बस में 54 यात्री सवार थे। ज्यादातर यात्रियों ने सीट बेल्ट नहीं लगाई थी, जिससे हादसे के समय खिड़कियां टूटने से कई यात्री बस से बाहर गिर गए।

### जेलेंस्की और नाटो महासचिव मार्क रुटे के बीच वार्ता

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रुटे से यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी के विषय में उनकी बात हुई है। ज़ेलेंस्की ने कहा कि शुक्रवार को हुई बातचीत का उनका उद्देश्य उत्तरी अटलांटिक संधि के अनुच्छेद 5 के समान कोई सुरक्षा गारंटी प्राप्त करना है।

### अफगान में नदी में गिरा ट्रैक्टर, 12 लोगों की मौत

**काबुल।** दक्षिणी अफ़ग़ानिस्तान के हेलमंद प्रांत में शुक्रवार को एक ट्रैक्टर के नदी में गिर जाने से 12 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। प्रांतीय सूचना एवं संस्कृति निदेशक हाफिज़ अब्दुल बारी राशिद ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह भीषण दुर्घटना गरमसिर जिले में हुई, जिसमें तीन महिलाओं और नौ बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई और चार अन्य घायल भी बच्चे हैं। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाकर्मी समय पर घटनास्थल पर पहुंच गए और 14 अन्य लोगों को बचा लिया गया।

## ट्रम्प ने पुतिन को फिर से वार्ता के लिए 'कुछ हफ्ते' का समय दिया

■ यूक्रेन शांति वार्ता शुरू होने का कोई संकेत नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को अपने यूक्रेनी समकक्ष वोलोदिमीर जेलेंस्की से मिलने के लिए 'कुछ हफ्ते' का समय और देंगे, जिससे रूस के खिलाफ संभावित नतीजों तक पहुँचने के लिए उनकी समय सीमा और बढ योजगी।

उल्लेखनीय है कि रूसी शीर्ष नेता से दोनों देशों के बीच संघर्ष समाप्त करने की उम्मीद से जेलेंस्की से मिलने और युद्ध समाप्त करने का आग्रह किया था। सीएनएन ने ट्रम्प से पूछा था कि यदि पुतिन मुलाकात के लिए तैयार नहीं हुए तो आप क्या करेंगे। इस पर ट्रम्प ने जवाब दिया कि मैं देखूंगा कि इसमें किसकी गलती है। अगर कोई वजह हैं तो मैं उसे समझूंगा। हम देखेंगे कि उनकी मुलाक़ात होती है या नहीं और अगर नहीं होती है तो उन्होंने मुलाक़ात क्यों नहीं की। मैंने उन्हें मुलाक़ात करने के लिए कहा था लेकिन मुझे दो हफ्ते में पता चल जाएगा कि मेरी कोशिश कहां तक पहुंची है। उल्लेखनीय है कि अमे. रिकी राष्ट्रपति का बयान रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव द्वारा शुक्रवार को दिए गए बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों नेताओं के बीच बैठक की कोई योजना नहीं है। ट्रम्प ने पिछले सप्ताह अलास्का में पुतिन से मुलाकात की थी और इस सप्ताह व्हाइट हाउस में जेलेंस्की और अन्य यूरोपीय नेताओं से मुलाकात की थी। इसके बाद शांति वार्ता जोर पकड़ती नजर आ रही थी लेकिन अब इस पहल में फिर से गतिरोध नजर आने लगा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पुतिन को यूक्रेनी समकक्ष से मिलने के लिए दो सप्ताह का समय दिया था जिसे ट्रम्प कई बार दोहरा चुके हैं।

## मैक्सिको ने ड्रग कार्टेल में अमेरिका हस्तक्षेप को फिर से किया खारिज


**मेक्सिको।** मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने एक बार फिर देश के ड्रग कार्टेल पर कार्रवाई करने में किसी भी अमे. रिकी सैन्य हस्तक्षेप को खारिज किया है। सुशीनबाम ने एक कार मैक्सिको की संप्रभुता को दोहराया। ड्रग कार्टेल एक आपराधिक संगठन है जो अलग-अलग ड्रग माफियाओं से मिलकर बनता है, जो लाभ बढ़ाने और अवैध ड्रग व्यापार पर अपना प्रभुत्व जमाने के लिए आपस में गठजोड़ करते हैं। ये कार्टेल अवैध ड्रग्स की आपूर्ति और कीमतों को नियंत्रित करने का लक्ष्य रखते हैं मेक्सिको सिटी में राष्ट्रपति ने कहा कि मैक्सिको स्वतंत्र और संप्रभु है। किसी भी विदेशी सरकार को वह अपनी स्वायत्तता का उल्लंघन नहीं करने देगा। उनकी यह टिप्पणी अमेरिकी ड्रग प्रवर्तन प्रशासन प्रमुख टेरी कोल की उस टिप्पणी के जवाब में आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी एजेंसी मैक्सिकन ड्रग कार्टेल पर हमला करने के अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसले का समर्थन करेगी।

## SCO के इतिहास का सबसे बड़ा शिखर सम्मेलन होगा: चीन

### भारतीय पीएम मोदी समेत 20 विश्व नेता और 10 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के अधिकारी भी होंगे शामिल

**बीजिंग।** चीन ने कहा कि इस महीने के अंत में होने वाला शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का शिखर सम्मेलन संगठन के इतिहास का सबसे बड़ा आयोजन होगा। इस बैठक में 20 देशों के नेता भाग लेंगे, जिनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हैं। यह शिखर सम्मेलन 31 अगस्त से एक सितम्बर के बीच चीन के तियानजिन शहर में होगा। पांचवीं बार इस दस सदर्स्ईय समूह की मेजबानी चीन करेगा।

सहायक विदेश मंत्री लियू बिन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह एससीओ के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा सम्मेलन होगा। लियू ने कहा कि इस सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के अलावा प्रधानमंत्री मोदी व कई अन्य वैश्विक नेता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबावो सुबिआंतो, मलयेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह जैसे प्रमुख नेता भी शामिल होंगे। उपमहाद्वीप से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, नेपाल के प्रधानमंत्री केपी



■ पाक पीएम शहबाज शरीफ, नेपाल पीएम केपी शर्मा ओली और मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू भी भाग लेंगे

शर्मा ओली और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे। लियू ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और एससीओ महासचिव नुरलान यरमेकबायेव सहित 10 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के अधिकारी भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे। इस वजह से यह आयोजन एससीओ के इतिहास का सबसे बड़ा बन जाएगा। इस साल चीन एससीओ की अध्यक्षताकर रहा है। एससीओ के 10 सदस्य देश रूस, भारत, ईरान, कजाखस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस और चीन हैं। इस विस्तारित एससीओ प्लस सम्मेलन को चीन के वैश्विक प्रभाव को दिखाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। ज्यादातर नेता इस दो दिवसीय सम्मेलन के बाद भी कुछ समय रुकेंगे, ताकि तीन सितम्बर को बीजिंग में होने वाली चीन की सबसे बड़ी सैन्य परेड को देख सकें। यह परेड जापानी आक्रमण और फासीवाद विरोधी युद्ध में जीत की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित होगी। चीन इस परेड में चौथी पीढ़ी के टैंक और लड़ाकू विमान, ड्रोन आधारित खुफिया और सुरक्षा उपकरण और आधुनिक मिसाइलों का प्रदर्शन करेगा, जिनमें हाइपरसोनिक मिसाइलें भी शामिल हैं। यह जानकारी चीन के सरकारी मीडिया ने दी है। लियू ने बताया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग एससीओ के सदस्य देशों के प्रमुखों की परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसके साथ ही वह एससीओ प्लस बैठक का भी संचालन करेंगे और मुख्य भाषण देंगे। शी जिनपिंग सम्मेलन में आए नेताओं के लिए स्वागत भोज और द्विपक्षीय बैठकें भी आयोजित करेंगे।

## बांग्लादेश में मीडिया पर कसा गया शिकंजा

### शेख हसीना के बयानों को प्रसारित न करने की चेतावनी

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने मीडिया संस्थानों को अवामी लीग की नेता व अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के किसी भी बयान का प्रसारण या प्रकाशन न करने की चेतावनी दी है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के प्रेस विंग ने कहा, हम हसीना की बातों और बयानों को फैलाने वाले और भविष्य में ऐसा करने की मंशा रखने वाले मीडिया को चेता रहे हैं कि हम उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा, टेलीविजन चौनलों, समाचार और ऑनलाइन पोर्टलों पर हसीना के ऑडियो चलाना आतंकवाद विरोधी कानून 2009 का उल्लंघन है। इसमें हसीना को एक दोषी अपराधी व सामूहिक



■ उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

हत्याओं और मानवता के खिलाफ अपराधों का भगोड़ा आरोपी बताया गया है। हसीना को को पांच अगस्त 2024 को सड़क आंदोलनों के बाद सत्ता से हटाया गया था। वे इस समय अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में कई केस का सामना कर रही हैं, हालांकि अभी सजा नहीं हुई है। गौरतलब है कि बीते साल जुलाई 2024 में हुए जनविद्रोह के बाद शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। इस जनविद्रोह में बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया था। अंतत: 5 अगस्त 2024 को हसीना सरकार गिर गई और वह भारत चली गई। इसके बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार ने देश में लोकतांत्रिक माहौल बहाल करने का वादा किया था। पिछले कई महीनों से बांग्लादेश में राजनीतिक दल नए सिरे से आम चुनाव कराने की मांग कर रहे थे। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने घोषणा की थी कि देश में फरवरी 2026 में आम चुनाव होंगे। यह घोषणा 5 अगस्त को शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के सत्ता से बेदखल होने की पहली वर्षगांठ के अवसर पर की गई थी।

## श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति विक्रमसिंघे को रिमांड पर भेजा गया

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को एक स्थानीय अदालत ने 26 अगस्त तक रिमांड पर भेज दिया है। विक्रमसिंघे को सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप में आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने गिरफ्तार किया था। श्रीलंका की स्थानीय मीडिया के अनुसार शुक्रवार रात कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट कोर्ट ने यह फैसला तब लिया जब सीआईडी की ओर से देश के अटॉर्नी जनरल विभाग के एक प्रतिनिधि ने अदालत को बताया कि विक्रमसिंघे के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति अधिनियम के तहत सबूत पेश किए जाएंगे। प्रतिनिधि ने अदालत से अनुरोध किया कि जांच पूरी न होने के कारण संदिग्ध को रिमांड पर लिया जाए।

## मस्क-ट्रम्प को लड़वाने वाले सर्जियो भारत में अमेरिकी राजदूत बने

**ट्रम्प के चौकरीदार कहे जाते हैं गोर, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले: मुझे उन पर पूरा भरोसा, ट्रम्प ने 7 महीने बाद चुना भारत का राजदूत**

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति ट्रम्प ने सर्जियो गोर को भारत में अमे. रिका का अगला राजदूत नियुक्त किया है। उन्हें शुक्रवार को दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए विशेष दूत की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

सर्जियो गोर को मस्क और ट्रम्प के बीच लड़ाई शुरू कराने वाला माना जाता है। मस्क ने नाराज होकर गोर को 'सांप' तक कह दिया था। सर्जियो लंबे समय से ट्रम्प परिवार के भरोसमंद रहे हैं। पहले उनका काम ट्रम्प से जुड़े कार्यक्रमों को देखना था। वे यह भी देखते रहे हैं कि ट्रम्प से कौन मिल सकता है और कौन नहीं। इसलिए अमेरिकी मीडिया उन्हें ट्रम्प का 'गेटकीपर' भी कहती है। यानी कि ऐसा शख्स जो ट्रम्प तक पहुंचने के रास्ते पर पहरेदार की तरह खड़ा है। गोर को नई जिम्मेदारी मिलने को लेकर राष्ट्रपति ट्रम्प ने खुशी जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा-कि गोर ने एरिक गार्सेटी की जगह ली है। वे मई 2023 से जनवरी 2025 तक भारत में अमेरिका के राजदूत रहे। ट्रम्प ने भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में सर्जियो गोर को करीब 7 महीने की देरी के बाद नियुक्त किया है। जबकि ट्रम्प ने चीन समेत कई देशों में दिसंबर, 2024 में ही राजदूत नियुक्त कर दिया था। माना जा रहा है कि गोर भारत में अमेरिका फर्स्ट एजेंडे को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। गोर ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ट्रम्प के लिए फंड जुटाने में भी बड़ी भूमिका निभाई। वे ट्रम्प के खास माने जाते हैं उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के कटर समर्थक हैं। गोर व्हाइट हाउस में नियुक्तियों की जांच-परख में भी शामिल रहे हैं। उन्हें ट्रम्प की टीम में पर्दे के पीछे सबसे ताकतवर शख्सियतों में से एक माना जाता है। गोर को ऐसे समय में भारत में अमेरिका का राजदूत बनाया जा रहा है जब टैरिफ को लेकर अमेरिका से उसका विवाद चल रहा है।

## चंद्रबाबू नायडू भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री

■ 30 मौजूदा सीएम की कुल संपत्ति में 57 प्रतिशत सिर्फ नायडू के पास

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। उनके पास 931 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति है।

देश के मौजूदा 30 मुख्यमंत्रियों के पास कुल 1632 करोड़ रुपये की संपत्ति है। इसका करीब 57 प्रतिशत हिस्सा चंद्रबाबू के पास है। उनके पास 810 करोड़ रुपये की चल संपत्ति (कैश डिपॉजिट, जेवर आदि) और 121 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति (मकान, जमीन आदि) है। चंद्रबाबू पर 10 करोड़ रुपये का कर्ज भी है। वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पास सबसे कम संपत्ति है। उनके पास सिर्फ 15.38 लाख रुपये की चल संपत्ति है। ममता के पास किसी प्रकार की अचल संपत्ति नहीं है। चुनाव सुधार के लिए काम करने वाले एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) की एक रिपोर्ट से इस बात की जानकारी मिली है। 27 राज्य और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के सभी मौजूदा 30 मुख्यमंत्रियों के हलफनामों का एनालिसिस करके यह रिपोर्ट तैयार की है।

## भारत-चीन के बीच लिपुलेख दर्रे से रुपये-युआन में व्यापार होगा

■ पहले सामान के बदले सामान का लेन-देने होता था यहां मनी एक्सचेंज भी खुलेगा

**नई दिल्ली।** भारत और चीन ने उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से फिर व्यापार शुरू करने पर सहमति जताई है। यह फैसला चीनी विदेश मंत्री वांग ई की भारत यात्रा के दौरान हुआ।

लिपुलेख के साथ शिपकी ला और नाथु ला दर्रों से भी कारोबार बहाल करने का फैसला लिया गया है। हिमालय के तीन दर्रों से शुरू होने जा रहा भारत-चीन व्यापार पहली बार पूरी तरह सड़क के जरिए होगा। सबसे अहम यह है कि व्यापार अब भारतीय रुपये और चीनी युआन में होगा। अब तक यह 'वस्तु विनिमय' आधारित था। तिब्बत से व्यापारी नमक, बोराक्स, पशु उत्पाद, जड़ी-बूटियां और स्थानीय सामान बेचने आते हैं, जबकि भारतीय व्यापारी बकरी, भेड़, अनाज, मसाले, गुड़, मिश्री, गेहूं वहां ले जाते हैं। हालांकि, नेपाल ने इस समझौते पर आपत्ति जताई। उसका कहना है कि लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी उसके क्षेत्र का हिस्सा हैं। उसने भारत और चीन से इस इलाके में कोई एक्टिविटी न करने की अपील की है। ब्रिटिश काल में भी लिपुलेख दर्रा व्यापार और तीर्थयात्रा का प्रमुख केंद्र था। 1991 में भारत और चीन ने इसे औपचारिक व्यापारिक मार्ग बनाया था। भारत-चीन के बीच साल 2005 में 12 करोड़ रुपये का आयात और 39 लाख रुपये का निर्यात हुआ था। साल 2018 में 5.59 करोड़ रुपये का आयात और 96.5 लाख रुपये का निर्यात हुआ था। सदियों से तिब्बत के साथ हमारा व्यापार वस्तु विनिमय पर होता आया है। हम लंबे समय से स्थानीय मुद्रा में व्यापार की मांग कर रहे थे।

## अमेरिका ने फिर बढ़ाई टिकटॉक पर प्रतिबंध की समय सीमा

■ टिकटॉक को सितम्बर के मध्य तक नया अमेरिकी मालिक ढूंढना है

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह टिकटॉक को उसके चीनी मालिक बाइटडांस से अलग करने की समयसीमा को चौथी बार बढ़ाने के लिए तैयार हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो टिकटॉक को अमेरिका में प्रतिबंध का सामना करना पड़ेगा।

एक संघीय कानून के तहत लोकप्रिय शॉर्ट-फॉर्म वीडियो एप को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के लिए अपने मालिकाना हक में बदलाव करना होगा। इसके लिए टिकटॉक को सितम्बर के मध्य तक नया अमेरिकी मालिक ढूंढना है। इससे पहले प्रतिबंध की समयसीमा जनवरी, फिर अप्रैल और बाद में जून में बढ़ाई गई थी। अब इसे एक बार और बढ़ाया गया है। ट्रम्प का कहना है कि टिकटॉक को खरीदने के लिए कई बड़े अमेरिकी खरीदार तैयार हैं, लेकिन यह सौदा अगले महीने तक पूरा नहीं हो पाएगा, क्योंकि इसमें चीन की मंजूरी भी जरूरी है। कांग्रेस पहले ही टिकटॉक पर प्रतिबंध की मंजूरी दे चुकी है, जब तक कि इसकी मूल कंपनी बाइटडांस अपनी नियंत्रक हिस्सेदारी नहीं बेच देती।



# पिता के खिलाफ जाकर एक्ट्रेस बनी थी वाणी कपूर

**मुंबई।** दिल्ली में पली-बढ़ी वाणी कपूर आज बॉलीवुड की एक मशहूर एक्ट्रेस हैं। फिल्मों में आने से पहले उन्होंने होटल में काम किया था। उनके परिवार का फिल्म इंडस्ट्री से कोई संबंध नहीं था और उनके पिता फिल्मों में आने के खिलाफ थे। हालांकि, उनकी मां ने सपोर्ट किया और फिर वह मुंबई आ गईं। वाणी ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की और इसके बाद सीधे यशराज फिल्म्स की फिल्म साइन कर ली। उन्हें पहली ही फिल्म से पहचान तो मिली, लेकिन 2016 में रिलीज हुई बेफिक्रे में रणवीर सिंह के साथ उनके 23 किसिंग सीन ने उन्हें चर्चा में ला दिया। वाणी ने इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) से टूरिज्म में ग्रेजुएशन करने के बाद जयपुर के ओबेराय होटल में इंटर्नशिप की। इसके बाद वह ITC के होटल में काम करने लगीं और यही से उन्होंने फिल्मों में काम करने का मन बना लिया। दरअसल, होटल में एक बार किसी फिल्म की शूटिंग हो रही थी, जिसे देखकर वाणी को फिल्मी दुनिया काफी अच्छी लगी और उन्होंने अपना आगे का करियर उसी में बनाने के बारे में सोच लिया। जब एक्ट्रेस ने अपने इस फैसले के बारे में परिवार को बताया तो वो काफी गुस्सा हो गए थे। वे बिल्कुल नहीं चाहते थे कि वाणी माडलिंग करें या फिल्मों में आएं। वाणी के पिता का हमेशा से यही मानना था कि लड़कियों की जल्दी शादी कर देनी चाहिए। उनकी बड़ी बहन की तो 18 साल की उम्र में ही शादी कर दी गई थी, लेकिन वाणी ने पूरा मन बना लिया था कि वह अपना करियर फिल्मों में ही बनाएंगी। ऐसे में उन्होंने पिता के खिलाफ जाकर माडलिंग की शुरुआत की और नौकरी भी छोड़ दी। इस फैसले में भले ही उनके पिता ने समर्थन नहीं दिया, लेकिन उनकी मां ने उनका पूरा साथ दिया। वाणी ने अपना मॉडलिंग करियर एलीट माडल मैनेजमेंट से शुरू किया था। इस दौरान उन्होंने कई जानी-मानी हस्तियों के साथ रैंप वाक किया। इसके साथ ही वाणी लगातार फिल्मों में काम पाने की कोशिश करती रहीं, लेकिन सफलता नहीं मिल पा रही थी। 2009 में वाणी ने टीवी पर डेब्यू किया। वह सोनी टेलीविजन की सीरीज स्पेशल 10 में बतौर लीड एक्ट्रेस नजर आईं। हालांकि, साल 2013 में फिल्म शुद्ध देसी रोमांस से वाणी ने बॉलीवुड में डेब्यू किया। यह फिल्म यशराज बैनर के तहत बनी थी। फिल्म में वाणी की एक्टिंग की काफी तारीफ हुई और इसी किरदार के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवार्ड फार बेस्ट फीमेल डेब्यू से नवाजा गया।

# फराह खान का नाम सुनकर नर्वस हो गई थीं हरनाज संधु



**मुंबई।** मिस यूनिवर्स हरनाज़ संधू का कहना है कि जब उन्हें बताया गया कि फराह खान उनका गाना कोरियोग्राफ करेंगी, तो वह शॉक और नर्वस हो गई थी। मिस यूनिवर्स हरनाज़ संधू फिल्म बागी 4 से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। फिल्म बागी का दूसरा गाना बहली सोनी रिलीज़ हो चुका है। इस गाने को बादशाह ने गाया है और कोरियोग्राफ फराह खान ने किया है। हरनाज़ का लुक भी इस गाने में जबरदस्त चर्चा बटोर रहा है। हरनाज़ ने कहा, जब मुझे बताया गया कि फराह खान मैम मेरा गाना कोरियोग्राफ करेंगी, तो मैं शॉक और नर्वस दोनों हो गई थी। वह एक संस्था हैं, जिनसे इंडस्ट्री के आइकॉनिक पल जुड़े हैं, लेकिन जैसे ही रिहर्सल शुरू हुई, मेरी टेंशन गायब हो गई। फराह मैम का स्टाइल ही अलग है,वो स्ट्रिक्ट भी हैं और इंस्पायरिग भी। वो आपको आपके बेस्ट तक ले जाती हैं बिना दबाव महसूस कराए। हरनाज ने कहा कि यह सिर्फ डांस स्टेप्स की बात नहीं थी, उन्होंने मुझे कॉन्फिडेंट बनाया और फ्रेम को अपना बनाने का हौसला दिया। ए पूरा एक्सपीरियंस, साजिद नाडियाडवाला सर के विज़न और हर्षा सर की गाइडेंस के साथ, मेरी लाइफ का खज़ाना रहेगा। साजिद नाडियाडवाला की नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही फिल्म बाग़ी 4 का निर्देशन ए-हर्षा ने किया है। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ, हरनाज़ संधू और संजय दत्त नज़र आएंगे। यह फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# फिल्म धड़क 2 को लेकर गर्व महसूस करते हैं करण

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर फिल्म धड़क 2 को लेकर गर्व महसूस करते हैं। करण जौहर निर्मित फिल्म धड़क 2 इस साल प्रदर्शित हुई है। धड़क 2 में सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका है। करण जौहर फिल्म धड़क 2 को लेकर गर्व महसूस करते हैं। करण जौहर इंस्टाग्राम पर अपनी पोस्ट में लिखा, मुझे फिल्म धड़क 2 पर बहुत गर्व है। राइटर, डायरेक्टर शाजिया इकबाल पर गर्व है। जिन्होंने एक पावरफुल फिल्म का रीमेक बनाने जैसा बहादुरी भरा काम किया। मैं धर्मा मूवीज, उमेश जी का भी थैंकफुल हूं। फिल्म की स्टार कास्ट, क्रू का भी मैं बहुत ग्रेटफुल हूं। सिद्धांत चतुर्वेदी, तृप्ति डिमरी ने बहुत ही मुश्किल किरदार निभाए। यह पूरी स्टार मेरे दिल के बहुत करीब है। उन्होंने फिल्म धड़क 2 से जुड़े हर शख्स को अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में धन्यवाद किया है। करण जौहर ने लिखा, 'जब मैं 2003 में फिल्म कल हो ना हो के साथ प्रोड्यूसर बना, तो मेरा एजेंडा साफ था कंपनी बनाओ और पैसा कमाओ। जिससे हम इन हाउस एंटरटेनर्स और मेनस्ट्रीम ऑडियंस के हिसाब से कहानियों को फंड कर सकें। एक फिल्म प्रोड्यूसर के तौर पर मैं क्लीयर था कि हमेशा लोगों को खुश करना है। इससे ही बॉक्स ऑफिस की सफलता मिलेगी। मेरी प्राथमिकता हमेशा से बॉक्स ऑफिस था। अब मैं इस बिजनेस में तीन दशक से हूं, ऐसे में मेरी सोच भी बदली है। मेरा मानना है कि एंटरटेनमेंट जरूरी है लेकिन अपने छोटे-छोटे तरीकों से सोशल चेंज लाने की कोशिश भी जरूरी है। जिससे दर्शकों की सामूहिक चेतना जागे।

# सुष्मिता ने शीना की दमदार शुरुआत की तारीफ की

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने संत तुकाराम में शीना चौहान की दमदार शुरुआत की तारीफ़ की है। सुष्मिता सेन, जिन्होंने अपने करियर के शुरुआती दिनों में शीना चौहान को मेंटर किया था, ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर उनकी पहली हिन्दी फिल्म संत तुकाराम के लिए उनकी तारीफ़ की। एक भावुक पोस्ट में, सुष्मिता ने शीना के काम की सराहना की और लिखा, शीना एक शानदार अदाकारा और एक असाधारण इंसान हैं, मुझे आप पर बहुत गर्व है। सुष्मिता सेन ने लिखा, आपकी हमेशा कृतज्ञता और शालीनता दिखाने की क्षमता मुझे आपकी मेंटर होने का सौभाग्य पाकर बहुत गर्वित करती है। हमेशा अपने सफ़र को मेरे साथ साझा करने के लिए धन्यवाद, मैंने भले ही कोई प्रतिक्रिया न दी हो, लेकिन मैंने यह सब बड़े गर्व और खुशी के साथ देखा है। मुझे पता है कि आप लगातार आगे बढ़ती रहेंगी। हर सफलता ईमानदारी से अर्जित और पूरी तरह से हक़दार है। ट्रेलर बहुत पसंद आया, आपको और देखना चाहती थी। मैंने अपना गर्व साझा किया है। मैं आपसे प्यार करती हूं। इस संदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए, शीना ने कहा कि मुझे याद है जब मैं पहली बार मुंबई आई थी और सुष्मिता सेन से मिली थी। एक सौंदर्य प्रतियोगिता में भाग लेते हुए मैंने उनसे प्रशिक्षण लिया और एक महीने से ज़्यादा समय तक उनके साथ रही।

# यूजर की सर्जरी की सलाह पर मौनी राय का करारा जवाब



**मुंबई।** एक्ट्रेस मौनी राय को अक्सर अपने लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता है। लेकिन शुक्रवार को उन्होंने अपनी शक्ल-सूरत पर किए गए एक कमेंट का यूजर को करारा जवाब दिया और कहा कि जिंदगी में नफरत की जगह प्यार बांटे। दरअसल, मौनी राय ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिसे कुछ लोगों ने पसंद किया तो कुछ ने एक्ट्रेस को फिर से ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, सच कड़वा होता है। चाहे आप कोई भी हों, उसे निगलना ही पड़ता है। आपकी सर्जरी ने आपको बहुत खराब स्थिति में ला दिया है। आप एक पब्लिक फिगर हैं, इसलिए जो भी अच्छा-बुरा इसके साथ आता है, उसे स्वीकार करना ही पड़ेगा। आपको कोई बेहतर सर्जन चुनना चाहिए था। मौनी ने भी उस यूजर्स के कमेंट का करारा जवाब देते हुए लिखा, अपनी जिंदगी में कुछ अच्छा और काम का कीजिए। सोशल मीडिया पर प्यार बांटने और अपने काम की बात करने के लिए आइए। वरना इसका कोई फायदा नहीं है। जिसे समझना है, वो खुद समझ जाएगा। वहीं, एक्ट्रेस के जवाब के बाद यूजर ने अपना कमेंट डिलीट कर दिया। हालांकि, तब तक उस कमेंट और मौनी के जवाब का एक स्क्रीनशाट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिस पर रिएक्ट करते हुए फैंस मौनी की तारीफ कर रहे हैं। मौनी राय हाल ही में जियो हाटस्टार के शो सलाकार में नजर आई हैं। इसमें उन्होंने पाकिस्तान में काम करने वाली एक भारतीय जासूस का किरदार निभाया है।

# सान्या मल्होत्रा का मेंस राइट्स ग्रुप को करारा जवाब



**मुंबई।** एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा हाल में फिल्म मिसेज में नजर आई थीं। इस फिल्म में एक घरेलू महिला की कहानी दिखाई गई थी, जो अपने अधिकारों के लिए लड़ती है। मिसेज के रिलीज के बाद इसे लेकर लोग दो ग्रुप में बंटे दिखे थे।

जहां महिलाएं इस फिल्म को पसंद कर रही थीं, वहां कई पुरुष संगठनों ने इसकी आलोचना की थी। मेंस राइट्स आर्गेनाइजेशन सेव इंडियन फैमिली फाउंडेशन ने फिल्म पर एक तरफा फेमिनिन नैरेटिव दिखाने का आरोप लगाता हुए, इसे टाक्सिक बताया था। हाल ही में सान्या ने इस मुद्दे पर अपनी राय रखी है।

सीएनएन-न्यूज 18 शी शक्ति 2025 के एक सेशन के दौरान सान्या ने कहा कि लोग फिल्म की आलोचना करते रहे, क्योंकि इसमें कुछ घरों में महिलाओं की स्थिति की वास्तविकता को दिखाया गया है, जहां उन्हें काम करने की भी अनुमति नहीं है। सान्या की फिल्म मिसेज मलयालम फिल्म द ग्रेट इंडियन किचेन की रीमेक थी। सान्या ने कहा, समस्या यह नहीं है कि खाना नहीं बनना चाहती है। वो खाना बना रही थी। वो तो थाली में सजा के भी दे रही है, परिवार के जीरो एप्रिसिएशन के बावजूद।

## काजोल की वेबसीरीज द ट्रायल: प्यार, कानून, धोखा सीज़न 2 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल की आने वाली वेब सीरीज़ द ट्रायल: प्यार, क़ानून, धोखा सीजन 2 का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है।

शो में नोयोनिका सेनगुप्ता के रूप में काजोल की वापसी पहले से भी ज्यादा दमदार, गहन और भावनाओं से भरी नज़र आ रही है। उमेश बिष्ट के निर्देशन और बनिजय एशिया के निर्माण में बना यह शो 19 सितम्बर 2025 से जियोहॉटस्टार पर विशेष तौर पर स्ट्रीम होगा। काजोल के साथ इस सीरीज़ में कलाकारों की एक मज़बूत टीम भी नज़र आने वाली है जिसमें जिशु सेन गुप्ता, सोनाली कुलकर्णी, शीबा चड्ढा, अली खान, कुब्रा सैत, गौरव पांडे और करणवीर शर्मा शामिल हैं। काजोल ने अपने किरदार नोयोनिका सेनगुप्ता की वापसी को लेकर कहा, ट्रेलर तो उस भावनात्मक तूफ़ान की बस एक झलक है, जिसमें नोयोनिका उतरने वाली है।

## उफ, ये लव है मुश्किल के आने वाले एपिसोड्स बेहद रोचक होंगे : आशी सिंह

**मुंबई।** अभिनेती आशी सिंह का कहना है कि सोनी सब के शो उफ यह लव है मुश्किल के आने वाले एपिसोड्स बेहद रोचक होंगे। सोनी सब का लोकप्रिय शो उफ ये लव है मुश्किल अपने उतार-चढ़ाव भरे जज्बाती सफ़र, ड्रामा और युग (शब्बीर आहलूवालिया) एवं कैरी के पेचीदा रिश्ते से लगातार दर्शकों का दिल जीत रहा है। हाल के एपिसोड्स में दर्शकों ने देखा कि कैरी ने भाइयों का झगड़ा सुलझाया, जिसके बाद सभी ने हर साल की तरह युग के साथ राखी का त्योहार मनाया। आने वाले एपिसोड्स में दर्शक देखेंगे कि युग और कैरी, आन्या की मां शालिनी को शौर्य और आन्या की शादी के लिए राज़ी करने की कोशिश करते हैं।

बिकाऊ है।
एक औद्योगिक भूखण्ड क्षेत्र 50850 वर्ग मीटर मय बाऊड्री औद्योगिक क्षेत्र ग्राम गगनोली तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।
शीघ्र सम्पर्क करें-
9837333111, 9917200010

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्म टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108